# मृदा विज्ञान परिभाषा कोश

कंप्यूटरीकृत डाटाबेस

# definitional dictionary of soil science

Computerised Database

Digital India
Power To Empower

सत्यमेव जयते

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग
मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग), भारत सरकार

# मृदा विज्ञान परिभाषा कोश
# Definitional Dictionary of Soil Science

कंप्यूटरीकृत डाटाबेस
Computerised Database

वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग
मानव संसाधन विकास मंत्रालय, शिक्षा विभाग
भारत सरकार
COMMISSION FOR SCIENTIFIC AND TECHNICAL TERMINOLOGY
MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT
(DEPARTMENT OF EDUCATION)
GOVERNMENT OF INDIA

1997

© भारत सरकार, 1997
© Government of India, 1997

प्रथम ई-संस्करण, 2019

मूल्य : (देश में) रु०
(विदेश में) पौंड/डालर

प्रकाशक :

वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग
पश्चिमी खंड-7, रामकृष्णपुरम्,
नई दिल्ली - 110066

बिक्री का पता :

बिक्री अनुभाग
वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग
पश्चिमी खंड - 7, रामकृष्णपुरम्
नई दिल्ली - 110066
दूरभाष : 6105211/73

# अध्यक्ष की कलम से

वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग, उच्चतर शिक्षा विभाग, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार, 1961 में अपनी स्थापना समय से ही, उसे सौंपे गए कार्य-भार अनुसार भारतीय भाषाओं में शिक्षा माध्यम परिवर्तन हेतु विभिन्न विषयों में भारतीय भाषाओं की मानक शब्दावली तथा विश्वविद्यालय स्तरीय विभिन्न विषयक पुस्तकों का निर्माण एवं प्रकाशन करता आ रहा है । इस दीर्घ अवधि में आयोग ने विभिन्न आवश्यक विषयों से संबंधित अंग्रेजी-हिंदी तथा अन्य भारतीय भाषा शब्दावलियों का निर्माण एवं प्रकाशन किया है । इक्कीसवीं सदी के सूचना प्रौद्योगिकी के इस दौर में शिक्षा एवं ज्ञानार्जन के साधन को सद्यः उपलब्धता में क्रांतिकारी परिवर्तन आया है । ई-गवर्नेंस, ई-व्यवसाय एवं डिजिटल इंडिया जैसे क्रिया-कलाप दैनंदिन जीवन के अंग हो गए हैं। ऐसे में आयोग ने भी इन अधुनातन साधनों का उपयोग करने का निश्चय किया । इस क्रम में आयोग द्वारा निर्मित सभी शब्दावलियों, परिभाषा-कोशों का ई-संस्करण आपको सहज रूप से उपलब्ध कराने के **उद्देश्य** से ई-बुक निर्माण योजना पर कार्य प्रारंभ किया गया है । इसी **उद्देश्य** की पूर्ति हेतु **'मृदा विज्ञान परिभाषा कोश'** का ई-बुक का संस्करण प्रकाशित किया जा रहा है ।

मुझे इस परिभाषा कोश का ई-संस्करण आप सबको सुलभ कराते हुए अत्यंत हर्ष हो रहा है । इसी भांति आयोग द्वारा अन्य विषयों के भी हिंदी तथा अन्य भारतीय भाषाओं की शब्दावली, परिभाषा-कोशों का ई-संस्करण प्रकाशित करने के कार्य भी प्रगति पर है । आयोग को सौंपे गए महत्वपूर्ण दायित्व में से एक दायित्व, निर्मित शब्दवलियाँ प्रयोक्ताओं तक पहुँचाने का रहा है । इलेक्ट्रोनिक माध्यम से आयोग अपने प्रकाशनों के प्रचार-प्रसार में अधिक प्रभावशाली होगा । मुझे आशा है आयोग द्वारा किए जा रहे इस प्रयास से निर्मित शब्दावलियाँ जन-जन तक पहुंचेगी साथ ही सभी जिज्ञासु इस ई-संस्करण का अधिक से अधिक लाभ उठा सकेंगे।

अ० कुमा,

प्रो. अवनीश कुमार
अध्यक्ष

# मृदा विज्ञान परिभाषा कोश ई-शब्द संग्रह निर्माण से संबद्ध आयोग के अधिकारी

**प्रधान संपादक**

प्रो. अवनीश कुमार

अध्यक्ष

**संपादक**

डॉ. अशोक एन. सेलवटकर

(सहायक निदेशक)

श्री शिव कुमार चौधरी

(सहायक निदेशक)

श्री जय सिंह रावत

(सहायक वैज्ञानिक अधिकारी)

श्रीमती चक्प्रम बिनोदिनी देवी

(सहायक वैज्ञानिक अधिकारी)

सुश्री मर्सी ललरोहलू हमार

(सहायक वैज्ञानिक अधिकारी)

# विषय - सूची

पृष्ठ संख्या


| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रस्तावना | v |
| 2. | वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग के अंशकालिक सदस्य | vii |
| 3. | परिभाषा कोश के निर्माण से सम्बद्ध विशेषज्ञ तथा अधिकारी | viii |
| 4. | संपादन एवं समन्वय | xi |
| 5. | संपादकीय | xii |
| 6. | मृदा विज्ञान परिभाषाएँ | 1–149 |

# प्रस्तावना

ज्ञान–विज्ञान के विभिन्न विषयों में हिंदी पर्यायों का निर्धारण कर चुकने के बाद यह आवश्यक समझा गया कि आधारभूत तकनीकी शब्दों की संकल्पनाओं को सुस्पष्ट और स्थिर करने की दृष्टि से परिभाषा कोशों का निर्माण किया जाए । वस्तुतः शब्दावली को सुस्थिर आधार परिभाषाएँ ही प्रदान करती हैं । एक सीमा तक परिभाषाएँ तकनीकी शब्दों के प्रयोग की क्षमताओं को भी उजागर करती हैं । आयोग अब तक विज्ञान और सामाजिक विज्ञान विषयों के 48 परिभाषा कोश प्रकाशित कर चुका है ।

आयोग तथा उनके द्वारा अनुपालन किए जा रहे उद्देश्यों के प्रसंग पर कुछ प्रकाश डालना उचित होगा । भारत के राष्ट्रपति के आदेश द्वारा सन् 1961 में आयोग की स्थापना की गई थी जिसकी वैधानिक अपेक्षा थी कि विज्ञान और मानविकी की आधारभूत तथा अनुप्रयुक्त विभिन्न प्रशाखाओं में हिंदी तथा अन्य भारतीय भाषाओं में शब्दावली निर्माण तथा उससे संबद्ध सिद्धांतों के निर्धारण और समन्वय में उत्तरदायित्वपूर्ण केंद्रीय भूमिका का निर्वाह करे ।

तकनीकी शब्दों के निर्माण तथा मानकीकरण के लिए आयोग द्वारा निर्धारित सिद्धांत निम्नलिखित मानदंडों पर संकेंद्रित हैं :-

अंतर्राष्ट्रीय शब्दों को यथासंभव अंग्रेजी या अन्य विदेशी भाषा में उपयोग में आने वाले प्रचलित उच्चारण के अनुसार ग्रहण कर लेना चाहिए तथा गणित और विज्ञान की शाखाओं में संख्यांक, प्रतीक चिह्न और सूत्र इत्यादि में प्रयुक्त अक्षर रोमन या ग्रीक वर्णमाला के होने चाहिए । संक्षिप्त मानक रूप देवनागरी लिपि में लिखे जा सकते हैं । तथापि ज्यामितीय आकृतियों में भारतीय लिप्याक्षरों का प्रयोग किया जा सकता है । संकल्पनाओं को व्यक्त करने वाले शब्दों का अनुवाद हो सकता है । यथासंभव हिंदी के अथवा अन्य भारतीय भाषाओं के पर्यायों के चयन को स्वीकार कर लेना चाहिए तथा संस्कृत धातुओं को वरीयता देनी चाहिए । प्रचलित शब्द विदेशी भाषाओं के ही क्यों न हों, उन्हें ग्रहण कर लेना चाहिए । हिंदी तथा अन्य भारतीय भाषाओं द्वारा गृहीत अंतर्राष्ट्रीय शब्दों का व्याकरण की दृष्टि से पुल्लिंग में प्रयोग होना चाहिए । अनादर सूचक अथवा अश्लील शब्दों और जटिल अनुवाद को सर्वथा ग्रहण न किया जाए ।

मृदा विज्ञान कृषि विज्ञान की एक मुख्य शाखा है क्योंकि मृदा नहीं तो कृषि नहीं । मृदा पौधों के उगाने का माध्यम है । मृदा पौधों को खनिज तत्व, पानी तथा आधार प्रदान करती है । पूरे वनस्पति जगत का आधार मृदा ही है । मृदा सभी स्थानों पर एक समान नहीं होती । इसकी रचना और संरचना बदलती रहती है । कृषि में मृदा का उपयोग उसकी बनावट पर निर्भर करता है । रेतीली मिट्टी की जलधारणा क्षमता एवं उत्पादन शक्ति कम होती है जबकि चिकनी मिट्टी की जलधारण क्षमता एवं उत्पादन शक्ति अधिक होती है । मृदा के गुण, उनका वर्गीकरण, सिंचाई की आवश्यकता आदि का ज्ञान कृषि के बहुमुखी विकास के लिए अति आवश्यक है । इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए आयोग ने मृदा विज्ञान विषय पर एक परिभाषा कोश निर्माण का कार्य अपने हाथ में लिया । यह परिभाषा कोश इसी प्रयास का फल है ।

प्रस्तुत परिभाषा कोश को तैयार करने में आयोग ने देश के विभिन्न क्षेत्रों एवं विश्वविद्यालयों के विषय विशेषज्ञों तथा भाषा शास्त्रियों का सहयोग प्राप्त किया, जिसके लिए हम उनके हृदय से आभारी हैं । हमें पूर्ण आशा हैं कि यह परिभाषा कोश मृदा विज्ञान के स्नातक, स्नातकोत्तर स्तर के विद्यार्थियों, प्राध्यापकों एवं इस विषय में रूची रखने वाले लेखकों की आवश्यकताओं को भली-भांति पूर्ति करेगा ।

**प्रो॰ प्रेमस्वरूप सकलानी**
अध्यक्ष
वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग
मानव संसाधन विकास मंत्रालय
भारत सरकार

# वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग के अंशकालिक सदस्य

**सदस्य**

1. डा॰ अनूप चोपड़ा
   प्रोफसर, ई.एन.टी.
   लोकनायक जयप्रकाश नारायण अस्पताल,
   नई दिल्ली

2. प्रो॰ कीर्ति सिंह
   सदस्य
   कृषि वैज्ञानिक चयन बोर्ड, पूसा,
   नई दिल्ली

3. प्रो॰ वी॰डी॰ नौटियाल
   सिविल इंजीनियरी विभाग,
   बनारस हिंदू विश्वविद्यालय,
   वाराणसी

4. श्री डी॰बी॰ डिमरी
   महानिदेशक, भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण,
   कलकत्ता

5. प्रो॰ प्रेम सिंह
   भाषा विज्ञान विभाग,
   दिल्ली विश्वविद्यालय,
   दिल्ली

6. प्रो॰ लक्ष्मण सिंह कोठारी
   पूर्व अध्यक्ष, भौतिकी विभाग
   दिल्ली विश्वविद्यालय,
   दिल्ली

# मृदा विज्ञान परिभाषा कोश के निर्माण से संबद्ध विशेषज्ञ तथा अधिकारी

1. डॉ॰ आर॰ के॰ सक्सेना, वरिष्ठ वैज्ञानिक, राष्ट्रीय मृदा सर्वेक्षण एवं भूमि उपयोग नियोजन ब्यूरो, नागपुर ।
2. डॉ॰ आर॰ सी॰ शर्मा, प्रोफेसर एवं अध्यक्ष सस्य एवं मृदा विज्ञान केंद्रीय आलू अनुसंधान संस्थान, शिमला ।
3. डॉ॰ ए॰ के॰ माझी, वरिष्ठ वैज्ञानिक, राष्ट्रीय मृदा सर्वेक्षण एवं भूमि उपयोग नियोजन ब्यूरो, नागपुर ।
4. डॉ॰ ओ॰ वी॰ ठाकरे, भूतपूर्व प्राध्यापक, रसायन विज्ञान, ए–272, लक्ष्मीनगर, नागपुर – 440022 ।
5. डॉ॰ एस॰ टी॰ गायकवाड़, निदेशक, राष्ट्रीय मृदा सर्वेक्षण एवं भूमि उपयोग नियोजन ब्यूरो, नागपुर ।
6. डॉ॰ एस॰ पी॰ श्रीवास्तव, वरिष्ठ वैज्ञानिक, अखिल भारतीय मृदा सर्वेक्षण एवं भूमि उपयोग, नागपुर ।
7. श्री एन॰ एस॰ चौहान, भूतपूर्व स॰शि॰ अधिकारी, वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग, नई दिल्ली ।
8. डॉ॰ एस॰ सी॰ यादव, प्रिंसिपल सांइटिष्ट, राष्ट्रीय मृदा सर्वेक्षण एवं भूमि उपयोग नियोजन ब्यूरो, नागपुर ।
9. डॉ॰ एस॰एस॰ लाल, प्रधान वैज्ञानिक (सस्य विज्ञान) सी॰पी॰आर॰आई॰ शिमला ।
10. डॉ॰ एम॰ सी॰ सूद, वरिष्ठ वैज्ञानिक (मृदा विज्ञान), सी॰पी॰आर॰आई॰ शिमला ।
11. डॉ॰ काशीनाथ तिवारी, प्रोफेसर मृदा विज्ञान, चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कानपुर – 20800´

12. डॉ॰ के॰के॰ ठाकरे, मृदा रसायन विभाग, कृषि महाविद्यालय, नागपुर ।

13. डॉ॰ के॰के॰ नरूला, प्रधान मृदा सर्वेक्षण अधिकारी, अखिल भारतीय मृदा सर्वेक्षण एवं भूमि उपयोग, नागपुर ।

14. डॉ॰ के॰ सी॰ सूद, वरिष्ठ वैज्ञानिक, मृदा विज्ञान, केंद्रीय आलू अनुसंधान संस्थान, शिमला ।

15. डॉ॰ किशोरी लाल शर्मा (भाषा विद्), डी॰–220, कमलानगर, आगरा – 282005 ।

16. डॉ॰ जे॰ एस॰ पी॰ यादव, भूतपूर्व अध्यक्ष, वैज्ञानिक नियुक्ति मंडल, 24 डी॰ भा॰कृ॰अनु॰ संस्थान, पूसा – 110012 ।

17. डॉ॰ जगदीश प्रसाद, वरिष्ठ वैज्ञानिक, राष्ट्रीय मृदा सर्वेक्षण एवं भूमि उपयोग नियोजन, ब्यूरो, नागपुर ।

18. डॉ॰ जे॰ एल॰ सहगल, निदेशक, राष्ट्रीय मृदा सर्वेक्षण एवं भूमि उपयोग नियोजन, ब्यूरो, नागपुर ।

19. डॉ॰ जी॰ एस॰ शेखावत, निदेशक, केंद्रीय आलू अनुसंधान संस्थान, शिमला

20. डाँ॰ जे॰ पी॰ शर्मा, वरिष्ठ वैज्ञानिक, राष्ट्रीय मृदा सर्वेक्षण एवं भूमि उपयोग नियोजन, ब्यूरो, नागपुर ।

21. डॉ॰ जितेन्द्र लाल सूद, पूर्व निदेशक, राजभाषा ।

22. डॉ॰ डी॰ आर॰ केन प्रोफेसर मृदा रसायन, कृषि महाविद्‌यालय, नागपुर

23. डॉ॰ डी॰ के॰ पाल, वरिष्ठ वैज्ञानिक, राष्ट्रीय मृदा सर्वेक्षण एवं भूमि उपयोग नियोजन, ब्यूरो, नागपुर ।

24. डॉ॰ प्रेम किशोर, वरिष्ठ वैज्ञानिक, कीट विज्ञान विभाग, भारतीय कृषि अनुसंधाान संस्थान, पूसा, नई दिल्ली – 110012 ।

25. डॉ॰ प्रवीण चांदला, राजभाषा अधिकारी,केंद्रीय आलू अनुसंधान संस्थान, शिमला ।

26. डॉ० वेंकटेश भारद्वाज, सह प्राध्यपक मृदा विज्ञान, गो० वं० पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर – 263145 ।

27. श्री विलास अंधारे, निदेशक, महाराष्ट्र पुस्तक मंडल, नागपुर ।

28. डॉ० विजय सिंह, सह प्राध्यापक, मृदा विज्ञान, कृषि महाविद्यालय, ग्वालियर – 474002 ।

29. डॉ० शशिभूषण सिंह, वरिष्ठ वैज्ञानिक (मृदा विज्ञान), आई०पी०आर०आई०, कल्यानपुर,कानपुर ।

30. डॉ० सत्येन्द्र चतुर्वेदी (भाषाविद), 23, चन्द्रपथ सूरजनगर (प.) सिविल लाइन्स, जयपुर ।

31. डॉ० सोहनलाल (वरिष्ठ वैज्ञानिक), राष्ट्रीय मृदा सर्वेक्षण एवं भूमि उपयोग नियोजन, ब्यूरो, नागपुर ।

32. डॉ० हनुमान राम, प्रोफेसर मृदा विज्ञान एवं कृषि रसायन, कृषि विज्ञान संस्थान, वी०एच०यू० वाराणसी – 221005 ।

33. डॉ० हरीश कुमार, प्रधान वैज्ञानिक अधिकारी, वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग ।

34. श्री गुलाब सिंह, सहायक शिक्षा अधिकारी, वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग ।

35. डॉ० ब्रजेश कुमार सिंह अनुसंधान सहायक, वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग ।

# संपादन एवं समन्वय

**प्रमुख संपादक**

प्रो॰ प्रेमस्वरूप सकलानी, अध्यक्ष

**प्रभारी संपादक**

डा॰ हरीश कुमार, प्रधान वैज्ञानिक अधिकारी

**संपादक**

श्री गुलाब सिंह, सहायक शिक्षा अधिकारी

**विशेष सहयोग**

श्रीमती शशि गुप्ता, सहायक शिक्षा अधिकारी

**उप संपादक**

डॉ॰ ब्रजेश कुमार सिंह, अनुसंधान सहायक

**प्रकाशन**

1. श्री धीरेन्द्र राय, सहायक शिक्षा अधिकारी
2. श्री भगत सिंह नेगी, अनुसंधान सहायक
3. श्री आलोक वाही, कलाकार

○ ○ ○ ○ ○

# सम्पादकीय

कृषि विज्ञान की विभिन्न एवं मुख्य शाखाओं में मृदा विज्ञान का महत्व सर्वोपरि है । मानव जीवन के संबंध में जब धरती का प्रयोग होता है तब उसका बोध संपूर्ण मानव जाति की माता से होता है । जीवधारियों (पादप एवं प्राणी) के संबंध में भूमि को माता का संबोधन मिट्टी के संदर्भ में किया जाता है । मिट्टी लाल, काली, पीली, भूरी आदि अनेक रंगों में पाई जाती है ।

विश्व के भौगोलिक क्षेत्रफल का मात्र 137 करोड़ हेक्टर भूमि कृषि के अंतर्गत है । भारत में लगभग 1260 लाख हेक्टर क्षेत्रफल में खाद्यान्न फसलों की खेती की जाती है । इसमें से 420 लाख हेक्टर सिंचित है । लगभग 1500 लाख हेक्टर क्षेत्र वायु तथा जल द्वारा भूमि कटाव की समस्या से प्रभावित है । ये भूमि बंजर, परती तथा अनुपयुक्त अवस्था में बेकार पड़ी है । इसमें आवश्यक सुधार करके कृषि योग्य बनाया जा सकता है । मृदा अपरदन, लवणता और क्षारीयता तथा जल भराव की समस्या के कारण भूमि की गुणवत्ता में दिनोदिन गिरावट हो रही है । वैज्ञानिक विधि से खेती करके तथा खाद, उर्वरक, जल एवं अन्य आवश्यक कृषि निवेशों के कुशल उपयोग से भूमि की उर्वरा शक्ति बढ़ाई जा सकती है ।

विषय के महत्व को ध्यान में रखते हुए आयोग ने मृदा विज्ञान परिभाषा कोश के निर्माण का कार्य करने का निर्णय लिया । प्रस्तुत संस्करण मृदा विज्ञान परिभाषा कोश का प्रथम संस्करण है । इस संस्करण में लगभग 1050 तकनीकी शब्दों की परिभाषाएँ दी गई हैं । किसी भी विषय के परिभाषा कोश में उस विषय के समस्त शब्दों का लिया जाना संभव नहीं हो पाता । इस संस्करण में यह प्रयास किया गया है कि मृदा विज्ञान (कृषि से संबंधित) के मूल शब्दों की परिभाषाएँ यथासंभव दी जाए । संभव है कि कुछ महत्वपूर्ण शब्दों की परिभाषाएँ इस संस्करण में न दी गई हो । पाठाकों के सुझाव के अनुसार भविष्य में ऐसे शब्दों की परिभाषाएँ भी अगले संस्करण में सम्मिलित की जा सकती हैं ।

मैं उन सभी विशेषज्ञों का कृतज्ञ हूँ जिनके श्रमसाध्य योगदान से यह परिभाषा कोश तैयार हुआ है। आयोग के अध्यक्ष प्रोफेसर प्रेमस्वरूप सकलानी एवं प्रधान वैज्ञानिक डॉ॰ हरीश कुमार के निरंतर सहयोग एवं समय-समय पर परामर्श एवं मार्गदर्शन से ही यह कार्य पूरा हो सका है। दोनों वरिष्ठ अधिकारी धन्यवाद के पात्र हैं। मेरे सहयोगी डॉ॰ ब्रजेश कुमार सिंह भी प्रशंसा के पात्र हैं जिनका सहयोग मुझे सदैव मिलता रहा है।

आशा है कि हिंदी माध्यम से अध्ययन-अध्यापन करने वाले छात्र, शिक्षक, लेखक, विद्वान आदि इस परिभाषा कोश से लाभान्वित होंगे।

*गुलाब सिंह*

# परिभाषाएँ

**ABC Soil** **ए बी सी मृदा**

स्पष्ट रूप से विकसित परिच्छेदिका वाली मृदा जिसमें ए बी सी संस्तर सम्मिलित होते हैं ।

**abrasion** **1. अपघर्षण 2. खरोंच**

बहते पानी, हिमनदों अथवा सूक्ष्मकणों से युक्त पवन द्वारा किसी शैल पृष्ठ का भौतिक क्षरण ।

**absolute humidity** **निरपेक्ष आर्द्रता**

किसी इकाई आयतन में विद्यमान वायु के जलवाष्प की प्रतिशत मात्रा ।

**absorption** **अवशोषण (अवचूषण)**

किसी पदार्थ द्वारा जल और/या आयनों का ग्रहण/उद्ग्रहण ।

**accelerated erosion** **त्वरित अपरदन**

1. मानवों द्वारा किए गए मृदा अपरदन की वर्धित दर/ गति ।
2. सामान्य प्राकृतिक, भूवैज्ञानिक अपरदन से कहीं अधिक होने वाला अपरदन/जो मानवीय अथवा कभी-कभी अन्य प्राणियों की गतिविधियों के कारण होता है ।

**accessory minerals** **गौणखनिज**

किसी शैल में अल्प मात्रा में विद्यमान खनिज ।

**access time** **अभिगम काल**

संचयन से प्राप्त तथा तुरंत वितरित आँकड़ों के अभिगम के बीच समय अंतराल का एक माप ।

**accumulation** **संचयन**

सांद्रण-प्रवणता के प्रति पदार्थों का उद्ग्रहण ।



2—23/CSTT/ND/97

**acid-forming fertilizer** **अम्लकारी उर्वरक**

ऐसा उर्वरक जिसके अवशेष मृदा मेंअम्लीयता उत्पन्न करते हैं ।

**acidity** **अम्लता**

मृदा विलयन में हाइड्रोजन आयन सक्रियता जिसकी अभिव्यक्ति पी एच (pH) मान के अनुसार की जाती है ।

**acid rain** **अम्लीय वर्षा**

वायुमंडलीय वर्षण जिसके पी एच मान लगभग 5.6 से कम होते हैं । यह अम्लता वायुमंडल में उत्सर्जित नाइट्रोजन और सल्फर (गंधक) के आक्साइडों से उत्पन्न नाइट्रिक और सल्फ्युरिक जैसे अकार्बनिक अम्लों के कारण होती है ।

**acid rock** **अधिसिलिक शैल**

1. 60 प्रतिशत से अधिक सिलिका और मुक्त स्फटिक युक्त आग्नेय शैल/जैसे ग्रेनाइट ।
2. वे आग्नेय शैल जिनमें सिलिका-बहुल खनिज जैसे क्वार्ट्ज क्षारीय फैल्सपार तथा मास्कोवाइट अत्यधिक मात्रा में विद्यमान हों । इनमें सिलिका की मात्रा 65 प्रतिशत से अधिक होती है ।

**acid soil** **अम्ल मृदा**

1. 6.6 से कम पी एच मानवाली मृदा ।
2. ऐसी मृदा जिसकी ऊपरी परत या मूल क्षेत्र अथवा किसी संस्तर का पी एच मान 6.6 से कम हो ।

**AC Soil** **ए सी मृदा**

ऐसी मृदा जिसकी परिच्छेदिका में केवल ए और सी संस्तर होते हैं तथा बी संस्तर स्पष्टतया विकसित नहीं होता ।

**actinomycetes** **ऐक्टिनोमाइसिटीज**

1. शाखित कवक जाल युक्त जीवाणु एवं फफूँदी के बीच जीवों का एक समूह ।
2. जीवाणुओं और यथार्थ कवकों का मध्यवर्ती समूह जिससे प्राय: विशिष्ट शाखित कवक जाल निकलते हैं ।

**activated sludge** **सक्रियित अवमल, सक्रियित अवपक**

वातित एवं जीवाण्वीय क्रियायुक्त आपंक ।

**active acidity** **सक्रिय अम्लता**

मृदा की जलीय-प्रावस्था में हाइड्रोजन आयनों की सक्रियता जो पी एच (pH) मान के रूप में मापी एवं अभिव्यक्त की जाती है ।

**actual crop evapotranspiration** **वास्तविक शस्य वाष्पन-वाष्पोत्सर्जन**

मृदा में उपलब्ध जल, लवणता का स्तर, खेत की साइज या अन्य कारणों से प्रभावित संभाव्य वाष्पन-वाष्पोत्सर्जन के बराबर या कम वाष्पन- वाष्पोत्सर्जन की दर (मिमी/प्रतिदिन) ।

**adaptation** **अनुकूलन**

पर्यावरणीय अवस्थाओं में किसी जीव का समायोजन ।

**adhesion** **आसंजन**

दो असमान पदार्थों में आण्विक आकर्षण जो उनके पृष्ठों को बांधे रहता है ।

**adsorption** **अधिशोषण**

मृतिका और ह्यूमस के पृष्ठ पर आयनों, अणुओं या यौगिकों (Ca, Mg, Na, K) का आकर्षण ।

**adsorption complex** **अधिशोषण सम्मिश्र**

1. मृदा में कार्बनिक और आकर्बनिक पदार्थों का वह समूह जिसमें आयनों और अणुओं को अधिशोषित करने की क्षमता होती है ।
2. मृदा में विद्यमान वे विभिन्न पदार्थ जो अधिचूषण में सक्षम होते हैं मुख्यतः मृत्तिका और ह्यूमस ।

**aeolian material** **वातोढ़ पदार्थ**

वायु द्वारा निक्षेपित पदार्थ ।

**aerate** **वातीकरण**

वायु से संसिक्त करना ।

**aeration (Soil)** **वातन (मृदा)**

वह प्रक्रम जिसके माध्यम से मृदा में वायु तथा अन्य गैसों का पुनः स्थापन होता है ।

**aeration porosity** **वातन सरंध्रता**

मृदा के समष्टि आयतन का वह भाग जो 40 से 100 प्रतिशत आद्रताहोने पर वायु द्वारा भरा होता है ।

**aerial photographs** **वायव फोटोग्राफ**

सामान्यतः शीर्षकोण से तथा 1:50,000 से 1:5,000 तक के पैमाने पर वायुयान से लिए गए भूपृष्ठ के चित्र ।

**aerolite** **एरोलाइट, अश्म-उल्का**

अधिकांशतः सिलिकेटों से बना हुआ एक प्रकार का उल्का पिंड ।

**aggregate** **पुंज**

प्राकृतिक मृदा निर्माणकारी प्रक्रमों द्वारा निर्मित 10 मिमी व्यास से छोटी मृदा की संरचनात्मक इकाई ।

**aggregate** **एग्रीगेट**

बालू, बजरी, कवच, धातुमल या खण्डिताश्म आदि खनिज पदार्थ जिनके साथ सीमेंट या बिटूमिनी पदार्थ मिलाकर मॉरटार या कंकरीट तैयार किया जाता है ।

**agric horizon** **एग्रिक होराइजन, कृषि संस्तर**

ऐसा खनिज मृदा उर्वरित संस्तर जिसमें मृत्तिका, गाद और ह्यमूस जमा हो जाता है । इस संस्तर के आयतन का कम से कम 5 प्रतिशत कृमिरंध्रों और समपोढ मृत्तिका, गाद तथा ह्यूमस का होता है ।

**agro-climatic region** **कृषि जलवायु क्षेत्र**

मुख्य जलवायु (वर्षा एवं ताप प्रवृत्ति) तथा फसल वर्धन अवधि की दृष्टि से परिभाषित भू-इकाई जो फसलों या कृषि जोप जातियों की विशिष्ट परासों के लिए उपयुक्त होती है ।

**agro-ecological region** **कृषि पारिस्थितिकीय क्षेत्र**

भू आकृति और मृदा-दशाओं का अध्यारोपण करके कृषि जलवायवी अनुक्षेत्र से बनाई गयी भू इकाई जो वर्धन अवधि के लिए आपरिवर्तक के रूप में काम करती है ।

**agro-ecosystem** **कृषि परिस्थितिक क्षेत्र**

कृषि पर आधारित एक परिस्थितिक तंत्र जो भूमि एवं उसके पर्यावरण का भाग होता है ।

**agro-forestry** **कृषि वानिकी**

भूमि उपयोग तंत्र जिसमें एक स्थानिक व्यवस्था के अंतर्गत कृषि उपयोगी वनस्पतियाँ और फसलें उगाई जाती हैं ।

**agronomy** **सस्यविज्ञान**

1. एग्रोनोमी शब्द की व्युत्पत्ति ग्रीक शब्द एग्रोस (agros) और नोमोस (nomos) से हुई है जिसका अर्थ क्रमशः क्षेत्र और प्रबंध है । यह कृषि की एक विशेषीकृत शाखा है जो फसल उत्पादन तथा मृदा प्रबंध से संबंधित है । इस फसल उत्पादन कला को वैज्ञानिक सिद्धांतों का प्रयोग कहा जा सकता है ।

2. कृषि विज्ञान की एक शाखा जो फसल उत्पादन, मृदा, प्रबंध तथा कृषि–भूमि के वैज्ञानिक उपयोग से संबंध रखती है ।

**A - horizon** **ए –संस्तर**

1. खनिज मृदा का वह पृष्ठ संस्तर जिसमें कार्बनिक पदार्थ की मात्रा और जैविक सक्रियता अधिकतम हो और/अथवा लौह, एलुमिनियम ऑक्साइडों तथा सिलिकेट मृत्तिकाओं जैसे पदार्थों का अवक्षालन हो ।

2. मृदा प्रोफाइल का सबसे ऊपरी भाग जहाँ से घुल सकने वाले लवण तथा कोलॉइड निक्षलित हो चुके होते हैं और कार्बनिक पदार्थ अत्यधिक मात्रा में जमा हो जाते हैं ।

**air dry** **वायु–शुष्क**

1. निकटवर्ती वायुमंडल में नमी की मात्रा के साथ मृदा की शुष्कता की साम्यावस्था । नमी की वास्तविक मात्रा समीपवर्ती वायुमंडल की आपेक्षिक आर्द्रता और तापमान पर निर्भर करती हैं ।

2. मृदा नमी की मात्रा को आस–पास के वायुमंडल से साम्यावस्था में आने देना ।

**air porosity** **वायु सरंध्रता**

1. मृदा के स्थूल आयतन का वह अनुपात जो निश्चित समय अथवा परिस्थितियों जैसे विशिष्ट नमी विभव प्राय: बड़े रंध्र के अंतर्गत वायु से संपृक्त हो जाता है ।
2. नियत समय या विशेष परिस्थितियों में वायु पूरित मृदा का भाग ।

**albic horizon** **एल्विक होराइजन, एल्विक संस्तर**

ऐसा खनिज मृदा संस्तर जिसमें मृत्तिका और मुक्त लौह ऑक्साइड निकाल दिए गए हैं अथवा ऑक्साइड इस सीमा तक पृथक हो गए हों कि संस्तर के रंग का निर्धारण गाद कणों पर आलेपों के बजाय प्राथमिक बालू और गाद कणों से होता है ।

**alfisols** **एल्फीसोल (मृदा)**

1. सलेटी से भूरी सतहों वाले संस्तरों , औसत से अधिक क्षारकों और समपोहित मृत्तिका से युक्त बी. संस्तरों वाली मृदाएँ । ये मुख्यत: सवाना वनस्पति वाले वातावरणों में पाई जाती है ।
2. मृदा वर्गीकरण के अमरीकी तंत्र की मृदा कोटियों में से एक मृदा कोटि जिसमें मृत्तिका समृद्ध बी. संस्तर एवं उच्च क्षारकीय मृदाएँ होती हैं ।

**algae** **शैवाल**

जलीय तथा आर्द्र स्थितियों में पाए जाने वाले एक कोशीय या बहुकोशीय पर्णहरित पादप ।

**alkali flat** **कल्लर भूमि, क्षारीय क्षेत्र**

1. किसी शुष्क अथवा अर्द्धशुष्क प्रदेश में वाष्पन या अल्प अपवाह के कारण क्षार लवणों से सांद्रित मैदान या बेसिन
2. प्लाया ।

**alkaline (or basic) fertilizer** **क्षारीय (या बेसिक) उर्वरक**

ऐसा उर्वरक जिसके अवशेष मृदा में क्षारीयता उत्पन्न करते हैं तथा अम्लता में कमी लाते हैं ।

**alkali soil** **क्षारीय मृदा**

1. 8.5 से अधिक पी एच (pH) मान वाली मृदा ।
2. ऐसी मृदा जिसमें अधिकांश सस्य पादपों की वृद्धि में बाधा पहुँचाने के लिए पर्याप्त क्षार (सोडियम) होता है ।

**alkaloids** **ऐल्केलाइड**

कार्बन, हाइड्रोजन, नाइट्रोजन तथा ऑक्सीजन युक्त तिक्तक्षारीय कार्बनिक (जैव) यौगिक जैसे – कैफीन, मार्फीन, निकोटीन, कुनैन आदि ।

**allophane** **ऐलोफेन**

1. मुख्यतः लघुपरास संरचनात्मक क्रम सहित एक ऐलुमिनोसिलिकेट जो विशेषतः ज्वालामुखी राख से निर्मित मृदाओं में अत्यंत लघु गोल कणों एवं पॉडजोलीएसी मृदाओं में भी पाया जाताहै जिनका निर्माण ठंडी आर्द्र जलवायु में अपक्षीण ग्रेनाइट पर होता है ।
2. एक अक्रिस्टलीय, पारभासक, जलयोजित ऐलुमिनियम सिलिकेट खनिज $Al_2 Sio_5 4H_2o$ जो भिन्न- भिन्न रंगों में तथा प्रायः पपड़ी अथवा स्टलैक्टाइट रूपों में मिलता है ।
3. एक एल्यूमिनोसिलिकेट खनिज जिसकी संरचना अक्रिस्टलीय अथवा कम क्रिस्टलीय होती है । यह प्रायः ज्वालामुखी राख से विकसित मृदाओं में पाया जाता है ।

**alluvial Soil** **जलोढ़ मृदा**

1. वह मृदा जिसका विकास हाल में जमा जलोढ़क पर हुआ हो । इसमें मूलतः कोई संस्तर-विकास या क्षीण- प्रोफाइल विकास नहीं होता । जलोढ़ जनित मृदा जिसमें मृदा परिच्छेदिका का विकास विभिन्न स्तरों पर होता है ।

2. सद्य निक्षेपित जलोढ़क से विकसित होने वाली मृदा जो सद्य निक्षेपित पदार्थों का कोई संस्तर विकास अथवा रूपांतरण नहीं दर्शाती ।

**alluvium** **जलोढक**

जल धाराओं की क्रिया द्वारा जमा अवसाद । इसके कणों के आकार में व्यापक अंतर होता है तथा इन्हीं से मृदा का निर्माण होता है ।

**alpha decay** **एल्फाक्षय**

ऐल्फा कण के उत्सर्जन द्वारा किसी तत्व का रेडियोऐक्टिव (विघटनाभिक) तत्वांतरण ।

**altitude** **तुंगता**

समुद्रतल से मापे गऐ किसी स्थल की ऊर्ध्वाधर दूरी ।

**aluminosilicates** **ऐलुमिनोसिलिकेट**

वे यौगिक जिनमें मुख्य संघटकों के रूप में ऐलमिनियम, सिलिकॉन और आक्सीजन होते हैं ।

उदाहरणतः $KAl\ Si_3o_8$

**ameliorants** **सुधारक**

भौतिक एवं रासायनिक गुण-धर्मों में सुधार करने तथा फसल की पैदावार बढ़ाने में सहायक मृदा में मिलाए गए पदार्थ ।

**amino acids** **ऐमिनो अम्ल**

नाइट्रोजन युक्त कार्बनिक अम्लों के परस्पर युग्मित होने पर प्रोटीनें बनती हैं । प्रत्येक अम्ल अणु में एक या अधिक ऐमीनो समूह ($-NH_2$) और कम से कम एक कार्बोक्सिल समूह (-CooH) होता है । कुछ ऐमीनों अम्लों में गंधक भी होता है ।

**ammonical nitrogen** **अमोनियम नाइट्रोजन**

$NH_4$-N से निर्दिष्ट नाइट्रोजन ।

**ammonification** **अमोनीकरण**

जैव पदार्थ के अपघटन से सूक्ष्मजीवों द्वारा अमोनिया का उत्पादन ।

**ammonium phosphate** **अमोनियम फास्फेट**

फास्फोरिक अम्ल एवं अमोनिया की अभिक्रिया से उत्पन्न रासायनिक यौगिक जो मुख्यतः मोनोअमोनियमफास्फेट, डाई अमोनियम फास्फेट या दोनों का मिश्रण होता है ।

**ammonium Sulphate** **अमोनियम सल्फेट**
**$[(NH_4)_2\ So_4]$** **$[(NH_4)_2\ So_4]$**

सलफ्यूरिक अम्ल का अमोनियम लवण जिसमें अमोनिया के रूप में 20. 6 प्रतिशत नाइट्रोजन होती है ।

**amorphous** **रवाहीन, अक्रिस्टलीय**

रूपविहीन; उन शैलों, खनिजों और पदार्थों के लिए प्रयुक्त एक शब्द जिनमें कोई निश्चित क्रिस्टलीय संरचना नहीं होती है ।

**amorphous material** **रवाहीन पदार्थ**

मृदाओं के अक्रिस्टलीय संघटक ।

**anaerobe** **अवायुजीव**

वह जीव जो वायु या आणविक आक्सीजन की अनुपस्थिति में भी जीवित रहता है ।

**anaerobic** **अवायवीय/अनाक्सी**

हाइड्रॉमार्फी अवस्थाएँ जो आणविक आक्सीजन-रहित होती हैं । मृदाओं में यह अवस्था प्रायः अत्यधिक नमी के कारण होती है ।

**anaerobic conditions** **अवायवीय दशाएँ**

जलाक्रांत मृदाओं से संबद्ध दशायें जिनमें तंत्र के आक्सीजन का निष्कासन (निर्वातन) होता है ।

**anaerobic respiration** **अवायु श्वसन**

ऊर्जा मोचन के साथ जीवित कोशिकाओं में खाद्य का अपूर्ण ऑक्सीकरण जिसमें वायुमंडलीय ऑक्सीजन की आवश्यकता नहीं होती । इसे अंतः आणविक श्वसन भी कहा जाता है ।

**analog (or analouge)** **अनुरूप**

सतत परिवर्ती इलेक्ट्रॉनिक संकेत (अंकीय के विपरीत)

**analysis of variance (anova)** **प्रसरण का विश्लेषण (एनोवा)**

एक सांख्यिकीय तकनीक जिसके द्वारा किसी गुण के प्रसरण स्रोत का विभाजन और आकलन किया जाता है ।

**anhydrite** **ऐनहाइड्राइट**

निर्जल कैल्सियम सल्फेट से संघटित एक खनिज , $CaSo_4$ जो विषमलंबाक्ष क्रिस्टलों में मिलता है । इसका वर्ण श्वेत और कभी-कभी धूसराभ, नीलाभ एवं रक्ताभ झलक लिए हुए होता है ।

**anion** **ऋणायन**

ऋण आवेश धारी आयन : उदाहरणार्थ $Cl^-$, $S^-o_4$ आदि ।

**anion or salt - respiration** **ऋणायन या लवण श्वसन**

किसी ऊतक या पादप को जल से लवण घोल में स्थानांतरित करने की स्थिति में श्वसन में होने वाली वृद्धि ।

**anthropic epidedon** **ऐन्थ्रोपिक एपिपेडॉन**

खनिज मृदा की ऊपरी परत जिसकी विशेषताएँ इसमें 1 प्रतिशत सिट्रिक अम्ल में घुलनशील $P_2o_5$ की मात्रा 250 मि.ग्रा./ किलोग्राम से अधिक होती है किंतु सिंचाई न करने पर 10 महीनों से भी अधिक समय सूखी रहती है ।

**A P** **ए पी**

जुताई या पशुचारण से विक्षुब्ध मृदा का पृष्ठ स्तर ।

**apatite** **ऐपेटाइट**

एक प्राकृतिक जटिल सम्मिश्र कैल्सियम फॉस्फेट जो अधिकांश फॉस्फेट उर्वरकों का मूल स्रोत है । $[3Ca(Po_4)_2]$ $CaF_2$ जैसे सूत्रों से इन जटिल यौगिकों को निर्दिष्ट किया जाता है ।

**apical dominance** **शिखाग्र प्रभाविता**

पार्श्विक कलियों के विकास पर अंतस्थ कलिका का निरोधक प्रभाव ।

**apron** **ऐप्रन**

किसी अंतस्थ हिमोढ के आगे थोड़ीदूर तक फैली हुई बालू और बजरी की एक राशि ।

**area** **क्षेत्र**

बहुभुज द्वारा प्रदत्त भौगोलिक अंकन का इकाई क्षेत्र ।

**argillaceous** **मृण्मय**

मृत्तिकायुक्त या मृत्तिकामय शैलों के लिए प्रयुक्त एक विशेषण ।

**argillic horizon** **मृण्मय होराइजन, मृण्मय संस्तर**

ऐसा खनिज मृदा संस्तर जिसमें परत–जालक सिलिकेट मृत्तिकाओं के समपोढ़ परलक्षित होते हैं ।

**argillite** **आर्जिलाइट, दृढ़मृदाश्म**

गाद प्रस्तर (Silt stone), मृत्तिकाश्म या शैल से जुत्पन्न एक संहत शैल जिसमें उपरोक्त शैलों की अपेक्षा कुछ अधिक कठोरता आ जाती हे । यह शैल स्लेट से भिन्न होता है क्योंकि इनमें विदलन स्लेटी न होकर लगभग संस्तरण के समांतर होता है ।

**arid climate** **शुष्क जलवायु**

सामान्यत: अत्यंत शुष्क जलवायु जिसमें प्राय: 250 मिमी से कम वार्षिक वर्षा होती है जो वायुमंडल के वाष्पन वास्पोत्सर्जन से काफी कम होती है ।

**aridic** **शुष्क**

मृदा आर्द्रता प्रवृत्ति जो प्रदर्शित करतीहै कि जब सतह से 50 से.मी. नीचे मृदा का तापमान >$5^0$ से० अधिक होता है; तब आधी से भी अधिक संचयी अवधि के दौरान पादपों के लिए उपलब्ध जल का अभाव रहता है और जब 50 सेमी. गहराई पर मृदा का तापमान $78^0$ से. अधिक रहता है और पादपों के लिए 90 क्रमागत दिन तक जल उपलब्ध नहीं होता ।

**aridisols** **शुष्क मृदा**

1. शुष्क जलवायु वाली मृदाएँ जिनमें मृदा जनक संस्तर पाई जाती है और कार्बनिक पदार्थ कम होता है । ये लगातार तीन महीने तक गीली नहीं होती । इनमें एपीपिडान के साथ आर्जलिक नैट्रिक, कैम्बिक कैल्सिक, जिप्सिक, सैलिक या ड्यूरिपेन नैदानिक संस्तर पाए जाते हैं ।

2. मृदा वर्गीकरण के यू. एस. तंत्र में ग्यारह मृदा कोटियों में से एक । ये मृदाएँ शुष्क आर्द्रता-प्रवृति सहित शुष्क प्रदेशों में पाई जाती हैं जिनमें पौधे कायिकी दृष्टि से सूखे रहते हैं ।

**aridity** **शुष्कता**

वर्षण की तुलना में अधिक वाष्पन ।

**arid lauds** **शुष्क भूमि**

फसल उत्पादन के लिए अपर्याप्त वर्षा वाला क्षेत्र ।

**arithmetic mean** **समांतर माध्य**

किसी मद सीरीज का मूल्य जोड़ने और श्रेणियों में मद संख्या का भाग देने पर निकाला गया औसत ।

**aspect** **अभिमुखता**

ढाल की दिशा : उदाहरणार्थ दक्षिण दिशा की ढाल को दक्षिण अभिमुखी कहते हैं ।

**atom** **परमाणु**

मूलतत्व की वह लघुत्तम इकाई जो रासायनिक अभिक्रिया में भाग ले सकती है और विद्युत्तया उदासीन होती है ।

**atterberg limits** **एटरवर्ग सीमा**

गाढ़ता की विभिन्न स्थितियों में बारीक-दानेदार मृदाओं के जलांश ।

**attribute** **गुण**

उत्पादकता से जुड़ा कारक ।

**automated cartography** **स्वतः मानचित्रकला**

मानचित्र तैयार करने की वह अभिक्रिया जिसमें कंप्यूटर की सहायता से प्रदर्श युक्तियों का प्रयोग किया जाता है ।

**automatic data processing** **स्वतः आंकड़ा संसाधन**

आँकड़ा संसाधन में किसी भी प्रकार के स्वचालन के लिए प्रयोग किया गया क्रमादेश ।

**available elements** **उपलब्ध तत्व**

मृदा विलयन में विद्‌यमान तत्व जिन्हें पादप–मूलों द्वारा ग्रहण किया जाता है ।

**available nutrient** **प्राप्य पोषक पदार्थ**

मृदा में किसी तत्व या यौगिक का वह भाग जिसका शोषण और स्वांगीकरण वर्धमान पादपों द्वारा सरलता से किया जा सकता है । उपलब्ध को 'विनिमयशील' नहीं समझना चाहिए ।

**available phosphoric acid** **प्राप्य फॉस्फोरिक अम्ल**

पानी में घुलनशील या तनुकृत सीइट्रिक अम्ल (2 प्रतिशात) में घुलनशील फासफोरस ।

**available water** **उपलब्ध जल, प्राप्य मृदा जल**

1. मिट्‌टी में सामान्यतः 1/3 और 15 – पास्कल प्रैसर के बीच विद्‌यमान जल का वह भाग जिसका अवशोषण पादप–जड़ों द्वारा किया जाता है ।

2. क्षेत्र क्षमता और स्थायी म्लानि बिंदु के बीच निर्मुक्त जल की मात्रा जो पादप मूलों द्वारा आसानी से अवशोषित हो सकती है ।

**available water capacity** **उपलब्ध जल धारिता**

जल का वह प्रतिशत भार जिसे मृदा पादपों के लिए उपलब्ध रूप में संचित कर सकती है ।

**azonal soil** **असुस्तरी मृदा**

मृदा वर्गीकरण के ऐसे आनुवंशिक तंत्र में प्रयुक्त मृदा की कोटि जिसमें स्पष्ट संस्तरीकरण नहीं होता ।

**bacteria** **जीवाणु**

एक कोशीय सूक्ष्म-जीवों का वह विशाल समूह जो वायु जल, मृदा, जंतु एवं खाद्य सहित पादप ऊतकों में व्यापक रूप से पाया जाता है ।

**bar** **बार (दाब की इकाई)**

दाब की एक इकाई जो दस लाख डाइन प्रति वर्गसेंटीमीटर के बराबर होती है ($10^6$ डाइन/सेमी.$^2$)

**basalt** **बेसाल्ट**

असित सूक्ष्म कणों वाला क्षारीय आग्नेय शैल । इसमें फेल्डस्पार, क्वार्टज् तथा फेरो मैग्निशियम पदार्थ जैसे – मैग्नैटाइट, ऑलिविन आदि की प्रधानता होती है ।

**base** **क्षारक (बेस)**

वे यौगिक जो विलयन में हाइड्राक्सिल आयन उत्पन्न करते हैं और लवण बनाने के लिए अम्लों से अभिक्रिया करते हैं ।

**base exchange capactiy** **बेस विनिमय क्षमता**

मृदा की वह क्षमता जो हाइड्रोजन और ऐलुमिनियम को छोड़कर अन्य विनिमयी धनायनों का अधिशोषण कर सकती है ।

**base saturation** **क्षारक संतृप्ति**

मृदा विनिमय का वह भाग जिसके विनिमय काम्प्लैक्स की संतृप्ति क्षारकों की मात्रा के अनुसार होती है ।

**base saturation percentage** **क्षारक संतृप्ति प्रतिशतता**

सीमा जिसमें मृदा का अधिशोषण, संकुल हाइड्रोजन और एल्यूमिनियम के अलावा अन्य विनिमयशील धनायनों से संतृप्त होती है । यह कुल धनायन विनिमय क्षमता के प्रतिशत के रूप में अभिव्यक्त की जाती है ।

**basic rock** **अल्पसिलिक शैल**

1. वह आग्नेय शैल जिसमें अल्पसिलिकीय तथा प्रचुर धात्विक क्षारकों वाले खनिजों जैसे एम्फिबोल, पाइरॉक्सीन, बायोटाइट तथा ऑलिवीन की अपेक्षतया प्रमुखता होती है । इन शैलों में सिलिका की मात्रा 45 से – 52 प्रतिशत तक होती है ।
2. क्षारकों से भरपूर ऐसा आग्नेय शैल जिसमें सिलिका की मात्रा 55 प्रतिशत से कम होती है ।

**B C soil** **बी सी मृदा**

ऐसी मृदा परिच्छेदिका जिसमें बी और सी संस्तर होते हैं लेकिन ए संस्तर या तो होता ही नहीं या होता है तो थोड़ा सा । अधिकांश बी सी मृदाओं का ए संस्तर अपरदन के कारण समाप्त हो जाता है

**bed rock** **आधार शैल**

1. वह ठोस शैल जो स्वर्णमय बजरी, बालू, मृत्तिका आदि के नीचे स्थित होता है तथा जिसके ऊपर जलोढ़ स्वर्ण विद्यमान रहता है ।
2. मृदा, बालू, मृत्तिका आदि के नीचे स्थित कोई भी ठोस शैल ।
3. मृदाओं और आवरण प्रस्तर के नीचे स्थित ठोस चट्टान जिसकी गहराई शून्य (जब अपरदन द्वारा अनावृत हो) से लेकर सैकड़ों फीट तक हो सकती है ।



3 – 23 CSTT/ND/97

**belt of soil water** **मृदा जल कटिबंध**

मृदा एवं अन्य पदार्थों से युक्त वातन क्षेत्र का वह भाग जो पृथ्वी की सतह के अति निकट होता है और जिससे पादपों के वाष्पोत्सर्जन या मृदा के वाष्पन द्वारा वायुमंडल में अभिगम्य मात्रा में जल विसर्जित होता है ।

**bench terrace** **बैंच टेरेस**

ढलवाँ खेतों के पार निर्मित तटबंध जिसके अनुढाल की ओर सीधा ढाल होता है ।

**benefit-cost-ratio** **हितलाभ–लागत अनुपात**

किसी उद्यम (फार्म, आदि) से होने वाले हितलाभों का उसकी लागत की तुलना में अनुपात ।

**bentonite** **बेन्टोनाइट**

वे परतदार सिलिकेट जिनका निर्माण अधिकांशतः ज्वालामुखी राख के परिवर्तन द्वारा उत्पादित स्मेक्टाइट खनिजों से होता है ।

**B - Horizon** **बी – संस्तर**

यह संस्तर ए–संस्तर के नीचे होता है और इसकी निम्नलिखित विशेषताएँ होती हैं :–

1. सिलीकेट मृत्तिका, लौह, ऐलुमिनियम, ह्यूमस का संचयन अकेले या सम्मिश्रित रूप में होता है, या
2. मृदा में पर्याप्त परिवर्तन, जैसे लाल रंग प्रदान करने वाले सेस्क्वी आक्साइडों का लेपन जो मृदा संरचनात्मक समुच्चयों के विकास से प्रभावित होता है ।

**binomial distribution** **द्विपद बंटन**

एक सेट की सफलता या असफलता व्यक्त करने वाला द्विभाजी विकल्प ।

**bio-climatics** **जीवजलवायु विज्ञान**

पादप अनुक्रियाओं पर ऊँचाइयों सहित विभिन्न भौगोलिक स्थितियों में जलवायुवीय कारकों के प्रभाव का अध्ययन ।

**biodegradable** **जैव निम्नीकरणीय/ह्रासीकरणीय**

जैव रासायनिक प्रक्रमों द्वारा निम्नीकरण ।

**biological nitrogen fixation** **जैविक नाइट्रोजन यौगिकीकरण**

सामान्य ताप और दाब पर विशेष जीवाणुओं, शैवालों और एक्टिनोमाइसिटीज द्वारा सम्पन्न नाइट्रोजन यौगिकीकरण की प्रक्रिया ।

**biomass** **जीवभार, जीवमात्रा**

निर्धारित क्षेत्र में जीवित पदार्थ की मात्रा ।

**biometry** **जीव सांख्यिकी**

जीव विज्ञान की वह शाखा जो सांख्यिकीय प्रक्रियाओं से संबंधित होती है ।

**birefringence** **द्विअपवर्तन**

किसी खनिज के उच्चतम और निम्नतम अपवर्तनांक के बीच मूल्य में संख्यात्मक अंतर । यह व्यतिकरण वर्ण का पर्याय नहीं है ।

**birnessite** **बिर्नेसाइट**

परत संरचना युक्त काला मैंगनीज ऑक्साइड जो सामान्यतः मृदाओं की लौह-मैंगनीज ग्रंथिकाओं में पाया जाता है ।

**bisequem profile** **बाइसीक्वेम प्रोफाइल**

एक मृदा प्रोफाइल जिसमें एक दूसरे के ऊपर दो सोला मृदाएँ होती हैं ।

**bit** **बिट**

सूचना की लघुतम इकाई (यूनिट) जिसे कम्प्यूटर में संचित एवं प्रकाशित किया जा सकता है ।

**black cotton soil** **काली कपास मृदा**

मृत्तिका – समृद्ध, स्व–पलवारी काली मृदाएँ जिनमें प्रसार– संकुचन के गुण–धर्म होते हैं ।

**blocky soil structure** **खंडीय मृदा संरचना**

गुटका जैसे आकार वाली मृदा–पुंज जो सामान्यतः आर्द्र क्षेत्रों में बी । संस्तर वाली मृदा में पाए जाते हैं ।

**blown-out land** **वातवाहित भूमि**

वे क्षेत्र जिनसे वायु अपरदन द्वारा समस्त अथवा लगभग समस्त मृदा और मृदा सामग्री हटा दी गई है । ऐसी मृदा प्रायः फसल–उत्पादन के योग्य नहीं होती ।

**bog** **दलदल**

आर्द्र, स्पंजी भूमि जो मुख्यतः अपघटित वनस्पति पदार्थों से बनी होती है ।

**boulder clay** **गोलाश्म मृत्तिका**

मृत्तिकामय अथवा सिल्टमय पदार्थों से निर्मित एक अवर्गीकृत हिमनदीय निक्षेप जिसमें रेणु से लेकर गोलाशम की साइज तक के शैल खंड अंतः स्थापित रहते हैं ।

**broad-base terrace** **चौड़ी वेदिका**

कम ढालवाला वह नीचा तटबंध जो अपरदन और अपवाह करने के लिए ढलवाँ खेतों के लिए आर पार बनाया जाता है ।

**buffering capacity** **उभय प्रतिरोधन क्षमता**

मृदा द्वारा पी.एच. में परिवर्तन का प्रतिरोध करने की क्षमता । इसका निर्धारण आमतौर पर मटियार, ह्यूमस और अन्य कोलाइडी पदार्थों की उपस्थिति से किया जाता है ।

**buffer solution** **उभय प्रतिरोधी विलयन**

ऐसा विलयन जो हाइड्रोजन या हाइड्रॉक्सिल आयनों में घटा–बढ़ी होने पर पी एच (pH) परिवर्तन को रोकता है ।

**bulk blended fertilizers** **स्थूल संमिश्रित उर्वरक**

छोटे संमिश्रण संयंत्रों मे संमिश्रित उर्वरक ।

**bulk density** **स्थूल घनत्व**

$105^0$c पर शुष्कित अविक्षुब्ध मृदा का प्रति इकाई आयतन का द्रव्यमान ।

**bulk density, soil** **आभासी घनत्व, मृदा**

वायु क्षेत्र युक्त $105^0$ से. पर निश्चित भार तक सुखाई गई मृदा की प्रति इकाई स्थूल आयतन की मात्रा ।

**buried soil** **अंतर्हित मृदा**

1. जलोढ़, लोएसी अथवा अन्य निक्षेप द्वारा ढंकी गई मृदा जो प्रायः सोलम की मोटाई से ज्यादा गहराई तक ढक जाती है ।
2. सोलम के अन्य पदार्थों (लोएस, जलोदक आदि) से ढकी मृदाएँ ।

**cadastral survey** **भूसम्पत्ति सर्वेक्षण**

मानचित्रों पर भू–स्वामित्वों की तालिका एवं पंजीकरण ।

**calcareous** **चूनेदार, कैल्सियमी**

उन शैलों के लिए प्रयुक्त एक विशेषण जो ($CaCo_3$) कैल्सियम कार्बेनेट से संघटित होते हैं ।

**calcareous soil** **कैल्सियमी मृदा, चूनेदार मृदा**

ऐसी मृदा जिसमें इतना कैल्सियम कार्बोनेट (प्रायः मैग्निसियम कार्बोनेट सहित) होता है कि शीतल तनु (O.1N) हाइड्रोक्लोरिक अम्ल से उपचारित किए जाने पर स्पस्टतः बुदबुदाना शुरू हो जाता है ।

**calcic horizon** **कैल्सिक/कैल्सियम मय होराइजन/संस्तर**

द्वितीयक कार्बोनेट से समृद्ध खनिज मृदा संस्तर जिसकी मोटाई 15 सेंमी. से अधिक होती है और जिसमें कैल्सियम कार्बोनेट के समतुल्य 15 प्रतिशत से अधिक होते हैं तथा जो नीचे वाली 'सी' संस्तर से कम से कम 5 प्रतिशत अधिक होता है

**calcification** **कैल्सीकरण, कैल्सीभवन**

1. किसी प्राणी या पौधे के मूल कठोर अंगों का कैल्सियम कार्बोनेट द्वारा प्रतिस्थापन ।
2. मृदा परिक्षेदिका (प्रोफाइल) के किसी संस्तर में कैल्सियम कार्बोनेट के संचयन का प्रक्रम ।

**caliche** **कालीचे**

पृष्ठ के पास एक परत जो मृदा घोल से अवक्षेपित कैल्सियम अथवा मैग्निसियम के द्वितीयक कार्बोनेटों द्वारा लगभग सीमेन्टित होती हैं । यह मृदु, पतले मृदा संस्तर के रूप में सोलम के एकदम नीचे कठोर मोटे संस्तर अथवा अपरदन द्वारा खुले पृष्ठ परत के रूप में होती है ।

**cambic horizon** **कैम्बिक होराइजन, कैम्बिक संस्तर**

ऐसा खनिज मृदा संस्तर जिसका गठन अत्यधिक बारीक बालू युक्त दुमटी जैसा होता है । इसमें कुछ अपक्षयी खनिज होते हैं और खनिज पदार्थ का परिवर्तन या हटाया जाना इसकी विशेषता है । इसमें सीमेन्टन या दृढ़ीकरण नहीं होता और अपोहन इतना कम होता है कि मृण्मय या स्पोडिक संस्तर की आवश्यकताओं की पूर्ति नहीं हो सकती ।

**Canopy** **वितान**

भूतल के उपर किसी पौधे के पर्ण समूह के फैलाव वाला क्षेत्र ।

**capillary potential** **केशिका विभव**

आकर्षण बलों द्वारा मृदा में जलधारण की एक युक्ति । इसे मृदा में केशिकी बल के विपरीत जल संचलन हेतु किए गए कार्य से अभिव्यक्त किया जाता है ।

**capillary porsoity** **केशिका सरंध्रता**

मृदा में लघु रंध्रों का आयतन जो गुरूत्वाकर्षणके विरुद्ध जल को रोके रखता है ।

**capillary rise** **केशिकीय उन्नयन**

द्रवस्थैतिक सतह के ऊपर केशिकीय प्रभाव से जल का उठाव ।

**capillary water** **केशिका जल**

1. मृदा 'केशिका' अथवा छोटे रंध्रों में धारित जल जिसका तनाव प्रायः पानी के 60 सेंमी से अधिक होता है ।
2. मृदा कणों के चारों ओर सतत परत के रूप में पृष्ठीय तनाव बलों द्वारा रोका गया जल जो मृदा रंध्रों में धारण किया जाता है ।

**carbonaceous rock** **कार्बनयुक्त शैल**

वह शैल अथवा अवसाद जो पादप और प्राणि अवशेषों तथा उनके उत्पादों से युक्त होता है चाहे वे शैलों में एक मूल घटक के रूप में हों या बाद में समाविष्ट हुए हों ।

**carbon cycle** **कार्बन चक्र**

रूपांतरणों का वह अनुक्रम जिसमें कार्बन डाइऑक्साइड प्रकाश संश्लेषण अथवा रस संश्लेषण द्वारा जीवधारियों में यौगिकीकृत होती है जो श्वसन द्वारा और यौगिकी कारक जीवों की मृत्यु तथा अपघटन से निकलती है और विषमपोषी जातियों द्वारा काम में लाई जाती है तथा अंत में मूल अवस्था में लौटा दी जाती है ।

**carbon/nitrogen ratio** **कार्बन नाइट्रोजन अनुपात**

मृदा अथवा जैविक पदार्थ में जैविक कार्बन (कार्बनिक कार्बन) के भार का कुल नाइट्रोजन के भार से अनुपात ।

**carry-over soil moisture** **अवशेष मृदा आर्द्रता**

फसल–काल में या फसल बोये जानेसे पहले शस्य मूल क्षेत्र में संचित आर्द्रता जो परवर्ती फसलों के लिए अंशत: अथवा पूर्णत: काम में आती है ।

**'cat' clays** **'कैट' मृत्तिका**

गंधक के अपचित रूपों की उच्च मात्रा से युक्त गीली मटियार मृदाएं जो जल निकास के पश्चात् अत्यधिक अम्लीय हो जाती हैं । ऐसा गंधक के यौगिकों के ऑक्सीकरण और सल्फ्यूरिक अम्ल बनने के कारण होता है ।

**catena** **कैटीना (मृदा अनुक्रम)**

समान जलवायु परिस्थितियों में एक जैसे जनक पदार्थ से व्युत्पन्न लगभग समान आयु की मृदाओं का अनुक्रम जिसके अभिलक्षणों में उच्चावच और जल निकास के कारण भिन्नता होती है ।

**catena (obsolete)** **कैटेना (लुप्त प्रयोग)**

समान जलवायु एवं जनक पदार्थ; किंतु विभिन्न उच्चावस्था और अपवाह अवस्थाओं में विकसित मृदा अनुक्रम । आजकल कैटेना के लिए स्थलानुक्रम का प्रयोग किया जाता है ।

**cation** **धनायन**

1. धनात्मक आवेशवाला आयन । सामान्य मृदा आयन : जैसे कैल्सियम($Ca^{++}$), मैग्नेशियम ($Mg^{++}$), सोडियम ($Na^{++}$) पोटैशियम ($K^{+}$), तथा हाइड्रोजन ($H^{+}$) इत्यादि ।

2. धनात्मकरूप से आवेशित आयन जो विद्युत- अपघटन के दौरान कैथोड की ओर आकर्षित होता है ।

**cation exchange** **धनायन विनिमय**

विलयन अथवा किसी भी पृष्ठ-सक्रिय पदार्थ जैसे मृत्तिका अथवा जैव पदार्थ के पृष्ठ पर स्थिति धनायनों तथा दूसरी धनायनों के बीच पारस्पारिक विनिमय ।

**cation exchange capacity** **धनायन विनिमय क्षमता**

विनिमयशील धनायनों का कुल योग जिसे मृदा अधि- शोषित कर सकती है । कभी-कभी इसे 'कुल - विनिमय क्षमता' क्षारक-विनिमय क्षमता' अथवा 'धनायन-अधि- शोषण क्षमता' भी कहते है । इसे सेन्टीमोल प्रति कि०ग्राम मृदा में अभिव्यक्त किया जाता है ।

**cemented** **सीमेन्टित**

कठोर, भंगुर गाढ़तावाली परत जिसमें मृदा कण ह्यूमस, कैल्सियम कार्बोनेट सिलिकॉन, लौह और एल्यूमिनियम के ऑक्साइडों जैसे पदार्थों से आपस में जुड़े रहते हैं ।

**cemented soil** **सिमेंटित मृदा**

कोलॉयडी मृत्तिका, लौह, सिलिका या अलुमिना हाइड्रेट लाइम आदि संपोजी कारकों से दृढ़तापूर्वक संसक्त मृदाएं ।

**chemical nitrogen fixation** **रासायनिक नाइट्रोजन यौगिकीकरण**

उच्च ताप और दाब पर संयंत्रों द्वारा अमोनिया उत्पादन एवं उर्वरक निर्माण की प्रक्रिया ।

**chemical property** **रासायनिक गुण**

मृदा का रासायनिक संघठन । यथा – जैव कार्बन की मात्रा, नाइट्रोजन, फासफोरस, पोटाश, पी.एच., वैद्युत चालकता आदि ।

**chernozem soil** **चर्नोजेम मृदा**

उपार्द्र जलवायु में विकसित अत्यधिक जैव पदार्थ युक्त काली या लगभग काली घास–स्थल मृदा ।

**chestnut soil** **चैस्टनट मृदा**

उपार्द्र से अर्ध शुष्क जलवायु में मिश्रित लंबे और छोटे क्षेत्रों में विकसित गहरे भूरे पृष्ठवाली मृदा ।

**chlorite** **क्लोराइट**

1. 2:1:1 प्रकार की परत संरचनावाले सिलिकेट खनिज जिसमें मैग्निशियम बहुल अष्टफलकीय चादर वाली 2:1 परतें एकांतर क्रम में विद्‌यमान होती हैं ।

2. 2:1 प्रकार के सिलिकेट खनिजों का स्तर–संरचित समूह जिसका एक अंतः स्तर होता है जो धन आवेशित धातु हाइड्राक्सॉइड अष्टफलकीय परत परिपूरित होता है । इसके दो प्रकार होते हैं – ट्राइअष्टफलकीय और डाइअष्टफलकीय ।

**c horizon** **सी संस्तर**

1. सामान्यतः सोलम के नीचे एक खनिज संस्तर जो जैविक क्रिया तथा मृदा जनन से अपेक्षाकृत अप्रभावित रहता है और उसमें 'ए' या 'बी' संस्तर के गुणधर्म नहीं होते ।

2. सी–मृदा संस्तर बी–संस्तर के नीचे होता है, परंतु उस आधार शैल के नीचे नहीं होता; जिससे सोलम संमृदा का विकास होता है ।

**choropleth map** **वर्णमापी मानचित्र**

वह मानचित्र जिसमें समान गुण मूल्यवाले क्षेत्रों को असंलग्न सीमाओं द्वारा विभक्त किया जाता है ।

**chroma** **क्रोमा**

रंग के तीन चरों में से एक जो किसी वर्ण (रंग की सापेक्ष) शुद्धता दर्शाता है और निर्धारक तरंग दैर्ध्य के प्रभाव क्षेत्र से सीधा संबंधित होता है ।

**chronosequence** **काल अनुक्रम**

ऐसी सम्बद्ध मृदाओं का अनुक्रम जो मृदा निर्माणक कारकों के रूप में मुख्यतः समय अंतराल के कारण एक दूसरे से भिन्न होती हैं ।

**clay** **मृत्तिका, चिकनी मिट्टी**

1. मृदा कण वर्ग जिनके कणों का तुल्य व्यास 0.002 मि.मि. से कम होता है ।

2. असंपिंडित खंडन निक्षेप जिसके कणों का साइज 1/256 मि.मि. से कम होता है ।

3. अत्यंत सूक्ष्म गठन का एक मटियारा निक्षेप जो गीला होने पर प्रायः प्लास्टिक होता है और गरम करने पर कठोर तथा अश्मवत् हो जाता है । सामान्यतः इसकी विशेषता यह है कि इसमें ऐलुमिना के जलीय सिलिकेट प्रचुर मात्रा में होते हैं तथा साथ ही साथ फेल्सपार, विभिन्न सिलिकेट, क्वार्ट्ज एवं कार्बोनेट और लोहमय तथा जैव पदार्थ विचरणशील मात्रा में विद्यमान रहते हैं । इसके घटकों का कुछ अनुपात प्रायः कोलाइडी अवस्था में रहता हैं । और तब यह अकोलाइडी पदार्थों के कणों तथा पत्रकों के प्रति एक स्नेहक के रूप में कार्य करता है ।

4. 2µ से छोटे सर्वाधिक क्रियाशील पृष्ठवाले मृदा कण ।

**clayey** **मृण्मय**

जिस मृदा में 35 प्रतिशत से अधिक मृत्तिका होती है, उसे मृण्मय मृदा कहते हैं ।

**clay marl** **मृत्तिका मार्ल**

वह मार्ल जिसमें मृत्तिका की अधिकता होती है ।

**clay mineral** **मृत्तिका खनिज**

1. मृदाओं और अन्य मृत्तिकामय निक्षेपों में प्राकृतिक रूप से पाए जाने वाला अकार्बनिक पदार्थ जिसके कणों का व्यास मृत्तिका के साइज 002 मि.मि. से अधिक होता है।

2. द्वितीयक खनिज जिसके कण दो माइक्रॉन से छोटे होते हैं और जिसका पृष्ठ सक्रिय होता है ।

**clay Pan** **मृत्तिका पटल**

अवमृदा में एक सघन, संहत और धीरे-धीरे पारगम्यतायुक्त परत जिसमें मृत्तिका का अंश उसके ऊपर वाले पदार्थ से कहीं ज्यादा होता है । एक सुस्पष्ट परिसीमा इस परत को ऊपरवाली परत से अलग करती है । सूखे मृत्तिका पटल प्राय: कठोर होते हैं जबकि गीले सुघट्य(प्लास्टिक) और चिपचिपे होते हैं ।

**clay stone** **मृत्तिकाश्म**

(क) किसी मृत्तिका संस्तर में निर्मित कैल्सियमी संग्रथन ।

(ख) मृत्तिका युक्त मटियारा फेल्सपारी शैल ।

**cleavage** **विदलन**

पूर्व निर्धारित तलों के अनुसार खनिज या शैल का विपाटन ।

**climate** **जलवायु**

मौसम की दीर्घकालीन स्थिति ।

**climosequence** **जलवायु अनुक्रम (क्लाइमोसीक्वेंस)**

ऐसी संबद्ध मृदाओं का अनुक्रम जो मृदा निमयिक कारक के रूप में मुख्यतः जलवायु भिन्नता के कारण एक दूसरे से भिन्न होती हैं ।

**clinosequence** **क्लाइनोअनुक्रम**

ऐसी संबद्ध मृदाओं का समूह जो मुख्यतः ढाल प्रवणता के कारण एक दूसरे से भिन्न होती हैं ।

**clod** **ढेला**

मृदा का कृत्रिम रूप से निर्मित संहत और संसक्त पिंड जो बहुत अधिक गीली या बहुत अधिक सूखी मिट्टी की जुताई अथवा खुदाई से बनता है ।

**coarse fragments** **मोटे खंड**

शैल खड और/या खनिज कण जिनका व्यास 2 मि.मी. से अधिक होता है ।

**coarse texture** **स्थूल गठन**

1. बहुत बारीक बलुई दुमट को छोड़कर बालू, दुमटी बालू और बलुई दुमट मृदाओं द्वारा प्रदर्शित गठन ।
2. इसमें अत्यंत बारीक बलुई दुमट मृदा गठन को छोड़कर बालू, दुमटी बालू, बलुई दुमट मृदाएँ शामिल हैं । कभी-कभी इनका उपविभाजन बलुई तथा मध्यम स्थूल गठन वाले वर्गों के रूप में भी किया जाता है ।

**coastal alluvium** **तटीय जलोढक**

इन मृदाओं पर समुद्री जल, लवण, गठनगत बलुई दुमट, अत्यधिक अपवाह, अल्प जलधारण क्षमता, अल्प पादप पोषकों का प्रभाव पड़ता है ।

**coating** **विलेपन (कोटिंग)**

किसी पदार्थ की वह परत जो किसी पृष्ठ को पूर्णत: या आंशिक रूप से ढक लेती है । कोटिंग का संयोजन विभिन्न प्रकार के पदार्थों (यथा मृत्तिका, लौह, चूने) द्वारा एकल या संयुक्त रूप से होता है ।

**cobblestone rounded** **गोलाश्मिका**

गोल या आंशिक रूप से गोल शैल अथवा खनिज के टुकड़े जिनका व्यास 7.5 – 25 सेंमी. होता है ।

**coefficient of linear extensibility(Cole)** **अनुदैर्ध्य प्रसार की गुणांक**

किसी ढेले की आर्द्र एवं शुष्क लंबाई के बीच के (उसकी शुष्क लंबाई के प्रति) अंतर तथा उसका अनुपात । (एल.एम.एस.डी.)/एल.डी.जब एल.एम. लंबाई जिसमें आर्द्र काअर्थ 1/3 बार तनाव तथा शुष्क का अर्थ वायु शुष्क है ।

**coefficient of variation** **विचरण गुणांक**

माध्य की प्रतिशतता के रूप में व्यक्त किया गया मानक विचलन ।

$$\text{वि॰गु॰ } (\%) = \frac{\text{मानक विचलन}}{\text{माध्यम}} \times 100$$

**cohesion** **संसंजन**

समान अणुओं के बीच आकर्षण के कारण ठोस या द्रव को आपस में बांधे रखने वाला बल जो तापमान के बढ़ने के साथ-साथ कम हो जाता है ।

**colloid** **कोलॉइड**

विद्युत आवेशित अति सूक्ष्म कण जिसका व्यास सामान्यत: $10^{-6}$ से $10^{-4}$ मि.मि. तक होता है ।

**colloidal clay** **कोलॉइडी मृत्तिका**

एक माइक्रॉन से छोटे ऋण आवेशी मृत्तिका कण जो भौतिक एवं रासायनिक गुण धर्मों का निर्धारण करते हैं ।

**colluvium** **मिश्रोढक**

शैल खंडों और मृदा पदार्थ का निक्षेप जो गुरूत्वाकर्षण क्रिया के कारण खड़ी ढालों के आधार पर जमा हो जाता है ।

**colony** **कॉलोनी**

प्राणियों या पौधों के किसी जाति विशेष का ऐसा समूह जिसमें जीव आपस में इस तरह संगठित रहते हैं कि सदस्यों का स्वतंत्र अस्तित्व नहीं होता ।

**compaction** **संहनन**

भारी कृषि मशीनों के प्रयोग द्वारा उत्पन्न यांत्रिक बलों के कारण स्थल घनत्व में वृद्धि ।

**component soil** **घटकीय मृदा**

वह मृदा जिसका औपचारिक नाम और विवरण होता है । इसमें मानचित्र यूनिट का निरूपण शामिल है जिसे मानचित्र यूनिट का नाम दिया जाता है ।

**composite map** **मिश्रित मानचित्र**

कई मानचित्रों के विलय से निर्मित एकल मानचित्र

**composting** **कम्पोस्ट बनाना**

वह जैव प्रक्रिया जिसमें वायुजीवी तथा अवायवीय दोनों प्रकार के सूक्ष्म जीव विस्तृत कार्बन : नाइट्रोजन अनुपात के कार्बनिक पदार्थ का अपघटन करते है । कचरे के कार्बन : नाइट्रोजन अनुपात को कम करते हैं । कम्पोस्टिंग का अंतिम उत्पाद अच्छी तरह खड़ा हुआ खाद होता है ।

**concentration** **सांद्रण (सांद्रता)**

किसी संरूपण अथवा मिश्रण के भार तथा आयतन में सक्रिय संघटक की मात्रा ।

**concretion** **संग्रथन**

कैल्सियम कार्बोनेट या लौह ऑक्साइड जैसे रासायनिक यौगिक का स्थानीय सांद्रण जो विभिन्न आकार, रूप, कठोरता और रंग के दानों या ग्रंथिकाओं के रूप में होता है ।

**conglomerate** **संगुटिकाश्म**

अवसादी शैल जिसकी रचना चूने या अन्य पदार्थ द्वारा संयोजित गोल खंडाश्मों से हुई हो ।

**coniferous forest** **शंकुधारी वन**

वह वन जिसमें आमतौर पर सूच्याकार पत्तियों वाले शंकुनुमा वृक्ष होते हैं । ये अधिकांशतः कनाडा, उत्तरी यूरेशिया और भारत में हिमालय के भागों में पाए जाते हैं ।

**conservation requirements** **संरक्षण संबंधी आवश्यकताएँ**

एक भूमि खंड जिसे किसी भूमि उपयोग के अंतर्गत अपने प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण की आवश्यकता है ।

**consistence** **गाढ़ापन**

विरूपण या संविदारण के प्रति मृदा का प्रतिरोध जिसका निर्धारण मृदा कणों को एक दूसरे के प्रति संसंजन या आसंजन की मात्रा (डिग्री) के अनुसार होता है ।

**contour** **समोच्च रेखा, कन्टूर**

1. एक काल्पनिक रेखा जो मृदा की सतह पर समान उच्चता के बिन्दुओं को जोड़ती है ।
2. स्थलाकृति मानचित्र (टोपोशीटों) आदि में प्रदर्शित समान ऊँचाई के बिंदुओं को जोड़ने वाली रेखा ।

**contour farming** **समोच्च कृषि**

समोच्च रेखा के साथ-साथ खेती करने की विधि । इससे अपवाह कम होता है और नमी का संरक्षण अधिक होता है तथा फसल उत्पाद में वृद्धि होती है ।

**contour interval** **समोच्च रेखांतराल**

मानचित्र पर आसन्न समोच्च रेखाओं के बीच ऊँचाई में अंतर ।

**contour map** **समोच्च रेखी मानचित्र**

ऊँचाई के नियमित अन्तरालों पर खींची गई समोच्च रेखाओं के द्वारा (जैसे प्रत्येक 20 फुट के लिए एक) पृष्ठ के आकृति विन्यास को प्रदर्शित करने वाला मानचित्र ।

**contour terrace** **समोच्च वेदिका**

ढलवाँ मृदा पर ढाल की दिशा के समकोणों पर बनाई गई समोच्चरेखा वेदिका जो लगभग समतल होती है ।

**correlation** **सहसंबंध**

2 चर मात्राओं के बीच इस प्रकार का संबंध कि सामान्यत: एक चर की वृद्धि या कमी दूसरे चर की वृद्धि या कमी से जुड़ी होती है ।

**correlations coefficient (R)** **सहसंबंध गुणांक**

+1 से –1 तक सह संबंध रेजों की डिग्री । 0 के सह– संबंध गुणांक का अर्थ है कि 2 चर परस्पर संबद्ध नहीं है । +1 या –1 का 'आर' (r) मूल्य पूर्ण सहचरण दर्शाता है । धनात्मक (+) सहसंबंध का अर्थ किसी एकचर के उच्च मूल्य अन्य चर के उच्च मूल्यों से संबंद्ध होते हैं । ऋणात्मक (–) सहसंबंध का अर्थ है कि यदि एक चर में वृद्धि होती है तो दूसरे चर में ह्रास होने लगता है । दो सहसंबंधी गुणों के मूल्यों का गुणांक ।

**$C_3$ plant** **$C_3$ पादप**

वह पौधा जिसमें $Co_2$ स्थिरीकरण का प्रथम उत्पाद, 3 – कार्बन यौगिक तथा फास्फोग्लिसरिक अम्ल होते हैं और जो प्रकाश संश्लेषण की दृष्टि से कम सक्षम होते हैं ।

**$C_4$ plant** **$C_4$ पादप**

वह पौधा जिसमें $Co_2$ स्थिरीकरण का प्रथम उत्पाद 4 कार्बन यौगिक तथा ऑक्सैलो ऐसीटिक अम्ल होते हैं और जो प्रकाश संश्लेषण में अधिक सक्षम होता है ।

**creep** **विसर्पण**

विपुल मात्रा में मृदा और मृदा पदार्थ का अपेक्षाकृत सीधे ढालों पर धीमा संचलन । ऐसा मुख्यतः गुरुत्व के कारण होता है । हिमीकरण तथा हिमद्रवण से यह गति सुगम हो जाती है ।

**creep/solifluxion** **विसर्पण/मृदासर्पण**

गुरूत्वाकर्षण के कारण सीधे ढाल के नीचे मृदा या मृदा पदार्थ का मंद अधोगमन । मृदा के ऐसे अधोगमन को जल संतृप्ति बढ़ावा देती है ।

**critical difference** **क्रांतिक अंतर**

विभिन्न उपचारों के प्रभावों के बीच वह न्यूनतम अंतर जो उनमें भिन्नता व्यक्त करता है ।

**critical period** **क्रांतिक चरण**

वह समयावधि जो फसल अथवा पौधे की विकास गति में कारक के प्रति सर्वाधिक प्रभावशील होती है ।

**critical stages (crop)** **क्रांतिक चरण (फसल)**

किसी फसल या पादप के जीवन चक्र में विकास का वह काल जिसमें फसल या पादप–उत्पादन कारक अत्यधिक अनुक्रियाशील होता है ।

**crop calender** **शस्य कालचक्र (कैलेंडर)**

कालचक्र (कैलेंडर) के रूप में किसी क्षेत्र की मानक फसलों की वह सूची जिसमें फसलोत्पादन के लिए खेत की तैयारी से फसल की कटाई तक विभिन्न क्रियाओं की सूची दी जाती है ।

**crop canopy** **सस्य वितान**

पत्तियों के आकार, क्रम, घनत्व और विन्यास के संदर्भ में वायवी वानस्पतिक भागों की वह संरचना जो विकिरण ऊर्जा के वेधन और अवरोधन को प्रभावित करती है ।

**crop duration** **फसल अवधि**

फसल के अकुंरण से पकने तक के दिनों की अवधि ।

**crop evapo - transpiration** **सस्य वाष्पन – वाष्पोत्सर्जन**

फसल उत्पादन की अनुकूल अवस्थाओं में फसल के पूर्ण उत्पादनार्थ किसी विशाल क्षेत्र में उगाई गई फसल के वाष्पन–वास्पोत्सर्जन की क्रिया ।

**crop intensification** **सस्य सघनन**

एक वर्ष में उसी खेत में एक से अधिक फसल उगाने की संकल्पना एवं प्रक्रिया ।

**crop intensity** **फसल सघनता**

किसी क्षेत्र में एक वर्ष में उगायी गयी फसलों की संख्या

$$\text{फसल गहनता} = \frac{\text{किसी वर्ष का कुल फसली क्षेत्र}}{\text{उसी वर्ष का शुद्ध फसली क्षेत्र}} \times 100$$

**cropping system** **सस्य प्रणाली**

किसी भू क्षेत्र में एक निश्चित अवधि में फसल उगाने का क्रम जो उपलब्ध संसाधनों एवं तकनीकी के आधार पर निर्धारित किया जाता है ।

**crop requirement** **सस्य संबंधी जरूरतें**

अच्छे फसलोत्पादन के लिए मृदा एवं पादप वृद्धि संबंधी उपयुक्त दशाएं ।

**crop residue** **शस्य शेष, फसल अवशेष**

फसल कटने के बाद खेत में पौधों या फसल का अवशिष्ट भाग ।

**crop rotation (sequential cropping)** **फसल चक्र, सस्यावर्तन**

किसी खेत में एक साल में फसल उगाने का सुनियोजित क्रम ।

**crop-season** **शस्य काल**

मौसम की दशाओं पर आधारित फसलोत्पादन काल ।

**cross-hatching** **आड़ा रेखाच्छेदन**

मानचित्र पर रेखाओं या प्रतीकों द्वारा क्षेत्रों को छायांकित करने की तकनीक ।

**crotovina** **क्रोटोविना**

किसी जंतु (जानवर) का बिल जो मल या अन्य संस्तर के पदार्थ से भर दिया गया हो ।

**crumb** **आचूर्ण (आकण)**

मृदा संरचना की मृदु, संरध्र या लगभग गोल प्राकृतिक इकाई जिसका व्यास एक से पाँच मि.मी. तक होता है ।

**crushing strength** **संदलन सामर्थ्य**

सूखी मृदा के ढेर को संदलित करने वाला बल या सूखी मृदा के ढेर को संदलित किए जाने का प्रतिरोध । बल प्रति इकाई क्षेत्रफल (दाब) की इकाईयों में अभिव्यक्त ।

**crust** **पपड़ी**

मृदा पृष्ठ की शुष्क परत जो अपने ठीक नीचे वाली मृदा की तुलना में अधिक संहत, कठोर और भंगुर होती है ।

**crystal** **क्रिस्टल**

निश्चित कोण वाले समतल पृष्ठों से परिबद्ध वह समांगी पदार्थ जो एक निश्चित रासायनिक संघटन से युक्त नियमित ज्यामितीय स्वरूप धारण कर लेता है ।

**crystalline rock** **क्रिस्टलीय शैल**

वह शैल जिसमें विभिन्न प्रकार के खनिज मैग्मा के स्थान पर क्रिस्टलित हो गए हों ।

**crystal structure** **क्रिस्टल संरचना**

किसी क्रिस्टलीय पदार्थ में परमाणुओं का क्रमित विन्यास ।

**cultivar** **कृषिजोप जाति (कैलटीवार)**

जाति का वह समानक जो पौधों के ऐसे समुच्चय के रूप में जाना जाता है जिसकी पहचान किसी विशिष्ट लक्षणों (आकृतिक, क्रियात्मक, कोशिकीय रूप से, रासायनिक इत्यादि) द्वारा स्पष्ट रूप से की जाती है और पुनरुत्पादन के समय उसके वे लक्षण यथावत् बने रहते हैं ।

**cumulative run-off** **संचयी वाह**

किसी विशिष्ट समयावधि के दौरान वाह की कुल मात्रा ।

**cutans** **परतीय मृदा कण**

संस्तरों, प्रस्तरों आदि के पृष्ठ पर मृदा कणों का परत के रूप में जमाव ।

**day-length** **दिनमान**

सूर्योदय और सूर्यास्त के बीच का अंतराल ।

**decalification** **विकैल्सीकरण**

निक्षालन द्वारा मृदा से चूने या कैल्सियम आयनों का हटाया जाना ।

**deciduous forest** **पतझड़ी वन, पर्णपातीवन**

वह वन जिसके वृक्षों का पतझड़ वर्ष की विशेष ऋतु में होता है ।

**decomposition** **अपघटन**

रासायनिक और/या जैव रासयनिक प्रक्रियाओं द्वारा खनिज पदार्थों का सरल यौगिकों अथवा तत्वों में विघटन ।

**deflation** **अपवाहन**

वायु द्वारा पृष्ठ मृदा से बारीक सूक्ष्म मृदा कणों का क्षरण ।

**defloculate** **वि-उर्णित करना**

मृत्तिका समुच्चयनों का व्यष्टिगत कणों में पृथक्करण या भंजन ।

**degree of freedom** **स्वतंत्रता की कोटि**

आँकड़ों की वे संख्याएं जो तुलना हेतु स्वतंत्र होती हैं ।

**delineation** **चित्रण**

किसी मृदा मानचित्र में निर्दिष्ट वह सीमा जो अंतर्वेशनों और/या विविध क्षेत्रों सहित किसी एक या अधिक घटक मृदाओं के क्षेत्र, आकृति तथा स्थिति का निर्धारण करती है ।

**delta** **डेल्टा, नदीमुख**

एक जलोद निक्षेप जो उस जगह बनता है जहाँ नाला या नदी शांत जल में प्रवेश करते समय अपना तलछट छोड़ती है ।

**denitrification** **विनाइट्रीकरण**

आण्विक नाइट्रोजन अथवा नाइट्रोजन के ऑक्साइड के रूपमें मृदा में नाइट्रेट या नाइट्राइट का गैसीय नाइट्रोजन में जैव-रासायनिक परिवर्तन । यह आमतौर पर विनाइट्रीकारक जीवाणुओं द्वारा किया जाता है जिसके परिणामस्वरूप वायुमण्डल में नाइट्रोजन निकल जाती है ।

**denudation** **अनाच्छादन**

अपक्षय और अपरदन द्वारा भूपृष्ठ का क्षरण ।

**desalinization** **विलवणीकरण**

सामान्यतः निक्षालन द्वारा लवणीय मृदा से लवणों का हटाया जाना ।

**desert** **मरुस्थल, मरू**

वह क्षेत्र जहाँ वर्षा विरल होती है और वाष्पन पूरे वर्ष भर वर्षण से अधिक होता है और वनस्पति थोड़ी बहुत या बिल्कुल ही नहीं होती ।

**desert crust** **मरुपपड़ी**

वह कठोर परत जिसमें कैल्सियम, कार्बोनेट, जिप्सम या अन्य बंधक पदार्थ होते हैं । ऐसी परत मरुस्थल क्षेत्रों में भूपृष्ठ पर बनती है ।

**desert pavement** **मरुकुट्टिम**

मरुस्थलों में भूपृष्ठ पर बजरी (ग्रैवेल) या पत्थरों की वह परत जो वायु द्वारा बारीक पदार्थों के हट जाने के बाद रह जाती है ।

**desert soil** **मरु मृदा**

मरु मृदाओं में विलेय लवणों की अधिकता के साथ पी एच (pH) मान भी अधिक होता है तथा कार्बनिक पदार्थ और मृदा नमी कम होती है ।

**desorption** **विशोषण, विचूषण**

शोषित पदार्थ का पृष्ठ से हटाया जाना ।

**detritus** **अपरद**

मृत पौधों और प्राणियों से बना मलबा ।

**diagnostic horizons** **निदानी होराइजन, निदानी संस्तर**

मृदा के कुछ वर्गों के सूचक वे विशिष्ट मृदा अभिलक्षणों के संयोग जो मृदा पृष्ठ पर विद्यमान संस्तर (एपीपेडॉन) और पृष्ठ के नीचे के संस्तरों के अधस्थल निदानी संस्तर ।

**diagnostic surface horizons** **निदानी पृष्ठ होराइजन/संस्तर**

मृदा वर्गिकी में अनेक निदानी पृष्ठ संस्तर काम में प्रयुक्त होते हैं और इन्हें एपिपेडॉन कहते हैं । उदा॰ एन्थ्रोपिक, हिष्टिक, मोलिक, गैरिक, प्लेजन और आर्किक ।

**diara lands** **द्वि–आरा भूमि**

प्राकृतिक तटबंधों के बीच स्थिति भूमि जो विभिन्न समय अवधियों में जल प्लावित हो जाती है और उसमें नदियों के विसर्पण, गुंफन और मार्ग परिवर्तन से समय–समय पर अपरदन होता रहता है ।

**diffusion** **विसरण**

संघटक कणों की गति के फलस्वरूप पदार्थ का अभिगमन । जब दो गैसें या द्रव एक दूसरे के संपर्क में आते हैं तब वे आपस में विसरण द्वारा ही मिश्रित होते हैं ।

**digital elevation model (DEM)** **अंकीय उत्थान मॉडल**

अंकीय रूप में भू–आकृति का मात्रात्मक मॉडल ।

**digitized map** **अंकरूपित मानचित्र**

मानचित्र गत सूचना जिसे निर्देशांक श्रेणियों (उत्तर, पूर्व) के मूल्यों या गुण धर्मों आदि (उदा॰ तुंगता, मृदा श्रेणियाँ, भूमि उपयोग) के संख्यात्मक रूप में अंकित किया जाता है ।

**dioctahedral** **द्विअष्ट फलकीय**

एक अष्टफलकीय शीट या खनिज जिसमें त्रिसंयोजक आयनों (एल्युमिनियम या फेरिक आयन) द्वारा पूरित दो तिहाई अष्टफलकीय स्थल होते हैं ।

**Dirichlet tesselation** **डिरिक्ले कुट्टिम चित्रण**

अध्ययन क्षेत्र को विभक्त करने की वह प्रक्रिया जो प्रतिदर्श क्षेत्र के उन सभी स्थलों को उनके तथा पिछले- प्रतिदर्श स्थल के बीच न्यूनतम दूरी के अनुसार टाइलों में समूहित करती है ।

**disintegration** **विघटन**

भौतिक एवं यांत्रिक प्रक्रियाओं के परिणामस्वरूप शैलों के छोटे-छोटे टुकड़ों में टूटने की क्रिया ।

**disperse** **परिक्षेपण**

यौगिक कणों (पूजों) का व्यष्टि घटक कणों में टूटना ।

**dispersed soil** **परिक्षिप्त मृदा**

वह मृदा जिसमें आमतौर पर निम्न पारगम्यता के साथ मृत्तिका ऐसी कोलॉइडी मृदा का शीघ्र निर्माण करती है जो शुष्क होने पर सिकुड़ जाती है, उसमें दरारें पड़ जाती हैं और सख्त हो जाती है तथा नम होने पर बैठ जाती है और सुघट्य बन जाती है ।

**dispersing agent** **परिक्षेपक**

वह पदार्थ जो समान कणों के बीच संसंजक आकर्षण को कम करताहै जिससे निलम्बन आसान हो जाता है ।

**dispersion** **परिक्षेपण**

वह प्रक्रिया जिसके माध्यम से मृदा की संरचना या समुच्चयन इस ढंग से विघटित हो जाता है कि उसका प्रत्येक कण एक इकाई के रूप में काम करने लगता है ।

**dolomite** **डोलोमाइट**

कैल्सियम और मैग्नेशियम कार्बोनेट से निर्मित प्राकृतिक खनिज पदार्थ ।

**drain** **अपवाहिका (नली)**

भू पृष्ठ के अतिरिक्त जल और भौम जल के अपवाह के लिए वाहिका ।

**drift** **1. वाह 2. अपोढ़**

भूवैज्ञानिक प्रक्रम द्वारा एक स्थान से दूसरे स्थान पर निक्षेपित किसी भी प्रकार का पदार्थ । हिमनदीय वाह में हिमनद और उससे सम्बद्ध सरिताओं तथा झीलों द्वारा लाया गया पदार्थ सम्मिलित है ।

**drought** **सूखा**

मृदा में उपलब्ध जल का इतना अभाव जिससे वांछित वाष्पन – वाष्पोत्सर्जन पूर्ण न हो सके ।

**drum plotter** **ड्रम आलेखित्र**

मानचित्र आलेखन की एक युक्ति जिसमें वाई–एक्सिस के संचलन का नियंत्रण ड्रम के घूर्णन द्वारा किया जाता है ।

**drum scanner** **ड्रम क्रमवीक्षक**

एक युक्ति जिसका प्रयोग मानचित्रों को स्वतः अंकीय रूप में परिवर्तित करने के लिए किया जाता है ।

**dry-farming** **वर्षाधीन खेती; बारानी खेती**

शुष्क या अद्‌र्ध शुष्क क्षेत्रों में सिंचाई के बिना खेती करने की विधि ।

**duff** **आलेपन, डफ**

वन मृदाओं की ग्रथित, आंशिक रूप से अपघटित जैविक ऊपरी परत ।

**dune** **टिब्बा**

वायु द्वारा संचित बालू या अन्य पदार्थ का ढेर जिसका बाह्य आकार पहाड़ी या कटक जैसा होता है ।

**dunes, sand dunes** टिब्बा, बालू टिब्बा

बालू का टीला जिसका जमाव समुद्री तटों पर मरुस्थलों में तथा अन्यत्र वायु द्वारा किया जाता है ।

**duripan** ड्यूरीपैन

खनिज मृदा संस्तर जो सिलिका या लौह ऑक्साइड या कैल्सियम कार्बोनेट द्वारा इस तरह संयोजित हो जाए कि हवा में सूखने पर जल या हाइड्रोक्लोरिक अम्ल में न बुझ सके ।

**dust mulch** धूलि मल्च, धूलि पलवार

मृदा के पृष्ठ पर ढीली, बारीक कणमय अथवा चूर्णिल अवस्था जो प्रायः उथली जुताई के फलस्वरूप होती है ।

**earth moving** मृदा संचलन

कर्षण यंत्रों द्वारा मृदा का संचरण ।

**earthworm** केंचुआ

लम्ब्रिसाइडी कुल के प्राणी जो मिट्टी में बिल बनाकर रहते हैं और पौधे के अवशिष्टों को मृदा में मिलाकर मृदा-वातन में सुधार लाते हैं ।

**ecosytem** पारितंत्र

जीवों तथा उनके वातावरण से संबंधित सक्रिय एवं अंतर क्रियाशील तंत्र ।

**ectodynamosphic soil** बहिः प्रभावित आकृतिक मृदा

वे मृदाएँ जिनके गुण-धर्म मुख्यतः जनक पदार्थ को छोड़कर अन्य कारकों द्वारा प्रभावित हुए हों ।

**edaphic** मृदीय

मृदा या मृदा कारकों से संबंधित या प्रभावित ।

**edaphic factors** **मृदीय कारक**

पौधों की वृद्धि एवं विकास को प्रभावित करने वाले मृदीय कारक । ये कारक भौतिक, रासायनिक और जैविक हो सकते हैं तथा इनमें पी०एच० खनिज और ह्यमूस अंश और अन्य पदार्थ शामिल हो सकते हैं ।

**edaphology** **मृदा विज्ञान**

मृदा और जीवों के परस्पर संबंधों का अध्ययन । इसमें मानवों द्वारा किया गया भूमि उपयोग भी सम्मिलित है ।

**effective soil depth** **प्रभावी मृदा गहराई**

मृदा की गहराई जहाँ तक पौधों की जड़ें प्रवेश कर जल या पोषक तत्वों का उपयोग करती हैं ।

**efflorescence** **लोनियन**

वाष्पन के फलस्वरूप किसी सतह पर घुले हुए लवणों का संचयन ।

**E - horizon** **ई – होराइजन, ई – संस्तर**

सिलिकेट मृत्तिकाओं और लौह तथा एल्युमिनियम ऑक्साइडों के अधिकतम समपोहन के फलस्वरूप निर्मित संस्तर । यह सामान्यत: ए और बी संस्तर के बीच में पाया जाता है ।

**electrokinetic potential** **विद्युत–गतिक विभव**

कोलाइडी तंत्र में परिक्षिप्त प्रावस्था की परत से संलग्न स्थिर परत और परिक्षेपण माध्यम के बीच विभव में अंतर ।

**elevation** **उन्नयन, ऊँचाई**

माध्य समुद्रतल से मापी गयी भू सतह या किसी बिन्दु की ऊर्ध्वाधर दूरी ।

**eluvial** **1. अनूढ़ 2. अवक्षाली**

1. अनूढक से संबंधित या उससे बना हुआ ।
2. अवक्षालन अथवा अवक्षालित पदार्थों या क्षेत्रों (यथा – मृदाओं या मृदा-संस्तरों) से संबंधित ।

**eluvial** **अवक्षाली**

वह मृदा जिसके संस्तर पदार्थ अवक्षालन प्रक्रिया के माध्यम से अलग हो जाते हैं ।

**eluvial horizon** **अवक्षाली संस्तर**

वह संस्तर जहाँ से विलय या निलम्बन के रूप में पदार्थ को हटा दिया गया हो । सामान्यतः इसे 'E' कहा जाता है ।

**eluviation** **अवक्षालन**

1. वाष्पन की अपेक्षा वर्षा अधिक होने के दौरान जल की अधोमुखी या पाश्वींय गति द्वारा मृदा के भीतर ही भीतर विलीन या निलंबित मृदा-पदार्थ का परिवहन ।
2. वर्षा की मात्रा वाष्पन से अधिक होने की स्थिति में अंतः स्रावी जल द्वारा विलय या निलंबन के संस्तर से मृदा संघटकों को हटाए जाने की प्रक्रिया ।

**emulsifiable concentrate** **पायसीकरणीय सांद्र**

आविषाक्तों के विलय से कार्बनिक विलायक में पायसीकारकों द्वारा प्रस्तुत उत्पादन ।

**emulsion** **पायस**

मुख्यतः जल या पीड़कनाशी में तैल पदार्थों अथवा कभी- कभी तैल में सूक्ष्म जल-कणों का परिक्षेपण ।

**endodynamorphic soils** **अधस्थ प्रभावित मृदाएं**

जनक पदार्थ से प्रभावित गुण-धर्म वाली मृदाएँ ।

**enrichment (soil)** **मृदा समृद्धीकरण**

पोषक तत्वों को मिलाकर मृदा की उर्वरता को बढ़ाना ।

**entisol** **एन्टीसोल**

अल्पविकसित (ए-सी) संस्तर मृदा जिसमें आक्रिक (ochric) एपीपेडॉन को छोड़कर नैदानिक संस्तर नहीं होता । यू॰एस॰ मृदा वर्गीकरण प्रणाली के 11 मृदा वर्गों में से एक ।

**eolian (aeolian)** **वायूढ़, वायुकृत**

वायु द्वारा निक्षेपित अथवा उसकी अपरदन क्रिया से संबंधित । इस विशेषण का प्रयोग उन निक्षेपों के लिए किया जाता है जिनके घटक वायु द्वारा वाहित होकर निक्षेपित होते हैं ।

**eolian soil material** **वायूढ़ मृदा**

वायु क्रिया द्वारा एकत्रित मृदा पदार्थ ।

**epipedon** **ऐपिपेडॉन**

एक निदानी पृष्ठ संस्तर जो जैविक पदार्थ या ऊपरी अवक्षाली संस्तरों अथवा दोनों प्रभाव से काले रंग का हो जाता है ।

**equivalent basicity** **तुल्यमानी क्षारकता**

कैल्सियम कार्बोनेट ($CaCo_3$) के भार के अनुसार भागों की वह संख्या जो उर्वरक के भार के अनुसार 100 भागों की अम्ल निष्प्रभावन क्षमता के संगत होती है ।

**erodibility** **अपरदनीयता**

अपरदन के प्रति किसी मृदा में प्रतिरोध का अभाव ।

**erosion** **अपरदन**

1. प्राकृतिक कारकों द्वारा भू-पर्पटी के पदार्थों का घिसना और उनका अपनयन । इस के अंतर्गत सामान्यतः अपक्षयण, संक्षरण, संक्षारण एवं परिवहन आदि प्रक्रम सम्मिलित किए जाते हैं । जिन कारकों से घिसने की क्रिया प्रतिफलित होती है उनमें प्रवाही जल, लहरें, गतिमान बर्फ और वायु घाराएँ मुख्य हैं ।

2. प्रवाही जल, वायु या बर्फ द्वारा भू-पृष्ठ का क्षरण ।

**erosion resistant crop** **अपरदन रोधी फसल**

मृदा अपरदन रोकने वाले सघन पर्ण एवं मूल (जड़) वाली फसलें । ऐसी फसलें जो अपने सघन पर्ण मूल के कारण मृदा का अपरदन रोकती है ।

**erosivity** **अपरदनकारिता**

मृदा क्षरण करने में वर्षा की क्षमता ।

**esker** **एस्कर, हिमनद मृदकटक**

बजरीमय अथवा बलुई हिमनदीय सामग्री का संकीर्ण कटक जो पश्चगामी हिमनद में बर्फीली घाटी अथवा सुरंग में धारा द्वारा निक्षेपित किया जाता है ।

**essential elements** **आवश्यक तत्व**

पादपों को मृदा तथा वायु से प्राप्त होने वाले आवश्यक पोषक तत्व जिनके अभाव में पौधे का जीवन-चक्र पूरा नहीं हो पाता ।

**eutrophic** **सुपोषणी**

1. पोषक तत्वों की अभीष्टतम मात्राओं से युक्त मृदा विलयन या जल का घोल ।

2. मृदा का ऐसा विलय जिसमें अभीष्टतम मात्रा में पोषक तत्व विद्यमान हो ।

3. पोषकों की ऐसी सांद्रता जो पौधों या प्राणियों की वृद्धि के लिए इष्टतम य लगभग इष्टतम हो ।

**evaporation** **वाष्पन**

द्रव को वाष्प में बदलने की प्रक्रिया ।

**evaporimeter** **वाष्पनमापी**

नियत समय अंतराल में वायुमंडल में वाष्पित जल की मात्रा का मापन–यंत्र ।

**evapotranspiration** **वाष्पन–वाष्पोत्सर्जन**

मृदा–पृष्ठ से वाष्पन तथा पादपों द्वारा वाष्पोत्सर्जन के फलस्वरूप मृदा से जल की हानि ।

**excessively drained** **अत्यधिक अपवाहित**

वह मृदा जिसमें द्रुत अंत: स्रवण गति अथवा सतह प्रवाह के कारण जल का तेजी से निष्कासन होता है ।

**exchangeable anion** **विनिमयी ऋणायन**

मृत्तिका पृष्ठ या ह्यूमस पर अवशोषित ऋणायन जो एक दूसरे से विस्थापित हो जाते हैं ।



5—23/CSTT/ND/97

**exchangeable cation** **विनिमयी धनायन**

मृत्तिका पृष्ठ या ह्यूमस पर अवशोषित धनायन जो एक दूसरे से विस्थापित हो जाते हैं ।

**exchangeable cation percentage (ECP)** **विनिमयी धनायन प्रतिशतता**

मृदा की धनायन संतृप्ति या धनायन विनिमय क्षमता की

प्रतिशत अभिव्यक्ति/इसकी अभिव्यक्ति इस प्रकार की जाती है :-

$$\text{वि०ध०प्र०} = \frac{\text{विनिमयी धनायन (m.e./100g. मृदा)}}{\text{धनायन-विनिमय क्षमता(m.e./100g. मृदा)}} \times 100$$

**exchangeable phosphate** **विनिमयी फॉस्फेट**

ठोस मृदा पर उत्क्रमीय ढंग से अवशोषित फास्फेट ऋणायन जो कि ऋणायनिक संतुलन प्रक्रियाओं द्वारा अन्य आयनों के साथ विलयन आवस्था से आण्विक विलयन प्रावस्था में परिवर्तित हो सकता है ।

**exchangeable potassium** **विनिमयी पोटाशियम**

मृदा के कोलाइडी भाग पर अवशोषित पोटाशियम जो पोटाशियम रहित जल विलेय उदासीन लवण विलयनों के धनायन से आसानी से विस्थापित हो सकता है ।

**exchangeable sodium percentage(ESP)** **विनिमयी सोडियम प्रतिशतता**

मृदा विनिमय कांप्लैक्स पर विनिमयी सोडियम की प्रतिशत संतृप्तिा ।

$$\text{वि०सो०प्र०} = \frac{\text{सोडियम विनिमय क्षमता (m.e./100g. मृदा)}}{\text{धनायन-विनिमय क्षमता(m.e./100g. मृदा)}} \times 100$$

**exchange capacity** **विनिमय क्षमता**

आयनों के अधिशोषण में सक्रिय अधिशोषण कांप्लैक्स का कुल आयनिक आवेश ।

**excitation (nuclear)** **उत्तेजन (नाभिक)**

किसी केंद्रक, परमाणु या अणु का उस ऊर्जा स्तर तक संचरणजो उसकी मूल अवस्था से अधिक हो ।

**exergonic reaction** **ऊर्जाक्षेपी अभिक्रिया**

ऊर्जामोचन करने वाली अभिक्रिया । इसे ऋणात्मक रूप में व्यक्त किया जाता है ।

**exfoliation** **अपशल्कन**

वह अपक्षयण प्रक्रिया जिसके दौरान शैल पृष्ठ से उसकी पतली परतें उतर जाती हैं । इन परतों के उतरने का कारण तापमान में घट–बढ़ है । इस प्रक्रिया को प्याजवत् 'त्वचा अपक्षयण' भी कहते है ।

**experimental design** **प्रयोगात्मक डिजाइन**

किसी प्रयोग की तर्कसंगत संरचना जिससे सत्यतापूर्ण परिणाम प्राप्त करने में मदद मिलती है ।

**extinction** **विलोपन**

वह स्थिति जिस पर क्रिस्टल क्रॉस ध्रुवित प्रकाश में वापस चला जाता है ।

**extrapolation** **बहिर्वेशन**

स्थानिक नमूने के परिणामों को सर्वेक्षित क्षेत्र के बाहर अन्य स्थलों पर लागू करना ।

**facultative organism** **विकल्पी जीव**

ऐसा जीव जिसमें वायवी और अवायवी उपापचय दोनों की क्षमता हो ।

**faecal pellets** **विष्ठा गुटिका**

मृदा प्राणिजात द्वारा उत्पादित विष्ठा गुटिकाओं के गोल तथा उपगोलित पुंज ।

**fallow land** **परती भूमि**

वह भूमि जिसमें एक या अधिक फसली मौसमों में खेती नहीं की जाती ।

**false colour imagery** **आभासी वर्ण प्रतिबिम्ब**

वह विशेष फिल्म जो अवरक्त विकिरण (जो अदृश्य होती है) को अंकित करती है । दृश्य वर्ण स्पेक्ट्रम के आर-पार घूमते हैं ताकि लाल प्रकाश किरणों को हरा तथा हरे प्रकाश को नीला अंकित किया जा सके । आभासी वर्ण फिल्म का प्रयोग उपग्रह प्रतिबिम्ब के लिए किया जा सकता है तथा यह विभिन्न प्रकार की वनस्पति और फसलों का अंतर बताने के लिए अत्यंत उपयोगी है क्योंकि जीवित वनस्पति में पर्णहरित होता है जिससे जबरदस्त अवरक्त विकिरण परावर्तित होता है ।

**family** **कुल**

प्रायः पौधों के विकास के लिए महत्वपूर्ण भौतिक और खनिजीय गुणों के आधार पर मृदा कुलों का निर्धारण किया जाता है ।

**fast neutrons (nuclear)** **द्रुत न्यूट्रॉन (नाभिक)**

वे न्यूट्रॉन जिनमें लगभग 0.1 मि. इ. वोल्ट से अधिक ऊर्जा होती है ।

**fermentation** **किण्वन**

सूक्ष्म जीवों द्वारा जटिल कार्बनिक यौगिकों का सरल यौगिकों के रूप में परिवर्तन ।

**ferralitisation** **फेरालाइटीकरण**

मृदा के बी संस्तर में लौह एल्युमिनियम ऑक्साइडों का अत्यधिक मात्रा में संचित होना । यह प्रक्रिया मुख्यतः ऊष्णकटिबंधीय मृदाओं में होती है ।

**ferrihydrite** **फेरीहाइड्राइट**

$Fe_5HO_84H_2O$ एक असित रक्ताभ भूरा तथा अल्पक्रिस्टलीय लौह ऑक्साइड खनिज जो क्लेदित मृदाओं में पाया जाता है ।

**ferro-magnesian** **लोह मैग्नीशियमी**

क. (खनिजिकी में) लोहा तथा मैग्नीशियम से युक्त खनिजों के लिए प्रयुक्त एक शब्द ।

ख. (शैलिकी में) उन शैलों के लिए प्रयुक्त एक शब्द जिनमें लोहा तथा मैग्नीशियम से युक्त खनिजों की बहुलता होती है ।

**ferruginous soil** **लौहमय मृदा**

वह मृदा जिसमें लौह खनिज विशेषतः लाल या लाल छाया अथवा पीले और भूरे रंग के लाइमोनाइट तथा हेमाटाइट अत्यधिक मात्रा में पाए जाते हैं ।

**fertility (soil)** **उर्वरता (मृदा)**

किसी मृदा की वह क्षमता जिसके आधार पर सभी आवश्यक पोषक तत्व पर्याप्त मात्रा और संतुलित रूप में पौधों को सरलतापूर्वक उपलब्ध हो सके ।

**fertilizer** **उर्वरक**

सघन मात्रा में पादप पोषक तत्व प्रदान करने वाले पदार्थ जिनका निर्माण भौतिक तथा रासायनिक प्रौद्योगिक-प्रक्रियाओं द्वारा किया जाता है ।

**fertilizer requirement** **उर्वरक आवश्यकता**

पौधों को मिट्टी से प्राप्त होने वाली मात्रा के अतिरिक्त पोषक तत्वों की वह मात्रा जो पौधे की इष्टतम वृद्धि के लिए आवश्यक है ।

**fibric material** **रेशाक पदार्थ**

अपविघटित रेशायुक्त सुरक्षित मृदा कार्बनिक पदार्थ जो वानस्पतिक मूल के रूप में पहचाने जा सकते हैं ।

**field capacity** **मृद् जलधारिता**

वह जल जो फालतू पानी के अपवाहित होने के बाद मृदा में शेष रह जाता है ।

**field capacity (field moisture capacity)** **नमी धारण क्षमता**

1. मिट्टी के जल संतृप्त होने के दो-तीन दिन बाद अवशिष्ट पानी का प्रतिशत ।
2. जल की कुल मात्रा जो अध:स्थ असंतृप्त मृदा में मुक्त रूप से अपवाहित अतिरिक्त जल के रूप में शेष रह जाती है । इसकी अभिव्यक्ति शुष्कित मृदा की प्रतिशतता के रूप में की जाती है ।

**field efficiency** **जलधारक दक्षता**

प्रभावी मृद्जल धारिता और सैद्धांतिक मृद्जल धारिता का वह अनुपात जिसकी अभिव्यक्ति प्रतिशतता में की जाती है ।

**field moisture deficiency** **क्षेत्र आर्द्रता प्रभाव**

जल की वह मात्रा जो मृदागत जल को तब तक धारण रखने के लिए आवश्यक होती है जब तक कि वह क्षेत्र आर्द्रता क्षमता के बराबर न हो जाए ।

**field water capacity** **क्षेत्र जल धारिता**

केशिका जल की वह अधिकतम मात्रा जिसे मृदा धारण कर सके ।

**fifteen atmospheric pressure** **15 वायुमंडलीय दबाव**

1. शुष्क भार के आधार पर मृदा में नमी की वह प्रतिशत मात्रा जो मृदा को गीला करके दाब झिल्ली यंत्र पर 15 वायु दाब पर साम्यावस्था में होती है । ये पौधों की वृद्धि की निम्नतम सीमा है ।

2. मृदा नमूने के शुष्क भार के आधार पर नमी की वह प्रतिशतता जिसे क्लेदित कर 221 पौंड/इंच$^2$ पर दाब झिल्ली यंत्र में संतुलित अवस्था में ला दिया गया हो । मृदाओं के इस विशिष्ट मान द्वारा फसल वर्धन के लिए उपलब्ध जल की सीमा (स्थाई म्लानि प्रतिशतता) का अनुमान लगाया जा सकता है ।

**50% yield decrement value** **50 प्रतिशत उपज घटत मान**

वह कारक जिसके फलस्वरूप किसी फसल की उपज में सामान्य मृदा की तुलना में 50 प्रतिशत का ह्रास होता है ।

**filter** **निस्यंदक (फिल्टर)**

चित्र रेखापुंज कला एक गणितीय क्रिया होती है जिसका उद्देश्य उच्च आवृत्ति तथा निम्न आवृत्ति विचरण को दूर करना है । इसका प्रयोग किसी संकेत या स्थानिक ढंग से अवांछित घटकों को दूर करने के लिया किया जाता है ।

**fine-grained mica** **सूक्ष्मकणी अभ्रक**

2:1 प्रकार की जालक संरचनावाली सिलीकेट मृत्तिका जिसकी चतुष्फलकीय परत का अधिकांश सिलिकन ऐल्युमिनियम तथा अंतः स्तरीय पोटासियम द्वारा विस्थापित होकर परतों को परस्पर बाँधे रखता है ।

**fine texture** **बारीक गठन, सूक्ष्म गठन**

1. ऐसी मृदा जिसमें गाद और मटियार जैसे मिट्टी के बारीक अंश अधिक पाए जाते हैं । इसके अंतर्गत बलुई मिट्टी, गादी मटियार किस्म की मृत्तिकाओं का समावेश होता है ।

2. मृदा का वह बारीक गठन जिसमें गाद और मृत्तिका अधिक मात्रा में होती है ।

**fixation (nutrient)** **यौगिकीकरण, स्थिरीकरण**

मृदा के अंतर्गत होने वाली वह प्रक्रिया जिसमें पादपों के विकास के लिए आवश्यक कुछ विलेय अथवा विनिमय योग्य रासायनिक तत्व कम विलेय अथवा अविनिमय योग्य रासायनिक तत्वों में परिवर्तित हो जाते हैं यथा फास्फेट स्थिरीकरण ।

**fixation nitrogen** **नाइट्रोजन स्थिरीकरण**

सहजीवी एवं असहजीवी सूक्ष्मजीवों (जीवाणुओं) द्वारा मृदा में वायुमंडलीय नाइट्रोजन का स्थिरीकरण ।

**fixation of phosphorous** **फॉस्फोरस यौगिकीकरण**

विलयनशील फॉस्फोरस पोषक का मृदामें कम विलयनशील और अप्राप्य पोषक के रूप में परिवर्तन ।

**fixed phosphorus** **स्थिर अभिक्रिया फॉस्फोरस**

1. मृदा की प्रतिक्रिया के कारण कम विलयशील रूप में फॉस्फोरस का परिवर्तन ।
2. अनुप्रयुक्त फॉस्फोरस – पहली फसल के दौरान पादपों के उपयोग से बचे हुए शेष फॉस्फोरस ।

**fixed potassium** **स्थिर पोटाशियम**

मृदा में पाया जाने वाला पोटाशियम जो न तो जल में घुल सकता है और न ही उसका तत्काल विनिमय किया जा सकता है ।

**flagstone** **पटियाश्म, पटिया पत्थर**

सामान्यतया शैल, स्लेट, चूना पत्थर और बलुआ पत्थरयुक्त 15-38 से. मी. लंबा अपेक्षाकृत पतला शैल या खनिज खंड ।

**flocculate** **ऊर्ण, ऊर्ण पिंडन**

सूक्ष्म मृदा कणों विशेषतः मृत्तिका का छोटे गुच्छों या ऊणों में पुंजन ।

**flood plain** **बाढ़ मैदान**

किसी नदी का सीमावर्ती क्षेत्र जहाँ बार-बार बाढ़ आती रहती है ।

**flourapatite** **फ्लोर ऐपेटाइट**

ऐपेटाइट वर्ग का एक खनिज जिसमें फ्लोरीन होता है । यह शैल फॉस्फेट का प्रमुख खनिज होता है ।

**fluvial deposits** **नदीय निक्षेप**

नदियों या नालों द्वारा वाहित जनक पदार्थों का जमाव ।

**fodder crop** **चारा फसल**

कृष्य पौधों की वे जातियाँ जिनका उपयोग चारे के लिए किया जाता है ।

**font** **फोन्ट**

वे प्रतीक जिनका प्रयोग रेखांकन या मूल पाठ के प्रदर्शनार्थ विभिन्न आमुखों को दर्शाने के लिए किया जाता है ।

**foot slope** **पाद ढाल**

ढालू क्षेत्र का वह निचला कम ढालू भाग जो पश्च ढाल के पृष्ठ पर होता है ।

**Fourier analysis** **फुरिये विश्लेषण**

वह विधि जिसके अनुसार काल श्रेणियों और स्थानिक आँकड़ों को ज्या और कोज्या तरंगों में वियोजित किया जाता है ।

**fragipan** **भंगुर अधःस्तर**

मृदाओं में सघन और भंगुर दृढ़पटल अथवा अध:परत जिसमें मृदाओं की कठोरता अधिक मृत्तिका अंश अथवा सीमेन्टीकरण के कारण नहीं बल्कि मुख्य रूप से अत्यधिक घनत्व के कारण होती है ।

**free ground water** **मुक्त भौम जल**

संतृप्ति क्षेत्र के परस्पर जुड़े अंतरालों में पाया जाने वाला भौम जल जो अप्रवेश्य रोधिका तक नीचे उतर जाता है और गुरूत्वाकर्षण के प्रभाव से भौम जल स्तर के ढाल की ओर जाता है ।

**free iron oxides** **मुक्त लौह ऑक्साइड**

वह लौह ऑक्साइड जिसे डाइथायोनाइट उपचार द्वारा कम तथा विलीन किया जा सकता है ।

**frequency distribution** **आवृत्ति-वितरण**

आँकड़ों का वह वर्गीकरण जो कुछ चरों के आवृत्ति वितरण के आधार पर किया गया हो ।

**friability of soil** **मृदा की चूर्णशीलता**

मृदाओं का भुरभुरापन । जिस नमी में मिट्टी भुरभुरी होती है वही नमी जुताई के लिए भी उपयुक्त होती है ।

**friable** **चूर्णशील, सुचूर्ण्य**

1. मृदा का वह गुण जो नमी को कर्षण योग्य अवस्था में भुरभुरा प्रदर्शित करे ।
2. सुगमतापूर्वक भुरभुरा होने वाला ।

**frost point** **तुषार बिंदु**

वह तापमान जिस पर वायुमंडलीय आर्द्रता के ऊर्ध्वपतन द्वारा पाला जमता है ।

**fulvic acid** **फल्विक अम्ल**

मृदा के तनु क्षारीय निष्कर्ष के अम्लीकरण के फलस्वरूप अवशिष्ट जैविक पदार्थों के मिश्रण का घोल ।

**fungi** **कवक वर्ग**

वे पौधे जिनमें पर्णहरिम का अभाव होता है और जो वक्र कोशिकीय तंतुओं से बने होते हैं ।

**fungus** **कवक**

वह थैलोफाइटा जिसमें संश्लेषी वर्णकों का अभाव होता है । इसके पौधे का कलेवर सरल तंतुओं से बना होता है ।

**furrow** **खूड़, कूंड**

भूमि की जुताई के समय मृदा उपस्कर द्वारा निर्मित उथली नाली ।

**furrow crown** **खूड़ शीर्ष**

उपस्कर द्वारा पलटी गई मृदा से निर्मित मेड़ ।

**furrow face** **खूड पार्श्व**

उपस्कर द्वारा पलटी गई मृदा से बने खूड़ का ऊर्ध्वाधर भाग ।

**furrow slice** **खूड खंड**

उपस्कर द्वारा काट कर एक तरफ किए गए मृदा के बड़े–बड़े खंड/टुकड़े ।

**furrow sole** **खूड़ तली**

हल के अधोभाग के (चलने) सरकने से बनी तली ।

**furrow wall** **खूड़ भित्ति**

मृदा का वह पृष्ठ भाग जो हल से अनाकृष्ट रह जाता है या मृदा का अनाकृष्ट पृष्ठ भाग ।

**genesis soil structure** **मृदा संरचना उत्पत्ति**

मृदा संरचना इकाइयां अथवा उनके समुच्चयों के निर्माण के कारण और विधियाँ ।

**geocoding** **भू-कोडन**

मानक निर्देश ग्रिड की सापेक्ष भौगोलिक वस्तुओं (पिंडों) की स्थितियों का निश्चितीकरण ।

**geographic information system(GIS)** **भौगोलिक सूचना प्रणाली**

आंकड़ों पर आधारित कंप्यूटरीकृत प्रबंध प्रणाली जिसका उद्देश्य स्थानिक आंकड़ों के संसाधनों का ग्रहण, संचयन, वैधीकरण, विश्लेषण, प्रदर्शन एवं प्रबंध करना है ।

**geological erosion** **भूवैज्ञानिक अपरदन**

त्वरित अपरदन से भिन्न भूवैज्ञानिक प्रक्रियाओं के कारण या उसके अंतर्गत होने वाला अपरदन ।

**geomorphic surface** **भूआकृतिक पृष्ठ**

दृश्य भूमि का वह भाग जिसका निर्धारण विशेषतः दिशा एवं काल द्वारा किया जाता है और उसकी निर्धार्य भौगोलिक सीमाएँ किसी नियत समयावधि के दौरान एक या अधिक अभिकरणों द्वारा बनाई जाती है ।

**geomorphology** **भू-आकृति विज्ञान**

1. भू-आकृति विज्ञान में पृथ्वी के भौतिक लक्षणों के उद्गम, उनकी भू-वैज्ञानिक संरचना तथा अनाच्छादन का अध्ययन किया जाता है ।
2. विज्ञान की वह विशेष शाखा जिसके द्वारा भू-आकृति का अध्ययन और उसकी व्याख्या की जाती है ।

**gibbsite $Al(OH)_3$** **जिब्जाइट $Al(OH)_3$**

पट्टिकाधारी प्रकृति का खनिज जो अत्यंत अपक्षीण मृदाओं तथा लैटेराइट में पाया जाता है । यह फेलस्पार बहुल क्रिस्टलीय शैल पर निर्मित मृदाओं की अवमृदा और सैप्रोलाइट में भी पाया जाता है ।

**gilgai** **गिलगाई**

मृदा की सूक्ष्म उच्चावच सतह जो मृत्तिका के क्लेदन एवं शुष्कन के दौरान विस्तार और संकुचन के फलस्वरूप निर्मित होती है ।

**GIMMS** **जिम्स**

भौगोलिक सूचना के परिचालन तथा मानचित्रण की प्रणाली ।

**glacial drift** **हिमानी अपोढ़**

हिमनदों द्वारा वाहित तथा उनके गलने के बाद जमा पदार्थ ।

**glacio-fluvial deposits** **हिमजलीय निक्षेप**

किसी हिमनद के जल द्वारा जमा पदार्थ ।

**gleying** **ग्लेइंग**

अवायवीय जलाक्रांत स्थितियों में सूक्ष्म जीवों द्वारा लौह तथा मैगनीज यौगिकों के लघुकरण की प्रक्रिया ।

**gley soil** **ग्लेमृदा**

जल निकास की बाधित परिस्थितियों में लौह और अन्य तत्वों के अपचयन के फलस्वरूप विकसित धूसर रंग की चित्तीदार मृदा ।

**gneiss** **नाइस**

कायांतरण प्रक्रिया द्वारा आग्नेय शैल (ग्रेनाइट) से निर्मित शल्कित कायांतरी शैल ।

**goethite** **गोएथाइट**

पीला भूरा, लौह ऑक्साइड खनिज जिसके कारण मृदाओं का रंग भूरा हो जाता है ।

**graded terrace** **ढलवाँ सीढ़ी (खेती)/ढलवाँ वेदिका**

लंबाई के साथ-साथ स्थिर अथवा क्रमिक ढाल वाली वेदिका ।

**grain size** **कण-साइज**

इस शब्द का संबंध शैल अथवा अवसाद के निर्माण करने वाले खनिज-कणों के साइज से है ।

**granite** **ग्रेनाइट**

अतिसंतृप्त आग्नेय (वितलीय) शैल जिसमें फेलस्पार तथा अभ्रक युक्त स्फटिक पाए जाते हैं ।

**granular structure** **कणिकी संरचना/कणीय संरचना**

1. ऐसी मृदा संरचना जिसमें व्यष्टिगत दानों के गोलीय पुंज बन जाते हैं जिनके पार्श्व अस्पष्ट होते हैं ।

2. मृदा संरचना जिसमें अनेक एकल कण गोलाकार समुच्चय में समूहित होते हैं और कणों का व्यष्टिगत आकार लुप्त हो जाता है । अधिक रंध्रयुक्त कण सामान्यतः मृदुकण कहलाते हैं । प्रचुर मात्रा में कणयुक्त दुमट मिट्टी फसल के लिए उपयुक्त होती है ।

**granulated fertilizers** **दानेदार उर्वरक**

स्थायी समान आकार के गोलाकार उर्वरक ।

**granule** **कणिका**

प्राकृतिक मृदा पुंज (मिट्टी का ढेला)

**graphic tablet** **ग्राफीय पीठिका**

एक लघु अंकरूपक जिसका प्रयोग जी आई एस कंप्यूटरीकृत प्रणाली के साथ अंतरक्रियात्मक कार्य के लिए किया जाता है ।

**gravel** **ग्रैवेल, बजरी**

छोटे–छोटे, गोल शैल–खंडों का एक असंपिंडित शैल जो प्राकृतिक कारकों द्वारा शैलों के अपरदन के फलस्वरूप बनता है । इनमें शैल खंडों का साइज सामान्यतः 2 मि.मि. से लेकर 5 या 8 से.मी. के लगभग हो सकता है जोकि पानी की क्रिया द्वारा घिसने के कारण आमतौर पर गोल हो जाते हैं । ग्रैवेल के निक्षेप सामान्यतः नदियों और पुलिनों के साथ पाए जाते हैं ।

**gravitational water** **गुरूत्वीय जल**

वह जल जो गुरूत्वाकर्षण के कारण मृदाओं में होकर मुक्त रूप से अंतः प्रवाहित होता है ।

**great group** **बृहत् समूह**

मृदा वर्गों वाली ऐसी कोटि जिसमें समान अनुक्रम में समान प्रकार के संस्तर समान नमी तथा तापमान के प्रभावों की प्रवृत्ति हो ।

**great soil group** **बृहत् मृदा वर्ग**

यू॰एस॰ आधारित (परंपरागत) मृदा वर्गीकरण प्रणाली के उच्च वर्गों में से एक ।

**green manure** **हरी खाद**

किसी फसल को हरी अवस्था में (खेत में) जोतकर बनाई गई खाद ।

**grey scale** **ग्रे स्केल**

एक वर्ण प्रदर्शन युक्ति पर सूचना अंकित करने के लिए चमक स्तर ।

**grid** **ग्रिड**

1. सी. आर. टी. पर समान फासले पर बिंदुओं और रेखाओं का परिपथ जिसका उद्देश्य स्थलों का पता लगाना होता है ।
2. नियत फासले पर प्रतिदर्श बिंदुओं का समुच्चय
3. मानचित्र कला में पृथ्वी के धरातल पर संदर्भ रेखाओं का वास्तविक समुच्चय
4. उपयोगिकता मानचित्र में उपयोगिता संसाधनों यथा बिजली या टेलिफोन लाइनों का वितरण परिपथ ।

**grid map** **ग्रिड मानचित्र**

वह मानचित्र जिसमें ग्रिड कोशिकाओं के रूप में सूचना अंकित की जाती है ।

**ground water** **भौम जल**

1. भूपृष्ठ के नीचे पानी का वह भाग जिसका दबाव वायुमंडलीय दबाव के बराबर या अधिक होता है ।
2. पृष्ठीय जल से भिन्न भूमिगत जल । तकनीकी अर्थ में इसे अध:स्थल जल का वह भाग कहा जाता है जो संतृप्ति क्षेत्र में होता है ।

**growing period** **वर्धन काल**

वर्ष की वह सतत अवधि जिसके दौरान पौधों की वृद्धि हेतु तापमान तथा मृदा जल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हो ।

**growing season** **वर्धन-ऋतु**

फसलें उगाई जाने की अवधि ।

**guano** **ग्वानो**

मत्स्याहारी समुद्री पक्षियों से बने फॉस्फेटी तथा नाइट्रोजनी मल-निक्षेपों के लिए प्रयुक्त शब्द ।

**gullied land** **अवनालिका युक्त भूमि**

वे विच्छेदित भूमि क्षेत्र जहाँ जल अपरदन द्वारा सभी नैदानिक मृदा संस्तर हटा दिए गए हों और जिसके फलस्वरूप वी.या.यू. आकार के प्रणाल बन गए हों ।

**gully** **अवनालिका**

1. वह खड़ी भित्ति-घाटी जो प्राकृतिक रूप से या त्वरित अपरदन द्वारा बन जाती है ।
2. भू पृष्ठ में अपरदन से निर्मित अपेक्षाकृत एक छोटा जलमार्ग या नाली जो प्राय: मृत्तिका या असंपिंडित पदार्थों में बनती हैं ।



6—23/CSTT/ND/97

**gully erosion** **अवनालिक अपरदन**

अत्यधिक अपरदन जिसके कारण अवनालिकाएं बन जाती है ।

**gypsic horizon** **जिप्समी होराइजन, जिप्समी संस्तर**

द्वितीयक कैल्सियम सल्फेट से समृद्ध खनिज मृदा संस्तर जिसकी मोटाई 15 से.मी. से अधिक होती है ।

**gypsiferous (gypseous)** **जिप्सममय**

जिप्समयुक्त, जिप्सम से मिलता-जुलता अथवा उससे निर्मित ।

**gypsum** **जिप्सम**

1. जलयोजित कैल्सियम सल्फेट ($CaSO_4.2H_2{}^{O}$)
2. जलीय कैल्सियम सल्फेट से संघटित, एकनताक्ष खनिज ($CaSO_4.2H_2{}^{O}$) कठोरता-2

**gypsum requirement** **जिप्सम आवश्यकता**

1. क्षारीय मृदा की विनिमय योग्य सोडियम प्रतिशतता को कम करके उसे अनुकूल या वांछित स्तर तक लाने के लिए आवश्यक जिप्सम या उसके समतुल्य पदार्थ की ऐसी मात्रा ।
2. जिप्सम या उसके समतुल्य अन्य सुधारक की मात्रा जो किसी क्षारीय मृदा की विनिमयी सोडियम प्रतिशता को स्वीकार्य स्तर तक घटाने के लिए आवश्यक होती है ।

**halloysite** **हैलोसाइट**

मृत्तिका खनिजों के केओलिन उपवर्ग का खनिज ।

**halomorphic soil** **लवणीमृदा**

वह मृदा जिसमें विलेय लवणों की पर्याप्त मात्रा होती है ।

**halophyte** **लवणमृदोद्भिद्**

वह पौधा जो लवण सह्य हो ।

**halophytic vegetation** **लवणमृदोद्भिद् वनस्पति**

वह वनस्पति जो लवण सह्य हो ।

**hard copy** **संपठनीय कॉपी**

सी. आर. टी. पर प्रदर्शित आलेखी कला या मानचित्र छाया ।

**hard pan** **हार्ड पेन, कठोर अधःस्तर**

1. लवण, कैल्सियम कार्बोनेट, मृत्तिका आदि पदार्थों के संचयन द्वारा मृदा परिच्छेदिका में एक कठोर एवं अपारगम्य परत ।
2. मृदा के नीचे एक अपेक्षतया कठोर या अप्रवेश्य परत जिसमें वनस्पतियों की जड़े प्रवेश नहीं कर पातीं । यह सीमेंट करने वाले पदार्थों के संचयन से बनती है और यह भी संभव है कि यह एक ही गहराई पर सतत जुताई होने के कारण बनती हो ।

**hardware** **हार्डवेयर**

भौगोलिक सूचना प्रणाली के भौतिक घटक यथा-कंप्यूटर, आलेखित्र, सी. आर. टी. आदि ।

**harrowing** **हैरो चलाना**

हैरा द्वारा मिट्टी को भुरभुरी कर बीजाई योग्य बनाना तथा खरपतवार को नियंत्रित करना ।

**harvest index (H.I.)** **उपज सूचक**

कुल शुष्क जैविक उपज में आर्थिक महत्व के पादप भागों का प्रतिशत ।

**heat capacity** **ऊष्माधारिता**

किसी प्रणाली द्वारा अवशोषित ऊष्मा और तदनुरूपी ताप वृद्धि का अनुपात ।

**heavy metals** **भारी धातु**

ऐसी धातुएँ जिनके कणों का घनत्व 5.0mg/m$^3$ से अधिक होता है ।

**heavy soil** **भारी मृदा**

मृदा जिसमें मृत्तिका की मात्रा अधिक हो ।

**heavy water ($D_2O$)** **भारी पानी ($D_2O$)**

वह पानी जिससे हाइड्रोजन, ड्यूटीरियम द्वारा विस्थापित हो गया हो ।

**hematite $Fe_2O_3$** **हेमाटाइट $Fe_2O_3$**

लौह आक्साइड खनिज जो मृदाओं को रक्त वर्णीय बना देता है ।

**hemic materials** **अर्ध अपघटित पदार्थ**

कम अपघटित रेशेवाले पदार्थ तथा अधिक अपघटित पदर्थों के बीच के मध्य अपघटित पदार्थ जिनके मूल स्रोतों की पहचान कठिनाई से होती है ।

**herbicide** **शाकनाशी**

खरपतवार नाशक या उसकी वृद्धि को संदमित करने वाला रसायन ।

**herbivore** **शाकभक्षी**

वनस्पति को खाने वाला प्राणाी ।

**heterotroph** **परपोषित**

ऐसा जीव जिसमें केवल कार्बनिक यौगिकों के अपघटन से जीवन प्रक्रमों के लिए ऊर्जा लेने की क्षमता होती है ।

**hill** **पहाड़ी**

पर्वत और पहाड़ी सापेक्ष शब्द है । किसी क्षेत्र विशेष में सामान्यतः पहाड़ी, पर्वत की अपेक्षा कम ऊँचाई की होती है ।

**histic epipedon** **हिस्टिक एपिपेडॉन**

जल निकास के अभाव में पूरे वर्ष के किसी न किसी कालवधि में जल से संतृप्त रहने वाला खनिज जो मृदा पृष्ठ की ऊपरी परत या उसके पास होता है ।

**histogram** **आयत चित्र**

वह रेखाचित्र जिसमें नमूनों के अध्ययन किए गए गुणों को सतत रूप से आकार रूप में दर्शाया जाता है ।

**histosol** **हिस्टोसॉल**

मृदावर्गीकरण की यू॰एस॰ व्यापक प्रणाली का एक मृदा आर्डर जिसमें जैव मृदा सम्मिलित हों ।

**horizon (soil)** **संस्तर (मृदा)**

भू पृष्ठ के समानांतर मृदा की परत जिसके गुण न्यूनाधिक सुपरिभाषित हों ।

**horizon** **संस्तर स्थिति**

कुछ विशिष्ट लक्षणों यथा–वनस्पतिजात, प्राणिजात या शैल–रचना से युक्त एक काल निर्देशी स्तरिक तल या स्थिति ।

**hue** **वर्णिमा**

तीन वर्ण चरों में से एक जिससे प्रधान स्पेक्ट्रमी वर्ण का पता चलता है ।

**humic acid** **ह्यूमस अम्ल**

ऐसे अनिश्चित संघटन वाले असित जैव अम्लों का मिश्रण जो मृदा के तनु क्षारीय सार के अम्लीकरण की क्रिया से अवशोषित हो जाता है ।

**humidity** **आर्द्रता**

वायु में जलवाष्प की मात्रा का सूचक ।

**humification** **ह्यूमस निर्माण**

जैव पदार्थ के अपघटन के फसलस्वरूप ह्यूमस बनने की क्रिया ।

**humin** **ह्यूमिन**

जैव पदार्थ का वह अंश जो तनु क्षार से मृदा के निष्कर्षण पर भी पृथक नहीं होता ।

**humus** **ह्यूमस**

पूर्णतः अपघटित जैव पदार्थ जो मृदा में सापेक्षतः स्थायी होता है ।

**hybrid** **संकर**

विभिन्न प्रभेदों अंतः प्रजात क्रमों के संकरण से उपलब्ध प्रथम उत्पादन या उपज ।

**hydration** **उदकन**

किसी पदार्थ द्वारा जल शोषण की प्रक्रिया ।

**hydraulic conductivity** **चलजलीय चालकता**

किसी निश्चित विभव प्रवणता की अनुक्रिया के अनुसार मिट्टी में जल की चालक गति ।

**hydraulic equilibrium** **जलचालित साम्यावस्था**

मृदा में जल-झिल्ली के शून्य प्रवाह दर की एक अवस्था ।

**hydrologic cycle** **जलीय चक्र**

जल का वायुमंडल से पृथ्वी और पुनः पृथ्वी से वायुमंडल में जाने का परिपथ । ऐसा विभिन्न चरणों अथवा प्रक्रमों में वर्षण, अपरोधन, अंतःस्यंदन, अंतःस्रवण, संचयन, वाष्पन और वाष्पोत्सर्जन द्वारा होता है ।

**hydrolysis** **जल अपघटन**

वह प्रक्रिया जिसके द्वारा हाइड्रोजन आयनों का विस्थापन सोडियम, पोटैशियम, कैल्सियम तथा मैग्नेशियम जैसे धनायनों द्वारा होता है ।

**hydromorphic** **हाइड्रोमार्फी मृदा**

जल की अधिकता अथवा अवायवीय दशाओं में विकसित मृदाएँ ।

**hydroxy aluminium interlayer** **हाइड्रॉक्सी ऐल्युमिनियम अंतः स्तर**

सामान्य संघटन के बहुलक $[Al(OH)_{3-x}]_m^{+nx}$ जो अंतः स्तर धनायन विनिमय स्थलों पर अधिशोषित हो जाते हैं । इनका विनिमय उभयप्रतिरोधी लवण विलयनों के अभाव में संभव नहीं हो पाता तथापि मृदा की अधिकांश अनुमापीय अम्लता (तथा pH आश्रित आवेश) इन्हीं के कारण होता है ।

**hydoxy interlayered vermiculite** **हाइड्रॉक्सी अंतः स्तरित वर्मिक्यूलाइट**

हाइड्रॉक्सी ऐल्युमिनियम समूहों के अंतः स्तरों से आंशिक रूप में पूरित एक वर्मिक्यूलाइट । यह सामान्यतः अंतःस्तर का वर्मिक्यूलाइट स्तर दोनों में द्विअस्टफलकीय होता है ।

**hydroxyapatite** **हाइड्रॉक्सिऐपेटाइट**

ऐपेटाइट वर्ग का एक खनिज जिसमें हाइड्रॉक्सिल आयनों की बहुलता हो । उदाहरण – अविलेय कैल्शियम फास्फेट ।

**hygroscopic coefficient** **आर्द्रताग्राही गुणांक**

लगभग संतृप्त वायुमंडल (लगभग 98 प्रतिशत) की किसी मानक सापेक्ष आर्द्रता के तुल्य अवन शुष्कित मृदा में आर्द्रता की प्रतिशतता ।

**hygroscopic water** **आर्द्रताग्राही जल**

संतृप्त जलवाष्प युक्त वायुमंडल से मृदा द्वारा जल की अवशोषित मात्रा ।

**hypsometry** **उच्चतामिति**

समुद्र तल से भू सतह की ऊँचाई की माप ।

**ıysteresis** **शैथिल्य, हिस्टेरिसिस**

मृदा आर्द्रता अवशोषण और मृदा आर्द्रता निश्शोषण प्रक्रियाओं के प्रत्यार्वतन के अंतर्गत दोनों परस्पर संबद्ध प्रक्रियाओं में से एक में होने वाला विलंब ।

**igneous rock** **आग्नेय शैल**

पिघले हुए मैग्मा के ठंडा होने और जमने के कारण निर्मित शैल । उदाहरण ग्रेनाइट, बेसाल्ट ।

**illite** **इलाइट**

संरचनात्मक रूप से मिश्रित अभ्रक घटक ।

**illuvial** **समपोढ़**

अवक्षालन की प्रक्रिया से मृदा संस्तर पर पदार्थों का जमाव ।

**illuvial horizon** **समपोढ़ स्तर**

वह मृदा–स्तर जिसमें पदार्थ मृदा के ऊपरी भाग से विलयन या निलंबन के रूप में निक्षेपित हुए हों ।

**illuviation** **समपोहन**

जल के अंतःस्राव के द्वारा मृदा सामग्री का ऊपरी संस्तर से निचले संस्तर में विलयन या निलंबन रूप में संचित होने की प्रक्रिया ।

**immature soil** **अपरिपक्व मृदा**

1. अल्प विकसित या अस्पष्ट संस्तर वाली मृदाएं ।
2. वह मृदा जिसमें अपरदन उसके अधोमुखी विकास की दर से अधिक होता है ।

**immobilization** **निश्चलन**

सूक्ष्मजीवियों अथवा पादप ऊतकों में किसी तत्व का अजैव (अकार्बनिक) से जैव (कार्बनिक) संयोजन में परिवर्तन । यह पादपों को पहले प्रत्यक्ष रूप से उपलब्ध तत्वों को अनुपलब्ध (प्रायः तत्काल अविलेय) बना देता है ।

**imogolite** **इमोगोलाइट**

अल्प क्रिस्टलीय ऐल्युमिनोसिलीकेट खनिज $(SiO_2 Al_2O_3)_2\ 5H_2O$

**impeded drainage** **अवरूद्ध जल निकास**

मृदा में जल प्रवेश या अपवाह की बाधित स्थिति

**imperfectly drained soil** **अपूर्ण जल निकासवाली मृदाएँ**

वह मृदा जिसमें अल्पकालिक जलाक्रांति के कारण लोहे का कुछ मात्रा में चयन हो गया हो ।

**impervious** **अप्रवेश्य**

1. अपारगम्य का समानार्थी । यह शब्द उन शैल स्तरों के लिए प्रयुक्त होता है (जैसे मृत्तिका, शैल आदि) जिसमें से होकर जल गुजर नहीं सकते ।
2. द्रवों अथवा जड़ों के प्रवेश के प्रति प्रतिरोध ।

**impervious layer** **अप्रवेश्य परत**

ऐसी परत जिसमें पौधों की जड़ों या जल का प्रवेश सुगमतापूर्वक न हो सके ।

**impervious soil** **अप्रवेश्य मृदा**

वह मृदा जिसमें हवा, जल या पौधों की जड़ों का प्रवेश बाधित हो ।

**impoverished soil** **दरिद्रीयित मृदा**

वह मृदा जिसमें पोषक तत्वों की उचित पूर्ति के बिना लगातार फसलें उगाने के कारण उर्वरा शक्ति का ह्रास हो गया हो ।

**inceptisol** **इन्सेप्टीसोल**

यू.एस. मृदा वर्गीकरण प्रणाली का वह समूह जिसमें नव विकसित मृदाएँ सम्मिलित होती हैं ।

**inclusion** **अंतर्वेश**

वह भू-क्षेत्र जो मानचित्र में निर्दिष्ट मृदाओं की विशेषताओं को पूरा नहीं करता ।

**incompatibility** **अनिषेच्यता**

एक पदार्थ के साथ दूसरे के मिलने पर अवांच्छित अभिक्रिया के फलस्वरूप दक्षता में कमी ।

**incorporation** **समावेशन**

रसायनों अथवा वनस्पति अवशेषों जैसे बाह्य पदार्थों को मिट्टी में मिलाने अथवा प्रकीर्ण करने की कर्षण प्रक्रिया ।

**indicator plant** **सूचक पौधा**

वे पौधे जो मृदा में पोषक तत्व, नमी आदि की कमी की दशा में अधिक संवदेनशीलता प्रदर्शित करें ।

**indurated soil** **कठोरीभूत संस्तर**

1. वह मृदा-संस्तर जिसमें कार्बोनेट, सिलिका या लौह के कारण मृदा सामग्री का संयोजन हो जाता है ।
2. मृदा का सिमेन्टित होकर कठोरीकरण और गीला होने पर भी मुलायम न होना ।

**infiltration** **अंतःस्यंदन**

वह प्रक्रिया जिसके अनुसार जल मृदा पृष्ठ से होकर नीचे की ओर प्रवेश करता है ।

**infiltration capacity** **अंतःस्यंदन क्षमता**
**or** **या**
**soil infiltrability** **मृदा अंतःस्यंदनता**

1. वह अभिवाह जो वायुमंडलीय दाब पर मृदा प्रोफाइल में जल की अवशोषण क्षमता को इंगित करता है ।
2. पर्यावरण के दबाव के संपर्क में जल अभिवाह का मृदा द्वारा भू-पृष्ठ पर अवशोषण ।

**infiltration rate** **अंतः स्यंदन दर**

विशिष्ट परिस्थितियों (जिनमें पानी की अधिकता भी सम्मिलित है) में मृदा में जल के प्रवेश की अधिकतम दर का मापन ।

**infiltrometer** **अंतःस्यंदनमापी**

मृदा में पानी के रिसने की दर का मापक यंत्र ।

**information management** **सूचना प्रबंध**

भूमि उपयोग हेतु वांछित सूचनाएँ एकत्र तथा संचित करना और उसका विश्लेषण करना ।

**initial intake rate** **प्रारंभिक अंतर्ग्रहण दर**

प्रारंभ में दिए गए पानी की भूमि द्वारा ग्रहण किए जाने की दर मि.मी./घंटा ।

**inoculation** **निवेशन, संरोपण**

प्राकृतिक अथवा कृत्रिम संवर्ध माध्यमों में सूक्ष्मजीवों के शुद्ध अथवा मिश्रित संवर्धों का संक्रमण ।

**inorganic compound** **अकार्बनिक यौगिक**

प्रकृति में कार्बन के यौगिकों के अतिरिक्त सभी रासायनिक यौगिक । कार्बन मोनोऑक्साइड, कार्बन डाईऑक्साइड और कार्बोनेट अकार्बनिक यौगिक में आते हैं ।

**inorganic nitrogen (soil)** **अकार्बनिक नाइट्रोजन (मृदा)**

अकार्बनिक रूप में नाइट्रोजन यथा – विनिमय योग्य अमोनिया, नाइट्राइट, नाइट्रेट, स्थिर अमोनिया, नाइट्रस ऑक्साइड एवं नाइट्रोजन ।

**input** **निविष्टि**

कंप्यूटर प्रणाली में प्रविष्ट किए गए आँकड़े ।

**input device** **निवेश युक्ति**

आँकड़ों की प्रविष्टि के लिए हार्डवेयर घटक ।

**intake rate or infiltration velociy** — **अंतर्ग्रहण दर (गतिमान), निस्यंदन वेग**

मृदा में पानी के प्रवेश की दर जो समय की प्रति इकाई के साथ पानी की गहराई तक पहुँचने के रूप में अभिव्यक्त की जाती है ।

**integrade** — **अन्तराक्रम**

ऐसी मृदा जिसमें दो या दो से अधिक आनुवंशिकत: संबद्ध मृदा समूहों के सामान्यतया सुविकसित, सुस्पष्ट अभिलक्षण होते हैं ।

**inter crops** — **अंतरा फसलें**

प्रति इकाई क्षेत्र से अधिक लाभ प्राप्त करने हेतु वृक्षों या फसलों की कतारों के बीच उगाई गई अन्य फसलें ।

**interfaces** — **अंतरापृष्ठ**

ठोस तथा तरल पदार्थ के बीच का संपर्क पृष्ठ अथवा वह पृष्ठ जहाँ एक-दूसरे में विलीन न होने वाले तरल पदार्थ मिलते हैं ।

**interference** — **व्यतिकरण वर्ण**

न्यूटन स्केल का वह रंग जो क्रॉस ध्रुवणों के बीच द्विअपवर्तक खनिज की जाँच के दौरान परिलक्षित होता है ।

**intergrade** — **अंतराक्रमण**

वह मृदा संसाधन जिसमें आनुवंशिक रूप से संबद्ध दो या अधिक मृदा वर्गीकरण-इकाइयों के लक्षण पाए जाते हैं ।

**interlayer** — **अंत:स्तर**

किसी क्रिस्टल में परतों के बीच की सामग्री जिसमें धनायन, जलयोजित धनायन, जैव अणु तथा हाइड्रोऑक्साइड ग्रुप या संस्तर का समावेश होता है ।

**interpolate** **अंतर्वेशन**

अध्ययन किए गए परिवर्ती स्थलों के गुणों के आधार पर किसी गैर प्रतिदर्श के गुणों का अनुमान लगाना ।

**interstratification** **अंतरास्तरण**

किसी चिति में सिलिकेट परतों का नियमित यादृच्छिक मिश्रण ।

**intrazonal soils** **अंतराक्षेत्रीय मृदाएँ**

मृदा वर्गीकरण की आनुवंशिक प्रणाली के तीन उच्च मृदा क्रमों में से एक । इन मृदाओं में सुविकसित प्रोफाइल के वे लक्षण पाए जाते हैं जिनमें मृदा रचना कारकों का (मूल पदार्थ, स्थलाकृति, जलवायु, वनस्पति आदि) स्पष्ट प्रभाव झलकता है ।

**intrusive rocks** **अंतर्वेधी शैल**

भू-पृष्ठ में गलित मैग्मा के धीरे-धीरे ठंडा होने पर निर्मित शैल ।

**ion** **ऑयन**

वह परमाणु जिसने किसी इलेक्ट्रॉन (धनायन) या प्रोटॉन (ऋणायन) के नष्ट होने पर विद्युत आवेश अर्जित कर लिया हो ।

**iron oxides** **लौह ऑक्साइड**

लौह ऑक्साइडों तथा हाइड्रॉक्साइडों का समूह नाम । कभी-कभी इन्हें 'मुक्त लौह ऑक्साइड', सेस्क्विऑक्साइड या 'जलीय ऑक्साइड' भी कहते हैं ।

**iron pan** **लौह पटल**

लौह-ऑक्साइड से कठोरीभूत मृदा परत ।

**isobar** **समभारिक परमाणु**

ऐसा न्यूक्लाइड समूह जिसके केंद्रक में न्यूट्रॉन तथा प्रोटान की संख्या बराबर होती है ।

**isomer** **समावयवी आइसोमर**

दो या अधिक न्यूक्लाइड जिनके केंद्र में समान संख्या में न्यूट्रॉन तथा प्रोटॉन होते हैं ।

**isomorphous substituion** **समाकृतिक प्रतिस्थापन**

क्रिस्टल संरचना को अपघटित या उसमें कोई विशेष परिवर्तन किए बिना किसी एक परमाणु के द्वारा समान आकार वाले दूसरे परमाणु का प्रतिस्थापन ।

**isopleth map (isoline)** **समानरेखा मानचित्र (सममान रेखा)**

वह मानचित्र जिसमें समगुणी बिंदुओं को मिलाने वाली रेखाओं के संदर्भ में किसी गुण विशेष के वितरण को प्रदर्शित किया गया हो ।

**isotone** **समन्यूट्रॉन**

ऐसा न्यूक्लाइड जिसके केंद्रक में न्यूट्रॉनों की संख्या समान किंतु प्रोटॉनों की संख्या में अंतर हो ।

**isotope** **समस्थानिक (आइसोटोप)**

समान तत्व वाले न्यूक्लाइड जिसके केंद्र में समान संख्या में प्रोटोन होते है; लेकिन न्यूट्रॉनों की संख्या में अंतर होता है ।

**jarosite** **जेरासाइट**

एक फीका पीला पोटैशियम लौह सल्फेट खनिज ।

**kandic horizon** **कैन्डिक होराइजन, कैन्डिक संस्तर**

ऐसा संस्तर जिसमें ऊपर वाले संस्तरों की अपेक्षा मृत्तिका अधिक किंतु कम सक्रिय होती है ।

**kaolin** **केओलिन**

1. एक सफेद या लगभग सफेद रंग की मृत्तिका शैल जो कि अतिफेल्सपारी शैलों के अपघटन के फलस्वरूप बनता है । इसे पोर्सलेन का पेस्ट बनाने के काम में लाया जाता है ।
2. ऐल्युमिनियम सिलीकेटों का एक उपसमूह जिसकी परत संरचना 1:1 होती है । इस उपसमूह में सामान्यतः पाए जाने वाला मृत्तिका खनिज कैओलीनाइट है ।

**kaolinite** **केओलिनाइट**

जल-योजित ऐल्युमिनियम सिलिकेट से संघटित एक मृत्तिका खनिज $Al_2O_32SiO_2.2H_2O$ जो कूट षट्कोणीय प्लेटों के रूप में मिलता है । यह शुद्ध रूप में सफेद होता है तथा अशुद्ध रूप में भूरे एवं पीलापन लिए हुए रंगों में मिलता है ।

**kharif crops** **खरीफ फसलें**

वर्षा ऋतु में उगाई जाने वाली फसलें मक्का, बाजरा, धान, कपास आदि ।

**labile** **परवर्ती**

मृदा में सरलता से परिवर्तनीय अथवा पौधों को आसानी से उपलब्ध पदार्थ ।

**lacustrine** **सरोवरी निक्षेप**

झील के पानी में निक्षेपित पदार्थ जो जलस्तर के घट जाने से अथवा जमीन ऊँची दिखाई देने से परिलक्षित होता है ।

**lacustrine material** **सरोवरी पदार्थ**

झील के पानी द्वारा एकत्र मृदा सामग्री ।

**land** **भूमि**

पृथ्वी का वह भाग जिसमें भूमि तथा जैव वातावरण से संबंधित वे सभी तत्व शामिल होते हैं जो भूमि उपयोग को प्रभावित करते हैं । अतः भूमि का अर्थ केवल मृदा तक सीमित ही नहीं है बल्कि इसमें भू–आकृति, जलवायु, वनस्पति तथा जीव जन्तुओं का भी समावेश होता है ।

**land capability** **भूमि क्षमता**

क्षतिरहित उपयोग के लिए भूमि की उपयुक्तता । इसका तात्पर्य भूमि के उपयोग के लिए उसकी भौतिक दशाओं के संदर्भ में उपयुक्तता से है ।

**land capability classification** **भूमि क्षमता वर्गीकरण**

व्यावहारिक भूमि उपयोग के लिए भूमि की क्षमता के अनुसार वर्गीकरण प्रणाली । ऐसे आठ वर्ग हैं – वर्ग 1 को सर्वोत्तम तथा 8 को निकृष्टम माना जाता है ।

**land capability map** **भूमि क्षमता मानचित्र**

ऐसा मानचित्र जिसमें भूमि क्षमता इकाइयों के वर्ग एवं उपवर्ग दर्शाए जाते हैं ।

**land characteristic** **भूमि लक्षण**

भूमि की वे विशेषताएँ जिनका अनुमान लगाया जा सकता है उदाहरणार्थ, ढाल, मृदा की गहराई, रंग, गठन आदि ।

**land classification** **भूमि वर्गीकरण**

भूमि इकाइयों का वर्गीकरण जो भूमि के गुण धर्मों या विशेष प्रयोजन के लिए उनकी उपयुक्तता के आधार पर किया जाता है ।



7—23/CSTT/ND/97

**land clearing** **भूमि सफाई**

भूमि को कृषि योग्य बनाने के लिए जंगल झाड़ियों को हटाना ।

**land evaluation** **भूमि मूल्यांकन**

विशिष्ट उपयोगों के लिए भूमि की उपयुक्तता का निर्धारण ।

**land facet** **भूमि फलक**

जलवायु, भू-आकृति, मृदा तथा वानस्पतिक विशेषताओं की दृष्टि से व्यावाहारिक उपयोग के लिए समान समझा जाने योग्य भू-खंड ।

**landform** **भू-आकृति**

भू-पृष्ठ का वह त्रि विमीय भाग जिसकी रचना मृदा, अवसाद या शैल से होती है ।

**land forming** **भू-आकृतिकरण**

कर्षण क्रियाओं द्वारा मृदा को अपेक्षित समरूपता प्रदान करना ।

**land grading** **भूमि क्रम स्थापन**

भूमि की सतह को अभीष्ट ऊँचाई और ढलान के अनुरूप तैयार करना । इसकी आवश्यकता पानी के बहाव को नियंत्रित करने, मृदा अपरदन को रोकने तथा पानी के प्रवाह को पूरी सतह पर समान करने में होती है ।

**land information system** **भूमि सूचना प्रणाली**

विशिष्ट उपयोग के लिए भूमि की उपयुक्तता की जानकारी हेतु उसके गुणों से सम्बद्ध सूचनाओं का एकत्रीकरण ।

**land levelling** **भूमि समतलन**

कर्षण क्रिया द्वारा भृदा पृष्ठ को काटकर और हटाकर समतल करना ।

**land quality** **भूमि की गुणता**

भूमि का एक वह सम्मिश्र गुण जो विशिष्ट उपयोगों के लिए उसकी उपयुक्तता को स्पष्ट रूप से प्रभावित करता है । उदाहरणार्थ – भूमि का गठन, भूमि की जलधारण क्षमता, भूमि की गहराई, उपस्थित खनिज आदि ।

**land reclamation** **भूमि सुधार**

भूमि की प्रकृति अथवा पर्यावरण में अपेक्षित परिवर्तन द्वारा उसे अधिक उपयोगी बनाना ।

**landsat** **लैंड सेट**

भू–संसाधन क्रमवीक्षण उपग्रहों की श्रृंखला का वंशागत नाम ।

**land scape** **दृश्य भूमि**

वह भू–भाग जिसमें सभी प्राकृतिक लक्षण (यथा क्षेत्र, पहाड़ियाँ, वन, जल आदि) शामिल होते हैं और जो भू– पृष्ठ की विभिन्नता प्रदर्शित करते हैं ।

**landslide or landslip** **भू–स्खलन या भू–सर्पण**

वर्षा के फलस्वरूप पर्वत से मृदा या शैलों का स्खलन ।

**land suitability** **भूमि उपयुक्तता**

किसी विशेष प्रकार के उपयोग के लिए भूमि की उपयुक्तता ।

**land suitability classes** **भूमि उपयुक्तता वर्ग**

भूमि की उपयुक्तता का मूल्यांकन करने के लिए भूमि वर्गों का एक समुच्चय ।

**land suitability rating** **भूमि उपयुक्तता का संनिर्धारण**

भूमि उपयोग के लिए भूमि इकाई की आंशिक उपयुक्तता जो भूमि की गुणवत्ता पर आधारित होती है ।

**land system** **भूमि प्रणाली**

वह भू-क्षेत्र जिसमें भू-आकृतियों, मृदाओं तथा वनस्पति का आवर्ती प्रतिरूप शामिल होता है और जलवायु सापेक्षत: एक समान होती है ।

**land system survey** **भूमि प्रणाली सर्वेक्षण**

भूमि संसाधनों या भूमि प्रणालियों के मानचित्रण के आधार पर भू-संसाधनों का सर्वेक्षण ।

**land type** **भूमि प्रकार**

ऐसा भू क्षेत्र जिसमें फसल प्रणाली एक समान हो ।

**land unit** **भूमि इकाई**

ऐसा भू क्षेत्र जिसमें विशिष्ट भू लक्षण और भूमि गुणवत्ताएँ पाई जाती हैं तथा इसी आधार पर मानचित्रण किया जाता है ।

**land use** **भूमि उपयोग**

मानव आवश्यकताओं की पूर्त्ति हेतु भूमि का प्रबंध । इसमें ग्रामीण, शहरी और/या औद्योगिक भूमि उपयोग शामिल है ।

**land use patterns** **भूमि उपयोग प्रतिरूप**

कृषि उत्पादन के लिए यथासमय उपलब्ध भूमि संसाधनों के उपयोग के वैकल्पिक तरीके ।

**land use plan** **भूमि उपयोग योजना**

निर्दिष्ट नियमों के अनुसार भू-उपयोगार्थ नियोजन ।

**land-use planning** **भूमि उपयोग आयोजना**

भूमि के कार्य-साधक उपयोग के लिए दीर्घकालीन योजनाएँ एवं उपाय ।

**land use requirement** **भूमि उपयोग संबंधी आवश्यकता**

वे भूमि आवश्यकताएँ जो किसी भूमि उपयोग प्रकार के सफल और टिकाउ उपयोग के लिए वांछनीय होती है ।

**land use system** **भूमि उपयोग प्रणाली**

भू-क्षेत्र विशेष हेतु निर्दिष्ट भूमि उपयोग प्रणाली ।

**land-utilisation index** **भूमि उपयोग सूचक**

वर्ष में जितने दिनों तक फसलें खड़ी रहती हैं उसे 365 से विभाजित करने पर प्राप्त संख्या ।

**laterisation** **लेटेराइटीकरण**

लैटेराइट या लाल और पीली उष्णकटिबंधीय मृदाओं की निर्माण की प्रक्रिया जिसमें मृदा पृष्ठ से कैल्सियम का पूर्णतः निक्षालन और वहाँ लौह और एल्युमिनियम का संकेन्द्रण हो जाता है ।

**laterite** **लैटेराइट**

अत्यधिक अपक्षीण आर्द्र उष्णकटिबंधीय मृदा जिसके अध:परत में लौह की प्रचुरता होती है जो खुले रहने और सूख जाने पर बहुत कठोर हो जाती है तथा पुनः गीला किए जाने पर मुलायम नहीं होती । जब उपरिशायी परत अपरदन से हट जाती है तो लेटेराइट के निकल आने के फलस्वरूप वह कुट्टिम बन जाती है ।

**laterite soils** **लैटेराइट मृदाएं**

वे मृदाएं जिनका निर्माण मानसून की एकांतर शुष्क एवं नम दशाओं में जनक शैल के क्षारकों के निक्षालन के फलस्वरूप होता है । ये मृदाएं कम उर्वर अर्थात् इनमें N.P.K. और Ca की कमी होती है ।

**lattice** **जालक**

किसी क्रिस्टलीय पदार्थ में पुनरावर्ती परमाणुओं या परमाणु समूह के वितरण का प्रदर्शक ।

**layer charge** — **स्तर आवेश**

इकाई स्तर के बाहर विपरीत आवेश वाले आयनों द्वारा संतुलित प्रतिसूत्र इकाई आवेश का परिमाण ।

**layer silicate minerals** — **स्तरित सिलिकेट खनिज**

आस्तरी सिलिकेट संरचनाओं वाले खनिज ।

**leaching** — **निक्षालन**

1. अंतःस्रावी जल द्वारा अधिक विलयशील खनिजों का घोल के रूप में अपनयन ।
2. मृदा सामग्री का जल में घोल या निलंबन रूप में भू-पृष्ठ से अधोसतह में निःसरण ।

**leaching efficiency** — **निक्षालन दक्षता**

मृदा जल धारिता पर पौधों की जड़ों के समीप मृदा जल एवं निकास जल में लवण सांद्रण का अनुपात ।

**leaching requirement** — **निक्षालन आवश्यकता**

मृदा में प्रवेश करने वाला जल का वह अंश जो मृदा की लवणता को एक निश्चित मात्रा से अधिक बढ़ने से रोकता है ।

**legend** — **निर्देशिका**

मानचित्र इकाइयों की नाम पद्धति पर आधारित सूची ।

**Leibigs law of minimum** — **लीविग का न्यूनतम नियम**

जीव के विकास और जनन क्रिया को निर्धारितकरने वाला न्यूनतम उपलब्ध पोषक द्रव्य ।

**lepidocrocite** **लेपीडोक्रोसाइट**

नम मृदाओं के संग्रथनों में पाया जाने वाला नारंगी रंग का लौह ऑक्साइड खनिज ।

**lessivage** **लेसीवेज**

मृत्तिका कणों का निलंबन रूप में निःसरण ।

**leucinization** **ल्यूसिनाइजेशन**

मृदा संस्तरों से असित जैव पदार्थों के लुप्त हो जाने या उन्हें हटा देने के कारण मृदा संस्तरों का पीला या धुंधला पड़ा जाना ।

**levee** **तटबंध**

बाढ़ के दौरान जमा अवसाद से विकसित तट ।

**level terrace** **समतल वेदिका**

सर्वत्र समान ऊँचाई वाली वेदिका । ऐसी वेदिका जिसकी ऊँचाई हर जगह एक सी हो ।

**light soil** **हल्की मृदा**

स्थूल गठनवाली मृदा जिसमें बारीक मृदा कणों की मात्रा अपेक्षाकृत कम होती है ।

**limc chlorosis** **चूना-हरिमाहीनता**

मृदा में चूने की अधिकता अथवा चूना बहुल जल से सिंचाई के कारण पत्तियों का सामान्यतः पीला पड़ना ।

**lime concretion** **चूना संग्रथन**

अवक्षेपित कैल्सियम कार्बोनेट या अन्य पदार्थों का पुंज ।

**lime requirement** **चूना की आवश्यकता**

अम्लीय मृदा के pH मान में वांछित वृद्धि हेतु चूना सामग्री की आवश्यक मात्रा ।

**limestone** **चूनाश्म, चूना प्रस्तर, चूना पत्थर**

1. एक संस्तरित अवसादी निक्षेप जो मुख्यत: कैल्सियम कार्बोनेट $CaCO_3$ से संघटित होता है और जिसे जलाने पर चूना प्राप्त होता है । यह कार्बोनेट शैलों में से सर्वाधिक महत्वपूर्ण और अत्यधिक विस्तृत रूप में पाया जाने वाला शैल है ।
2. ऐसी चट्टाने जिसमें मुख्यत: कैल्सियम कार्बोनेट या कैल्सियम और मैग्निसियम कार्बोनेट होता है यथा कैल्साइड और डोलोमाइट ।

**liming** **चूनायन**

मृदा अम्लता को कम करने तथा पादप वृद्धि के लिए कैल्सियम की पूर्ति हेतु मृदा में चूना मिलाना।

**liming material** **चूनायन पदार्थ**

मृदा में चूनायन के लिए कैल्सियम अथवा कैल्सियम और मैग्निसियम के दोनों तत्वों के ऑक्साइड, हाइड्रॉक्साइड या कार्बोनेट ।

**linear response** **रैखिक अनुक्रिया**

ऐसी अनुक्रिया जिसमें निवेश के साथ-साथ उत्पाद समानुपातिक रूप से परिवर्तित होता जाता है । समीकरण निम्नवत है -

$y = a + bx$ जहाँ $y$ = उत्पाद
$a$ = निवेश रहित उत्पाद
$b$ = परिवर्तन दर
$x$ = निवेश

**liquid fertilizers** **द्रव उर्वरक**

द्रव उर्वरकों में अनिवार्य तत्व तरल रूप में होते हैं । ये या तो घुलन शील पोषकों अथवा तरल निलम्बों के रूप में अथवा दोनों ही रूपों में होते है ।

**liquid limit (LL)** **द्रवसीमा (एल.एल.)**

मृदा गाढ़ता की द्रव और सुघट्य अवस्था के मध्य स्वेच्छ सीमा के सुसंगत जलांश ।

**listing** **मेंड बनाना**

उपस्कर द्वारा मिट्टी को काटकर उसे दो कूंडो के विपरीत दिशा में फेंकते हुए समरूप कूंड और मेंड बनाना ।

**lithic contact** **शिली संपर्क**

मृदा और जमीन के नीचे सतत एवं पर्याप्त रूप से संसक्त सामग्री के बीच सीमा ।

**lithosequence** **शैल अनुक्रम**

संबंधित मृदाओं का वह समूह जिसके कुछ मृदा लक्षण जनक सामग्री में अंतर होने के कारण एक दूसरे से भिन्न होते हैं ।

**litter** **करकट**

भू-पृष्ठ पर संचित शुष्क या ताजा गिरी पादप सामग्री ।

**loam** **दुमट**

1. मुख्य रूप से मृत्तिका, सिल्ट और बालू के मिश्रण से संघटित एक प्रकार की समृद्ध मृदा, जिसमें यदाकदा अपघटित वनस्पति पदार्थों का कुछ अधिमिश्रण भी रहता है ।
2. वह मृदा जिसमें 7-27 प्रतिशत मृत्तिका, 28-50 प्रतिशत गाद तथा 52 प्रतिशत से कम बालू होती है ।

**loamy** **दुमट**

गठन पर आधारित मृदा का व्यापक वर्ग जिसमें बलुई दुमट, मटियारी दुमट, दुमट सिल्ट, और सिल्ट दुमट सम्मिलित है ।

**loess** **लोएस**

1. भू-वैज्ञानिक सूक्ष्म पदार्थों अधिकांशतः गाद/सिल्ट का एक समान निक्षेप जो सामान्यतः हवा के माध्यम से होता है ।
2. वायु द्वारा वाहित एवं जमा की गई जनक सामग्री ।
3. वायु द्वारा निक्षेपित, मुख्यतः सिल्ट की साइज के शैल-कणों तथा खनिज-कणों से संघटित एक असंपिंडित तथा अस्तरित अवसादी निक्षेप जिसमें सामान्यतः थोड़ी बहुत मात्रा में सूक्ष्म बालू और मृत्तिका भी मिली होती है । इसका रंग हल्का भूरा, पीला या धूसर होता है और इसकी विशेषता यह है कि अत्यंत प्रवण या सीधे खड़े ढालों पर टिका रह सकता है ।

**luxury consumption** **प्रचुर उपभोग**

पादपों द्वारा आवश्यकता से अधिक पोषक तत्वों का उपयोग/ उदाहरणार्थ पोटेशियम ।

**lysimeter** **लाइसीमीटर**

नियंत्रित स्थितियों में मिट्टी के कॉलम से रिसाव और निक्षालन के मापन की युक्ति ।

**macra-pores** **बृहत् रंध्र**

ऐसे मृदा छिद्र जिनका व्यास 100 माइक्रॉन या अधिक हो ।

**macronutrient** **वृहत पोषक, गुरू पोषक**

पौधों की वृद्धि के लिए अधिक मात्रा में (लगभग 50mg/kg) लिए जाने वाले आवश्यक रासायनिक तत्व । जैसे C, H, O, N, P, K, Ca, Mg और S आदि ।

**maghemite $Fe_2O_3$** **मैगेमाइट $Fe_2O_3$**

गहरा रक्ताभ भूरा चुम्बकीय लौह ऑक्साइड खनिज जो रासायनिक रूप से हेमाराइट और संरचना में मैग्नेटाइट के समान होता है ।

**magma** **मैग्मा**

भू-पृष्ठ के नीचे पाई जाने वाली गलित शैल सामग्री ।

**magnetite $Fe_3O_4$** **मैग्नेटाइट $Fe_3O_4$**

सामान्यतः आग्नये शैलों से उत्पन्न काले रंग का चुम्बकीय लौह ऑक्साइड खनिज ।

**mangan** **मैंगन**

मैंगनीज बहुल कुटन जिसमें हाइड्रोजन परआक्साइड डालने पर बुलबुले उत्पन्न हो ।

**map** **मानचित्र**

मानचित्र कला : हाथ से तैयार किया गया या मुद्रित दस्तावेज जिसमें अभिज्ञेय तथा सहमत प्रतीक प्रयोग के अनुसार भौगोलिक लक्षणों के स्थानिक वितरण का निरूपण किया जाता है । अंकीयः भू-पृष्ठ के किसी भाग के बारे में अंकीय सूचना का संग्रह ।

**map generalization** **मानचित्र समान्यीकरण**

मानचित्र का पैमाना घटाए जाने के परिणामस्वरूप किसी मानचित्र के विवरण को कम करने की प्रक्रिया ।

**mapping unit** **मानचित्रण इकाई**

किसी मानचित्र में आरेखित क्षेत्र समूह जिसकी निश्चित विशेषताएँ हों और उनका निरूपण मानचित्र निर्देशिका के अनुसार किया गया हो ।

**map projection** **मानचित्र प्रक्षेप**

निर्देशांकों की आधार प्रणाली जिसका प्रयोग किसी भौगोलिक सूचना प्रणाली में स्थानिक वितरणको निरूपित करने के लिए किया जाता है ।

**map scale** **मानचित्र का पैमाना**

भूमि तथा मानचित्र की दूरियों के बीच अनुपात । यथा विशाल क्षेत्र के लिए 1:1000,000 का छोटा पैमाना और लघु क्षेत्र के लिए 1:10,000 का बड़ा पैमाना ।

**map unit** **मानचित्र इकाई**

चित्रण का एक संकल्पनात्मक समूह जिनमें समान दृश्यभूमि क्षेत्रों को प्रदर्शित किया जाता है जिसमें अंतर्वेशनों सहित एक ही प्रकार की घटक मृदा या दो या अधिक घटक मृदाएं शामिल होती हैं ।

**marginal land** **कृषि सीमांतभूमि**

वह भूमि जिस पर उपज की आय उसके प्रबंध पर होने वाले व्यय से कम होने की संभावना हो ।

**marl** **मार्ल**

कैल्सियम कार्बोनेट के मृदु और असिंपिंडित निक्षेप जिनमें मृत्तिका या अन्य अशुद्धियां पाई जाती है ।

**marsh** **कच्छ**

नमी तथा प्रायः कीचड़ से भरा हुआ, जलाक्रांत भू-क्षेत्र, जिसमें घास, जलबेंत या अन्य शाकीय पौधों की भरमार होती है ।

**marsh** **कच्छ**

ऐसे क्षेत्र जो या तो समय-समय पर क्लेदित अथवा सदैव बाढ़ग्रस्त रहते हों। इनमें मुख्यत: प्रतृण, कटेल, जलबेंत या अन्य जलीय पादप पाए जाते है।

**mass spectrometer** **द्रव्यमान स्पेक्ट्रममापी**

वह उपकरण जो द्रव्यमान के अनुसार आयनित परमाणुओं या अणुओं को अलग-अलग कर देता है और द्रव्यमान के फलन के रूप में सापेक्ष तीव्रता का संकेत देते हुए स्पेक्ट्रम उत्पन्न करता है।

**mature soil** **परिपक्व मृदा, प्रौढ़ मिट्टी**

अपक्षयण तथा जैव प्रक्रमों के अंतर्गत पूर्ण विकसित हो चुकी मृदा जिसके संस्तर सुस्पष्ट होते है।

**maximum available water** **अधिकतम उपलब्ध जल**

जल की वह मात्रा जो मृदा जल धारिता तथा म्लानि गुणांक के बीच अंतर के रूप में प्रदर्शित की गई हो।

**maximum likelihood** **अधिकतम संभाविता**

प्राथिमकता सिद्धांत वाली एक विधि जिसके अनुसार किसी डाटा समूह में गणितीय मडल को फिट किया जाता है।

**maximum water holding capacity** **अधिकतम जलधारण क्षमता**

संतृप्त अवस्था में मृदा द्‌वारा जल धारण करने की क्षमता।

**mechanical analysis** **प्रमापी विश्लेषण**

मृदा कणों के सापेक्ष वितरण का निर्धारण।

**mechanical farming** **यांत्रिक कृषि**

कृषि जिसमें यंत्रों का प्रयोग बहुलता से होता है ।

**mechanical impedance** **यांत्रिक प्रतिबाधा**

पादप मूल के फैलाव अथवा कर्षण उपकरण संचालन में मृदा द्वारा उपस्थित यांत्रिक गतिरोध ।

**mechanical stability** **यांत्रिक स्थायित्व**

यांत्रिक शक्ति द्वारा मृदा का आकार बदलने अथवा मृदा तोड़ने के समय मृदा की अवरोधता ।

**mechanical strength** **यांत्रिक शक्ति**

मृदा विरूपण अथवा पृथक्करण से उत्पन्न यांत्रिक अवरोध ।

**medium texture** **मध्यम गठन**

बारीक और मोटे गठन के मध्य का मृदा गठन जिसमें बारीक बलुई दुमट, दुमट, गाढ़ी दुमट और गाद सम्मिलित है ।

**mellow soil** **नरम मृदा**

वह मृदा जिसमें कर्षण क्रिया और जड़ों का प्रवेश सुगम हो ।

**mesic** **मेसिक**

मृदा ताप-प्रवृत्ति जिसमें वार्षिक ताप का औसत 8 सें.ग्रे. या अधिक और ताप का परास 5 से $15^0$ सें.ग्रे. होता है ।

**meso-pores** **मध्य रंध्र**

30 से 100 माइक्रॉन तक व्यास वाले मृदा रंध्र जो केशिका जल और पोषक तत्वों के संचालन में सहायता करते हैं ।

**metamorphic rock** **कायांतरी शैल**

ऊष्मा तथा दाब के प्रभाव से पूर्ववर्ती शैलों से निर्मित या पृथ्वी के अंदर सम्पन्न होने वाली अन्य भूगर्भीय प्रक्रियाओं द्वारा उत्पन्न शैल ।

**methane** **मिथेन**

सामान्यत: अवायवीय दशाओं में उत्पन्न गंधहीन और रंगहीन गैस जो ऊपरी वातावरण में मिलने पर सार्वत्रिक ऊष्मा बढ़ाने में सहायता करती है ।

**mica** **अभ्रक**

2:1 के स्तर से संरचित ऐल्युमिनासिलिकेट खनिज ग्रुप जिसमें उच्चस्तरीय आवेश होता है और जिसकी पूर्ति सामान्यत: पोटासियम द्वारा की जाती है । इसमें मुख्य श्वेत अभ्रक, काला अभ्रक तथा फ्लोरोपाइट सम्मिलित होते हैं ।

**microclimate** **सूक्ष्मजलवायु**

कृषि क्रियाओं अथवा ऊँचाई के कारण सामान्य जलवायु अवस्थाओं में हुए परिवर्तन के कारण उत्पन्न एक लघु क्षेत्रीय जलवायु अवस्था ।

**microfauna** **सूक्ष्म प्राणिजात**

वे लघु प्राणी जिन्हें केवल सूक्ष्मदर्शी द्वारा देखा जा सकता है । इनमें प्रोटोजोआ, कुछ सूत्रकृमि आदि सम्मलित हैं ।

**microflora** **सूक्ष्म वनस्पतिजात**

वे लघु पादप जिन्हें केवल सूक्ष्मदर्शी द्वारा ही देखा जा सकता है । इनमें शैवाल, कवक, जीवाणु आदि शामिल हैं ।

**micronutrient** **सूक्ष्मपोषक तत्व**

पादप बढ़वार के लिए अत्यंत आवश्यक पोषक तत्व जिनकी आवश्यकता बहुत अल्प मात्रा में होती है । यथा जिंक, कॉपर, मैग्नीज, लौह आदि ।

**microorganism** **सूक्ष्मजीव**

वे सूक्ष्म वनस्पतिजात तथा सूक्ष्म-प्राणिजात जिन्हें केवल सूक्ष्मदर्शी से ही देखा जा सकता है ।

**microrelief** **सूक्ष्म उच्चावच**

टीले, स्वेल या गर्तों समेत स्थलाकृति में हुए लघु पैमाने के स्थानीय अंतर । इनका व्यास केवल कुछ ही फुट का होता है और उठान के अंतर 6 फुट तक होते हैं ।

**middle breaking** **मध्य कूड़ बनाना**

पादपों की दो पंक्तियों के बीचो-बीच कूड बनाने के लिए मेडकारी हल का उपयोग ।

**middle buster** **मध्य बस्टर**

दुधारी शॉवल वाला मेंडकारी हल ।

**milli equivalent** **मिली तुल्यांक**

ऑयन या यौगिक के तुल्यांक हजारवाँ अंश ।

**mineralization** **खनिजन**

सूक्ष्मजीवी अपघटन के परिणामस्वरूप किसी तत्व का कार्बनिक रूप (अगतिशील) से अकार्बनिक अवस्था में रूपांतरण खनिजन कहलाता है ।

**mineral soil** **खनिज मृदा**

वह मृदा जिसकी रचना मुख्यतः खनिज सामग्री से होती है ।

**minimum tillage** **न्यूनतम कर्षण**

फसल उत्पादन हेतु खेत तैयार करने के लिए भूमि का कम से कम कर्षण ।

**mixed fertilizers** **मिश्रित उर्वरक**

परस्पर मिश्रित दो या दो से अधिक उर्वरक । ये सूखे चूर्ण, दानों, टिक्कियों, ढेर संमिश्रों अथवा द्रव रूप में हो सकते हैं ।

**mixed red and black soil** **मिश्र लाल और काली मृदा**

सामान्य गठन युक्त कार्बोनेट रहित विभिन्न गहराई वाली कम नाइट्रोजन, फॉसफेट, जैव पदार्थ तथा चूना युक्त मध्यम उर्वर बलुई दुमट मृदाएं ।

**moderately coarse texture** **साधारण स्थूल गठन**

मोटे कणों की प्रचुरता से निर्मित गठन । मृदा के गठनात्मक वर्गीकरण में अतिसूक्ष्म रेतीली मिट्टी को छोड़कर अन्य सभी प्रकार की बलुई मृदा का समावेश करता है ।

**moisture content soil** **नमी की मात्रा**

मृदा में विद्‌यमान जल की मात्रा । इसे आमतौर पर अवन शुष्क आधार पर भार के प्रतिशत में दर्शाया जाता है ।

**moisture release curve** **आर्द्रता-मोचन वक्र**

मृदा जल धारिता तथा म्लानि बिंदु परास के बीच मृदा-नमी तनाव एवं मृदा नमी के अंश का परस्पर कार्यात्मक संबंध ।

**moisture retentive soil** **आर्द्रता धारणशील मृदा**

वह मृदा जो सीधी मृत्तिका कोलाइड मात्रा पर निर्भर करते हुए जल की उच्च प्रतिशतता धारण करती है । चिकनी मिट्टी में बलुई मिट्टी की अपेक्षाकृत अधिक जल धारण क्षमता होती है ।

**moisture stress** **आर्द्रता प्रतिबल**

वह बल जिस पर मृदा द्वारा जल धारण किया जाता है ।



8—23/CSTT/ND/97

**moisture tension** **आर्द्रता तनाव**

वह तुल्य ऋणात्मक दाब जिसके अंतर्गत जल संरंध्र पारगम्य झिल्ली से गुजर कर मृदा में विद्यमान पानी का चल जलीय संतुलन बनाए रखता है ।

**molecule** **अणु**

किसी पदार्थ की लघुतम इकाई जो स्वतंत्र रूप से अपने अस्तित्व एवं गुण धर्मों को बनाए रखती है ।

**mole drains** **मोल अपवाहिका**

मोल हल द्वारा सतह पर खाई रहित अवमृदा में कृत्रिम बेलनाकर नाली का निर्माण ।

**mollic epidedon** **मोलिक ऐपिपेडॉन**

खनिज मृदा का गहरे रंग का अपेक्षाकृत मोटा पृष्ठ संस्तर जिसमें कम से कम 0.6 प्रतिशत जैविक कार्बन होता है । शुष्क स्थिति में यह स्थूल और कठोर नहीं होता । इसकी क्षारक संतृप्ति 50 प्रतिशत से अधिक और 10 प्रतिशत सिट्रिक अम्ल में घुलनशील $P_2O_5$ की मात्रा 250 मि.ग्रा./कि.ग्रा. से कम होती है । यह प्रमुखतः द्विसंयोजी धनायनों से संतृप्त रहता है ।

**mollisol** **मालीसॉल**

मृदाएँ जिनका पृष्ठ संस्तर अपेक्षाकृत मोटा और काले रंग का तथा जैव पदार्थ से भरपूर होता है ।

**mor** **मॉर**

क्षारक न्यूनता वाले ह्यूमस जो अत्यधिक अम्लीय अभिक्रिया दर्शाते हैं ।

**moraine** **मोरेन, हिमोढ़**

मुख्यतः हिमनदीय बर्फ की प्रत्यक्ष क्रिया द्वारा हिमनदाच्छादित क्षेत्र में निर्मित किसी प्रारंभिक स्थलाकृतिक स्वाभिव्यक्ति के साथ अपवाह का संचयन । उदाहरणार्थ भूमि, पार्श्विक प्रतिसारी और छोरीय हिमोड ।

खनिज मृदा से भिन्न सामान्यत: ग्रथित अथवा संघनित अथवा दोनों प्रकार के विलगित आंगिक पदार्थ के वन- ह्यूमस की परत का एक प्रकार ।

**motling** **कर्बुरण**

विभिन्न रंगों (सामान्यत: नारंगी या भूरे) के धब्बे या धारियाँ जो मुख्य मृदा मैट्रिक्स के उस रंग के साथ बिखरी होती हैं और जिसकी उत्पत्ति आवर्ती न्यूनीकरण/जलाक्रांत तथा ऑक्सीकरण अवस्थाओं से होती है ।

**mound culture** **ढेरी विधि**

स्थानीय आवश्यकतानुसार विभिन्न ऊँचाई (30-50 से.मी.) और आकार की मिट्टी की ढेरियाँ बनाना ।

**muck** **मक, कार्बनी, कर्दम**

अधिकांशत: अपघटित वह जैविक पदार्थ जिसके पादप अवशेषों को पहचाना नहीं जा सकता । ये खनिज तत्वों से युक्त और प्राय: पीट से भी अधिक गहरे रंग के होते हैं ।

**muck soil** **मक मृदा**

मृदा जिसमें 20 से 50 प्रतिशत सुअपघटित पदार्थ होता है तथा खनिज की मात्रा अपेक्षाकृत अधिक होती है । इसका रंग गहरा तथा संचयन अपूर्ण अपवाह की स्थितियों में होता है ।

**mulch** **मल्च, पलवार**

ऐसा पदार्थ जो मृदा की सतह के ऊपर मृदा और पौधों की जड़ों को बरसाती बूंदो, मृदा की ढकान, जमाव और वाष्पीकरण आदि के प्रभावों से बचाने के लिए प्रयुक्त किया जाता है ।

**mulch farming** **पलवार कृषि**

कृषि की वह प्रणाली जिसमें कार्बनिक अवशिष्टों को बिना जोते भू-पृष्ठ पर ही छोड़ दिया जाता है।

**mulch tillage** **मल्च कर्षण, पलवार कर्षण**

मृदा को इस प्रकार तैयार करना जिससे पादप अवशेष एवं अन्य पलवार पदार्थ विशेष रूप से मृदा सतह या उसके पास रह जाएं।

**mull** **मल (ह्यूमस)**

1. जैव और खनिज, पदार्थों का संमिश्र जो मुख्यतः कृमियों विशेषकर केंचुओं द्वारा बनता है।
2. वह ह्यूमस जिसमें खनिज क्षारकों की मात्रा पर्याप्त होती है।

**munsell soil colour** **मुन्सेल मृदावर्ण**

मृदावर्ण की एक पद्धति जिसमें रंगों के 3 सरल चरों की सापेक्ष डिग्रियों (मात्रा) का विशेष उल्लेख किया जाता है। ये सरल चर निम्नलिखित हैं – वर्णिमा (प्रधान स्पेक्ट्रमी वर्ण); मान (वर्ण का सापेक्ष हल्कापन) तथा क्रोमा (वर्ण की सापेक्ष प्रबलता)।

**natric horizon** **नैट्रिक होराइजन, नैट्रिक संस्तर**

ऐसा खनिज मृदा संस्तर जो मृण्मय संस्तर की आवश्यकताओं की पूर्ति करता है जिसमें प्रिज्मीय, स्तंभाकार अथवा खंडी संरचना होती है तथा ऐसा अवसंस्तर भी होता है जिसमें 15 प्रतिशत से अधिक संतृप्ति विनिमयशील सोडियम से होती है।

**natural erosion** **प्राकृतिक अपरदन**

मनुष्य से अबाधित जल, बर्फ या जलवायु की अन्य प्राकृतिक पर्यावरणीय परिस्थितियों, वनस्पति आदि से पृथ्वी के पृष्ठ का क्षय।

**nematodes** **सूत्रकृमि**

अनेक मृदाओं में प्रचुरता से विद्यमान अतिसूक्ष्मजीव । उनमें से कुछ आक्रमण करने और पौधों की जड़ों को नष्ट करने में सक्ष्म होते हैं ।

**neutral soil** **उदासीन मृदा**

वह मृदा जिसका pH मान 6.5 से लेकर 7.5 तक होता है ।

**neutron moisture meter** **न्यूट्रॉन आर्द्रतामापी**

न्यूट्रॉन प्रकीर्णन यंत्र द्वारा मृदा नमी मापन ।

**neutron scattering** **न्यूट्रॉन प्रकीर्णन**

मृदा में आर्द्रता की मात्रा का पता लगाने का एक उपाय । द्रुतगामी न्यूट्रानों की ऊर्जा हाइड्रोजन अणुओं से टकराने के पश्चात् शिथिल अथवा धीमी हो जाती है । ये शिथिल न्यूट्रान संसूचक की पकड़ में आ जाते हैं जिनकी गणना गणन इकाई द्वारा की जाती है ।

**nitrification** **नाइट्रीकरण**

सूक्ष्मजीवों द्वारा अमोनिया का नाइट्राइट और नाइट्राइट का नाइट्रेट में ऑक्सीकरण ।

**nitrification inhibitor** **नाइट्रीकरण संदमक**

रसायनों के प्रयोग द्वारा मृदा में नाइट्रोजन के रूपांतरण की प्रक्रिया को नियंत्रित करना ।

**nitrorgen assimilation** **नाइट्रोजन–स्वांगीकरण**

जीवधारियों द्वारा जैव कोशिकीय पदार्थों में नाइट्रोजन का समावेशन ।

**nitrogen cycle** **नाइट्रोजन चक्र**

नाइट्रोजन द्वारा होने वाले रासायनिक और जैविक परिवर्तनों की वह शृंखला जो वातावरण से पानी, मृदा, जीवधारियों और उनकी (पौधों और प्राणियों) मृत्यु पर एक भाग अथवा समस्त प्रक्रम द्‌वारा पुनः चक्रित होती है ।

**nitrogen fixation** **नाइट्रोजन स्थिरीकरण**

तात्विक नाइट्रोजन का कार्बनिक संयोगों में जैविक अथवा जैविक क्रियाओं द्वारा त्वरित उपयोगी रूपों में परिवर्तन ।

**non-acid forming fertilizer** **अम्लहीनकारी उर्वरक**

ऐसा उर्वरक जो मृदा की अवशिष्ट अम्लता में वृद्धि नहीं करता । यथा – कैल्शियम अमोनियम नाइट्रेट और कैल्शियम नाइट्रेट ।

**normal solution (N)** **प्रसामान्य विलयन**

किसी यौगिक के तुल्यांक भार से बना विलयन जिसका अनुपात 1 लीटर होता है ।

**no-tillage planting** **अ–कर्षण रोपण**

वपनीय क्यारी तैयार किए बिना ही पौधा लगाना ।

**ochric epipedon** **मैरिक ऐपिपेडॉन**

खनिज मृदा का पृष्ठ संस्तर जिसका रंग बहुत ही हल्का, क्रोमा बहुत ज्यादा, जैविक कार्बन बहुत कम और मोटाई इतनी कम होती है कि इसे प्लेजन, मोलिक, अम्ब्रिक, एन्थ्रोपिक या हिस्टिक ऐपिपेडॉन नहीं कहा जा सकता । शुष्क स्थिति में यह कठोर और स्थूल हो जाता है ।

**o-horizon** **ओ–संस्तर**

खनिज मृदा का जैव (कार्बनिक) संस्तर जिसकी संरचना खनिज भाग के ऊपरी पृष्ठ पर होती है । इसका निर्माण आंशिक रूप से अपघटित जैव पदार्थ की अतिशयता (720 प्रतिशत) से होता है ।

**order** **क्रम**

मृदा वर्गीकरण की आनुवंशिक तथा व्यापक प्रणालियों में मृदा वर्गीकरण का सर्वोच्य क्रम ।

**organic fertilizer** **कार्बनिक उर्वरक**

प्राणियों और वनस्पतियों के अवशिष्ट को संसाधित करने से बने पर्याप्त पोषक तत्व युक्त कार्बनिक पदार्थ ।

**organic manure** **जैव (कार्बनिक) खाद**

मुख्यत: वनस्पति या प्राणि–उत्पत्ति की कार्बनमय सामग्री जिसे विशेषत: पादपों के पोषण के लिए मिट्‌टी में मिलाया जाता है ।

**organic matter** **जैव पदार्थ**

मृदा में पाये जाने वाले पादपों एवं प्राणियों के अपघटित अवशिष्टों यथा - जीवों की कोशिकाएँ एवं ऊत्तक तथा सूक्ष्मजीवों की क्रिया द्वारा संश्लेषित पदार्थ ।

**organic soil** **जैव मृदा**

मृदा जिनमें न्यूनतम जैव पदार्थ 20 प्रतिशत तथा न्यूनतम मृत्तिका 30 से 60 प्रतिशत के मध्य हो ।

**ortstein** **आर्टस्टेन**

स्पोडोस्पेन्स के. बी. संस्तर पर एक कठोर पर्त जिसमें योजक पदाथ समपोहित सेस्क्वीऑक्साइड (अधिकतर लौह) और जैव पदार्थ सम्मिलित है ।

**osmotic pressure** **परासरणी दाब**

केशिका भित्ति या झिल्लिका के दोनों ओर लवण के असमान सांद्रीकरण के परिणामस्वरूप जीवों पर सप्रयास दबाव ।

**out crop** **दृश्यांश**

शैल परतों की वे कोरें जो भू पृष्ठ पर खुली दिखाई देती हैं ।

**outwash plain** **हिमानी धौत मैदान**

प्रतिसारी हिमनदों से पिघलकर बहती जलधारा द्‌वारा छोड़े गए मोटे गठन वाले पदार्थों (बालू, कंकड़ आदि) का निक्षेप ।

**oven dry soil** **अवन शुष्क मृदा**

$105^0$ सेंटीग्रेड पर शुष्क होने पर मृदा का स्थिर भार ।

**oxic horizon** **ऑक्सिक होराइजन/संस्तर**

ऐसा खनिज मृदा संस्तर जो कम से कम 30 सेमी. मोटा होता है । इसमें अपक्षयी प्राथमिक खनिज अथवा 2:1 जालक मृत्तिका नहीं होती है परंतु 1:1 जालक मृत्तिकाएँ और अत्यधिक अघुलनशील खनिज (स्फटिक बालू, लौह और एलुमिनम के जलयोजित ऑक्साइड) होते है । इसमें विनिमयशील क्षारकों की मात्रा कम होने के कारण धनायन विनिमय क्षमता कम होती है ।

**oxisol** **ऑक्सीसोल**

मृदावर्गीकरण के यू॰एस॰ व्यापक वर्गीकरण में एक मृदा क्रम (सर्वोच्च कोटि) । ऑक्सीसोल अत्यधिक अपक्षयित मृदाएँ हैं जिनमें लौह तथा ऐल्युमिनियम ऑक्साइड अधिक मात्रा में होता है परंतु सिलिका नहीं होता । इस प्रकार की मृदाएं प्राय: ऊष्ण कटिबंधीय जलवायु में पायी जाती हैं ।

**pan** **कठोर तल**

समय विशेष में लगातार एक गहराई में की गयी जुताई के कारण बनी एक कठोर परत जिसका निर्माण लवण, मृत्तिका आदि के संचयन से होता है । ये तीन प्रकार की होती हैं (i) प्लोपरत – एक ही गहराई पर लगातार जुताई से बनी 20–25 सेंमी. तक गहराई पर पायी जाने वाली परत (ii) मृत्तिका परत – मृत्तिका के अभिगमन से बनी परत (iii) कंकरीट परत और खनिजों के संचयन से बनी परत।

**pans** **कठोर स्तर**

मृदाओं के वे संस्तर अथवा परतें जो मजबूती से बँधे और दृढ़ीभूत हो और जिनमें मृत्तिका का स्तर बहुत अधिक हो जैसे – क्लेपैन, फ्रजीपैन आदि ।

**parent material** **जनक सामग्री**

अपक्षयित शैल या आंशिक रूप से अपक्षयित मृदा सामग्री का वह संस्तर जिससे मृदा की संरचना होती है । यह मृदा प्रोफाइल का संस्तर 'C' होता है ।

**particle density (soil)** **कण घनत्व (मृदा)**

ठोस के द्रव्यमान (अवन शुष्कित मृदा) के प्रति केवल ठोस के आयतन का अनुपात जिसकी अभिव्यक्ति $g/cm^3$ के रूप में की जाती है ।

$$Pd = \frac{ms}{vs}$$

(Pd = कण घनत्व; ms = ठोस द्रव्यमान, vs = ठोस आयतन)

**particle size** **कण परिमाण**

अवसादीकरण, छानने अथवा सूक्ष्ममिति विधियों द्वारा मापित किसी कण का प्रभावी व्यास ।

**particle size analysis** **कण-परिमाण विश्लेषण**

मृदा नमूने में भिन्न-भिन्न पृथकों की मात्राओं का निर्धारण जो आमतौर पर अवसादीकरण, छानने, सूक्ष्ममिति अथवा इन सभी विधियों द्वारा किया जाता है ।

**particle size distribution** **कण-आकार वितरण**

मृदा नमूने में विभिन्न मृदा कण वर्गों की भारात्मक प्रतिशतता ।

**part per million (PPM)** **भाग प्रतिमिलियन**

किसी पदार्थ की वह मात्रा जो वाहक (यथा वायु या जल में मिश्रण या विलय) के दस लाख भाग (मिलियन) में होती है ।

**pasture land** **चरागाह**

भूमि का वह क्षेत्र जिस पर घास या अन्य शाकीय चारा पादप होते हैं जो पशुओं के चरने के काम आते हैं ।

**peat (soil)** **पीट (मृदा)**

1. वह अदृढ़ीभूत मृदा-सामग्री जिसमें प्राय: अपघटित या आंशिक अपघटित जैव पदार्थ शामिल होता है जो अत्यधिक आर्द्र अवस्थाओं में जमा हो जाता है ।
2. 50 प्रतिशत से अधिक कार्बनिक पदार्थ युक्त मृदा ।

**pedal** **पेडल**

मृदा सामग्री के लिए प्रयुक्त किया जाने वाला शब्द अथवा मृदा संरचना की प्राथमिक इकाई जिसकी उत्पत्ति प्राकृतिक प्रक्रिया द्वारा होती है । यथा – छोटा ढेला, मृदा-समुच्चय, प्रिज़्म, खण्डरूप आदि ।

**pedalfer (Ped-alfer)** **पेडलफर (मृदा)**

एक अप्रचलित शब्द जिसका प्रयोग उस मृदा समूह के लिए किया जाता है जिसके (संमृदा) सोलम के निचले भाग में सेस्कवीऑक्साइड (एलुमिनम, लौह ऑक्साइड) जमा होते हैं । यथा – आर्द्र प्रदेशों की मृदाएँ ।

**pediplain** **पदस्थली**

हिमानीधौत सपाट मृदाके लिए प्रयुक्त किया जाने वाला शब्द ।

**pedogenesis** **मृदाजनन**

मृदा संरचना का प्राकृतिक प्रक्रम ।

**pedological feature** **मृदावैज्ञानिक लक्षण**

मृदा–सामग्री में अभिज्ञेय इकाइयाँ जो उत्पत्ति (तत्व के रूप में निक्षेपण), प्लाज्मा के कुछ अंश में सांद्रण के अंतरों या घटकों (बनावट) के विन्यास में अंतर के कारणों से परिबद्ध सामग्री से पृथक होती हैं ।

**pedology** **मृदा विज्ञान**

वह विज्ञान जो भूमि उपयोग योजना के लिए मृदाओं के सर्वेक्षण, उत्पत्ति और वर्गीकरण से संबंधित होता है ।

**pedon** **पेडॉन**

मृदा का सबसे छोटा आयतन जो मृदा की मूल इकाई है । पेडॉन का आकार लगभग षटकोणीय होता है। इसका क्षेत्र मृदा की परिवर्तनशीलता पर निर्भर करते हुए 1 से 10 $मी^2$ होता है ।

**pedoturbation (soil mixing)** **पेडोटर्बेशन**

1. मृदा के सभी संघटकों का संमिश्र जिसके निर्माण में समपोहन की भूमिका नहीं होती ।
2. प्राणिजात, पादपजात, तुषार अथवा बर्फ का पिघलना, मृत्तिकाओं का बढ़ते हुए फूलना, मृदा खनिजों की वृद्धि एवं अपक्षयण द्वारा मृदा सामग्री का स्थानिक चक्रीय संचलन ।

**peneplain** **समप्राय भूमि**

वह भूमि जो कभी ऊबड़ खाबड़ (असम) थी, अपरदन के कारण निम्न दाब वाली हल्के उर्मिल पृष्ठ की भूमि बन जाने से मैदानी बन गयी है ।

**penetrability** **वेधनीयता**

मृदा में अन्वेषी शलाका ढकेलने की सहजता ।

**percolation** **अन्तःस्रवण**

1. भूमि के नीचे, प्राकृतिक रूप से विकसित द्रवस्थैतिक दाब के प्रभाव में जल या अन्य द्रवों का शैल या मृदा के अन्तराकाशों से होकर संचलन ।

2. संतृप्त या लगभग संतृप्त अवस्थाओं में गुरुत्वाकर्षण या द्रवगतिकीय दाब या दोनों के अधीन शैल या मृदा के अंतरालों से होकर जल का अधोमुखी संचलन ।

**permafrost** **स्थाई तुषार भूमि**

1. मृदा के नीचे स्थायी रूप से हिमशीतित पदार्थ ।

2. सर्वदा हिमशितित मृदा संस्तर ।

3. स्थायी रूप से हिमशितित अवमृदा ।

**permanent wilting point** **स्थायी म्लानि बिंदु**

मृदा द्वारा उस समय धारण किया गया जल जब उसमें उगनेवाले पौधे म्लान पड़ जाते हैं और पुनः हरे नहीं होते । यह सामान्यतः तब होता है जब दाब (15 – वार) द्वारा मृदा से पानी निष्कर्षित किया जाता है ।

**permeability** **मृदा**

1. मृदा का वह गुण या उसकी क्षमता जिससे तरल पदार्थ और गैसें उसमें से होकर गुजर सकती हैं । शैलों की पारगम्यता की मात्रा उनके रंध्रों के प्रमाप तथा आकार एवं रंध्रों के अंतरायोजकों (inter-connections) के प्रमाप और आकार तथा विस्तार पर निर्भर करती है ।

2. वायु या पादप जड़ों के किसी विशेष संस्तर में प्रवेश करने की सहज क्रिया ।

**permeability coefficient** **पारगम्यता गुणांक**

15.5 सें॰ तापमान पर यूनिट जलीय प्रवणता के अंतर्गत किसी सरंध्र द्रव्यमान के एक एकक के अनुप्रस्थ काट से होकर गुजरने वाले द्रव प्रवाह की दर ।

**permeability rate** **पारगम्यता दर**

मानक दाब प्रवणता के अंतर्गत जल के मृदा से गुजरने की दर । यह आमतौर पर वह जल होता है जो एक डाइन प्रति सेंमी. की दाब प्रवणता के अंतर्गत प्रति वर्ग सेंमी. मृदा में तिरछा चलता है ।

**permeable** **पारगम्य**

उन मृदाओं से संबंधित जिनका गठन इस प्रकार का होता है कि द्रव या गैसें उनके आर-पार संचरित हो सकती है ।

**permeable bed (pervious bed)** **पारगम्य शैल**

यह संस्तर जो रिक्तियों से युक्त होता है जिनसे होकर जल या अन्य द्रव सामान्य द्रवस्थैतिक दाब के प्रभाव में संचलित होता रहता है ।

**petrocalcic horizon** **कैल्सियममय शैल होराइजन/संस्तर, कैल्सिक शैल संस्तर**

अविच्छिन्न दृढ़ीकृत कैल्सियममय संस्तर जो कैल्सियम कार्बोनेट और कहीं-कहीं मैग्निसियम कार्बोनेट से सीमेन्टित होता है । शुष्क स्थिति में फावड़े या बरमे से बेधा नहीं जा सकता; पानी से बुझ नहीं सकता और जड़े उसमें प्रविष्ट नहीं हो पातीं ।

**petrogypsic horizon** **जिप्सममय शैल होराइजन, जिप्सममय संस्तर**

एक अविच्छिन्न दृढ़ सीमेन्टित जिप्सममय संस्तर । शुष्क स्थिति में फावड़े से इसके चिप्पड़ निकाले जा सकते हैं । सूखे खंड पानी में नहीं बुझते और जड़े इसमें प्रवेश नहीं कर सकती ।

**PF** **पी एफ**

किसी जल कालम की सेंमी. में ऊँचाई का लघुगणक जो कुल प्रतिबल को दर्शाता है और जिसके आधार पर मृदा द्वारा जल धारण किया जाता है ।

**phase** **प्रावस्था**

वातावरणीय लक्षणों (यथा – पृष्ठ गठन, पृष्ठीय शैल खंडों, शैल दृश्यांशों, अध:स्तर, विशेष मृदा जल अवस्थाओं, लवणता, भू–आकृतिक स्थिति, अपरदन, मोटाई आदि) के अनुसार मृदाओं का व्यावहारिक (उपयोगी) समूहीकरण ।

**pH - dependent charge** **पीएच॰ आश्रित आवेश**

मृदा खंडों के पूर्व आवेश का वह भाग जो पीएच॰ में होने वाले परिवर्तनों के साथ प्रभावित और परिवर्तनीय होता है ।

**phosphate rock** **फॉस्फेट शैल**

कैल्सियम फॉस्फेट से संघटित अवसादी शैल ।

**photomap** **फोटो मानचित्र**

एक मोजेक मानचित्र जो वायव फोटुओं से तैयार किया जाता है और जिसमें प्लानीमीटरी मानचित्र के समान भौतिक एवं सांस्कृतिक लक्षण दिखाए जाते हैं ।

**pH soil** **pH मृदा**

किसी मृदा की हाइड्रोजन ऑयन–क्रिया का ऋणात्मक लघुगुणक । यह किसी मृदा की अम्लता या क्षारता की वह मात्रा होती है जिसका निर्धारण किसी विशिष्ट आर्द्रता अंश या मृदा पर कांच क्विनहाइड्रोन या अन्य उपयुक्त इलेक्ट्रोड या सूचक द्वारा जल के अनुपात से किया जाता है और उसे 0 से 14 के pH स्केल से दिखाया जाता है ।

**physical property** **भौतिक गुण**

मृदा का भौतिक संघटन यथा बालू, गाद, मृत्तिका, गठन संरचना आदि ।

**physical weathering** **भौतिक अपक्षयण**

भौतिक बलों यथा – तापमान में परिवर्तनों, तुषार, अपशल्कन आदि द्वारा शैलों का छोटे-छोटे खंडों में टूटना ।

**pixel** **पिक्सेल**

किसी ग्रिड-सेल मानचित्र में या क्रमवीक्षण चित्र में सूचना की लघुतम इकाई ।

**placic horizon** **प्लेसिक होराइजन, प्लेसिक संस्तर**

काले से लेकर गहरे लाल रंग का खनिज मृदा संस्तर जो प्रायः पतला (1 से 25 मिमी.) एवं लौह से सीमेन्टित होता है । पानी के लिए धीरे-धीरे पारगम्य किंतु जड़ें प्रवेश नहीं कर सकती ।

**plaggen epidedon** **प्लेजन ऐपिपेडॉन**

50 सेमी. से अधिक मोटा ऐसा पृष्ठ संस्तर जो दीर्घकाल तक निरंतर खाद का प्रयोग करते रहने से बनता है ।

**plastic limit (PL)** **सुघट्य सीमा, प्लास्टिक सीमा (पी.एल.)**

मृदा की गाढ़ता की सुघट्य और अर्ध-ठोस अवस्था के मध्य स्वेच्छ सीमा के सुसंगत जलांश ।

**plastic soil** **सुघट्य मृदा**

मृदा जिसे अपेक्षाकृत मध्यम दाब द्वारा विभिन्न आकारों में सतत् तथा स्थायी रूप से साँचित या विरूपित किया जा सकता है ।

**platy** **पट्टकित, सपाट, चपटा, पट्टित**

1. मृदा समुच्चय का एक प्रकार जो प्रधानतया परतदार और पट्टकित होता है तथा जिसके क्षैतिज अक्ष ऊर्ध्वाधर अक्षों से बड़े होते हैं ।

2. मृदा संरचना का एक प्रकार जिसमें मृदा समूह प्लेटों की भाँति समस्तरीय रूप से फैले होते हैं ।

**playa** **प्लाया (शुष्क जलोढ़ तल)**

झील का सूखा तल जो जलोढ़ मृदा से बना होता है ।

**plinthite (brick)** **प्लिन्थाइट (ब्रिक)**

सैस्क्विऑक्साइड अथवा लौह और स्फटिक तथा दूसरे तनुकारियों के साथ ऐल्यूमिनियम का अपक्षय जो लाल चितकबरेपन के समान होता है और एकांतर नमी और शुष्कता पर कठोर स्तर के रूप में अनुत्क्रमणीयता के साथ परिवर्तित होता है ।

**plotter** **आलेखित्र**

मानचित्र और आकृतियों को खींचने की कोई युक्ति ।

**plow layer** **हल परत मृदा**

मृदा पृष्ठ के समकक्ष भूकर्षण की स्थिति में साधारणतया गतिशील मृदा ।

**plow pan** **खूड कठोर स्तर**

एक ही हल से सामान्य गहराई पर निरंतर दीर्घकाल तक जुताई करने के परिणामस्वरूप अवसतह में कठोर परत का निर्माण ।

**podzol** **पॉडजोल**

उन क्षेत्रीय मृदाओं का एक समूह जिसकी संरचना शीत शीतोष्ण से शीतोष्ण और आर्द्र जलवायु के अंतर्गत शंकुवृक्षी (या मिश्रित शंकुवृक्षी तथा पतझड़ी) वन वनस्पति से हुई है और निक्षालित वुडएश वर्णित $A_2$ संस्तर वाली होती है ।

**podzol soil** **पॉडजोल मृदा**

मृदा जिसमें कार्बनिक और निक्षालित भूरी परत के ऊपर जैव खनिज की एक अत्यंत पतली परत होती है । यह मृदा ठंडे आर्द्र-जलवायु वाले बनों में पायी जाती है ।

**polygon** **पॉलिगॉन**

वह बहुपार्श्वी आकृति जो मानचित्र पर किसी क्षेत्र विशेष को प्रदर्शित करती है ।

**polypedon** **पालिपेडॉन**

दो या दो से अधिक सतत पेडॉन जो एक मृदा शृंखला में परिबद्ध होते हैं ।

**pore (macro)** **रंध्र (वृहत्)**

ऐसा रंध्र जिसका व्यास 100 माइक्रॉन या अधिक हो । उसका मुख्य कार्य वायु परिसंचलन तथा मृदा जल के अपवाह को बनाए रखना है ।

**pore (meso)** **रंध्र (मध्य)**

ऐसा रंध्र जिसका व्यास 30 और 100 माइक्रॉन के बीच हो । यह केशिका जल के संचालन में सहायता करता है ।

**pore (micro)** **रंध्र (सूक्ष्म)**

ऐसा रंध्र जिसका व्यास 3 से 30 माइक्रॉन हो । इसका कार्य जल धारण तथा मंद केशिका प्रवाह करना है ।

**pore size distrbution** **रंध्र आमाप वितरण**

किसी मृदा में विभिन्न आमापों के रंध्रों के आयतन का परास खंड । इसे मृदा के प्रतिशत के रूप में प्रदर्शित करते हैं ।



9—23/CSTT/ND/97

**porosity (pore-space)** **संरध्रता (रंध्राकाश)**

रंध्रों से परिपूर्ण मृदा आयतन का प्रतिशत ।

**post-harvest tillage** **पश्च-फसल जुताई**

फसल कटने के तत्काल बाद अगली फसल के लिए भूमि की जुताई ।

**prairie soil** **प्रेअरी मृदाएं**

क्षेत्रीय मृदाओं का एक समूह जिसका निर्माण शीत-शीतोष्ण एवं शीतोष्ण और आर्द्र जलवायु के अंतर्गत लंबी घास वाली वनस्पति के नीचे होता है ।

**precipitation** **वर्षण**

वर्षा, फुहार, हिम, ओला, कुहरा, द्रवण, पाला तथा तुहिन आदि से प्राप्त जल की कुल मात्रा जिसे मिलीमीटर में दर्शाया जाता है ।

**primary mineral** **प्राथमिक खनिज**

1. वह खनिज जिसकी उत्पत्ति उसको धारण करने वाले शैल के साथ ही साथ हुई हो और जो अपने मूल रूप एवं संघटन को बनए रखता है ।
2. ऐसे पदार्थ जो गलित लावा के निक्षेपण एवं क्रिस्टलीकरण के उपरांत भी रासायनिक तौर पर अपरिवर्तनीय है ।
3. मूलतः शैल में पाया जाने वाला खनिज । यथा - फेल्ड्स्पार, अभ्रक, पाइरॉक्सीन, अथवा शैलों के अपक्षयण से प्राप्त होने वाला खनिज ।

**prism** **प्रिज्म**

क्रिस्टलिकी में वह बहुफलक जिसके दो फलक समांतर तलों में बहुभुजीय होते हैं जबकि अन्य फलक समांतर चतुर्भुज होते हैं ।

**prismatic soil structure** **प्रिज्मीय मृदा संरचना**

मृदा संरचना का एक प्रकार जिसमें कणों के समुच्चयों के ऊर्ध्वाधर अक्ष क्षैतिज अक्षों से बड़े होते हैं ।

**productive soil** **उत्पादी मृदा**

वह मृदा जिसमें भौतिक रासायनिक और जैविक अवस्थाएँ जलवायु की दृष्टि से फसलों के आर्थिक उत्पादन के अनुकूल होती हैं ।

**productivity** **उत्पादकता**

1. पादप के संदर्भ में किसी पादप की वह क्षमता जिसके आधार पर वह प्रति यूनिट समय में उपज अथवा जैवभार पैदा कर सकता है ।
2. मृदाके संदर्भ में सामान्य परिस्थिति में मृदा की वह क्षमता जिसके आधार पर वह किसी विशिष्ट प्रबंधक प्रणाली के अंतर्गत पादप या पादप-अनुक्रम पैदा कर सकती है । उपज को प्रति हेक्टेयर ईकाई में दर्शाया जाता है ।

**profile** **परिच्छेदिका, प्रोफाइल**

क. किसी सर्वेक्षण-क्षेत्र के ऊर्ध्वाधर काट को प्रदर्शित करने वाला आरेख जिसमें उस क्षेत्र के वास्तविक उत्थानों और अवनमनों को प्रदर्शित किया जाता है ।

ख. मृदा का ऊर्ध्वाधर परिच्छेद जो उसके विभिन्न स्तरों की प्रकृति और उनके अनुक्रम को प्रदर्शित करता है ।

**puddle** **पडल (जलरोधी मृत्तिका)**

मिट्टी, मृदा, मृत्तिका या इनमें से 2 या अधिक का मिश्रण जो पानी के मिलने, लुढ़कने तथा रूँदने के बाद संहत हो जाता है और अप्रवेश्य बन जाता है ।

**puddled soil** **जलरोधी मृदा**

वह सघन स्थूल मृदा जो गीली होने पर कृत्रिम रूप से संहत की जाती है और जिसकी कोई नियमित संरचना नहीं होती है । यह स्थिति सामान्यतः गीली मृदा की जुताई से उत्पन्न होती है ।

**pulverization** **संक्षोदन**

वह यांत्रिक क्रिया जिसमें औजार या जुताई के उपकरणों द्वारा ऊपरी भूपृष्ठ को पलट दिया जाता है ।

**pyrophyllite** **पाइरोफाइलाट**

एलुमिनोसिलिकेट खनिज जिसकी परत संरचना 2:1 टाइप की होती हे; लेकिन इसका कोई समाकृतिक प्रतिस्थापन नहीं होता । यह डाइओक्टाहेड्रल होता है ।

**quartz** **क्वार्टज**

निर्जलीय सिलिकन ऑक्साइड ($SiO_2$) से बना खनिज जो मृदा का एक मुख्य घटक है ।

**rabi (winter) crop** **रबी (शीतकालीन) फसल**

सिंचित या संरक्षित मृदा नमी में शरद ऋतु (अक्तूबर-नवंबर से मार्च-अप्रैल तक) के दौरान उगाई जाने वाली फसलें; यथा - गेहूँ, जौ, जई, चना, कुसुम आदि ।

**radiation** **विकिरण**

आकाश के माध्यम से विद्युत चुम्बकीय विकिरण अथवा कृत्रिम माध्यम से विकिरण का प्रसार जिसमें ऐल्फा कण, बीटाकण, गामाकण, न्यूट्रॉन तथा इलेक्ट्रॉन जैसे कणिकामय विकिरण सम्मिलित हैं ।

**rainfed area** **वर्षा आधारित क्षेत्र**

वर्षा आधारित कृषि क्षेत्र ।

**rainfed farming** **वर्षा आधारित कृषि**

आर्द्र तथा अल्पार्द्र जलवायु में फसल मौसम के दौरान मात्र वर्षा जल (सामान्यत: >800 मिमी) से ही फसलें पैदा करना । इन फसलों के जीवन-चक्र के दौरान सामान्यत: नमी का अभाव नहीं होता ।

**rainy day** **वृष्टिमय दिवस**

24 घंटे के दौरान 2.5 मिमी. या इससे अधिक रिकार्ड की गई वर्षा ।

**raster** **रास्टर**

एक नियमित कोष्ठिकाओं का ग्रिड जो क्षेत्र विशेष को प्रदर्शित करता है ।

**raster map** **रास्टर मानचित्र**

वह मानचित्र जिसको कोष्ठिकाओं के नियमित आव्यूह के रूप में कोडित किया जाता है ।

**raster-to-vector** **रास्टर से वेक्टर तक**

कोष्ठिकाओं से निर्मित किसी चित्र से ऐसे चित्र में बदलने का प्रक्रम जिसका निरूपण रेखाओं और पालिगॉनों द्वारा किया जाता है ।

**red mud** **लोहित पंक**

एक सूक्ष्ममृत्तिका-निक्षेप जिसका लाल भूरा रंग लौह ऑक्साइड के कारण होता है । इसमें 25 प्रतिशत तक $CaCO_3$ भी हो सकता है ।

**red soil** **लाल मृदा**

इसमें सेस्क्वीऑक्साइड अधिक मात्रा में होते हैं । यह प्राय: मोटे गठन वाली रंध्रीय, अम्लों से उदासीन और मुक्त कार्बोनेट विहीन होती है । इसमें N, P और Ca की कमी होती है । सामान्यत: यह पोटाश में समृद्ध होती है ।

**regolith** **आवरण प्रस्तर**

अपक्षयित शैल के विघटित (अपघटित) तथा भूपृष्ठ के किसी ठोस शैल पर पड़ा हुआ पदार्थ जिससे मृदा की रचना होती है ।

**regosol** **रेगोसॉल**

वह असुस्तरी मृदा जिसकी संरचना के विकास का कोई प्रमाण नहीं मिलता । इसकी संरचना गहरी, मृदु, असंपिंडित सामग्री यथा – बालू, लोएस या हिमानी अपवाह से होती है ।

**regur (soil)** **रेगड़ (मृदा)**

गहरी धूसर या काली मिट्टी जिसमें कैल्सियम कार्बोनेट पर्याप्त मात्रा (0 से 30 प्रतिशत) में पाया जाता है और जो गीली होने पर चिपचिपी और सूखने पर चटक जाती है तथा इसका पी एच (pH) 6.5 से 9.0 तक होता है । इसे ग्रूमूसॉल (कपास की काली मिट्टी) भी कहते हैं ।

**relative humidity** **आपेक्षिक आर्द्रता**

वायु में पाए जाने वाली नमी की मात्रा का प्रतिशत । यह जलवाष्प की अधिकतम मात्रा (जिसे समान ताप पर समान वायु आयतन द्वारा धारण किया जा सकता है) के प्रति किसी ताप पर किसी वायु आयतन में जलवाष्प के द्रव्यमानका अनुपात होता है ।

**remote sensing** **सुदूर सुग्राही**

वह प्रक्रिया जिसके आधार पर किसी लक्ष्य वस्तु से संपर्क किए बिना वायव फोटोग्राफों या उपग्रह द्वारा प्रेषित चित्रों की सहायता से सूचना एकत्र की जाती है ।

**rendzina** **रेंडजाइना**

गहरे रंग की आंतर क्षेत्रीय मृदाओं का एक वर्ग जिसकी संरचना अर्धशुष्क से लेकर अल्पार्द्र जलवायु में घासमय वनस्पति या मिश्रित घास के नीचे मुलायम तथा कैल्सियम जनक सामग्री से होती है ।

**replicate (replication)** **पुनरावृत्ति**

जाँच या प्रयोग में किसी संप्रयोग की बहु–पुनरावृत्ति ।

**resampling** **पुनः प्रतिचयन**

रास्टर चित्र को एक विशेष स्केल और प्रक्षेप में रूपांतरित करने की तकनीक ।

**residual acidity** **अवशिष्ट अम्लता**

मृदा अम्लता जिसे चूने अथवा अन्य क्षारीय पदार्थों से उदासीन बनाया जा सकता है लेकिन उसे उभय प्रतिरोध रहित लवण विलयन से प्रतिस्थापित नहीं किया जा सकता ।

**residual material** **अवशिष्ट पदार्थ**

असंपिंडित तथा आंशिक रूप से अपक्षयित खनिज पदार्थ जो संपिंडित शैल के विघटित होने पर स्थान विशेष पर संन्चित हो जाते हैं ।

**resistance** **प्रतिरोध**

पादप जाति अथवा अन्य जीवों की आविषालु पदार्थ या अन्य कारक को सहन करने की क्षमता ।

**rhizobia** **राइजोबिया**

उच्चतर पौधों में प्रायः शिंबफली (दलहनी पौधों) की जड़ों की ग्रंथियों में सहजीविता के रूप में रहने वाले जीवाणु जो जड़ों से ऊर्जा ग्रहण करके वातावरणीय नाइट्रोजन को संयुक्त जैव रूपों में बदलने की क्षमता रखते हैं । इसीलिए इसे सहधर्मी नाइट्रोजन योजक जीवाणु (S, N+bacteria) भी कहा जाता है ।

**rhizosphere** **मूलपरिवेशी**

पौधों की जड़ों में अति निकटवर्ती मृदा का वह भाग जिसमें सूक्ष्म जैविक समष्टि का प्रचुरण और संघटन जड़ों की उपस्थिति से प्रभावित होता है ।

**R-horizon** **आर-संस्तर**

संपिंडित आधार शैल (उदा० – ग्रेनाइट या बेसाल्ट) आर-संस्तर । यह सी-संस्तर के नीचे होता है ।

**rill erosion** **रिल अपरदन**

1. पानी के बहाव से निर्मित असंख्य नालियों द्वारा भू-अपरदन ।
2. वह प्रक्रिया जिससे मृदा सतह पर जल प्रवाह से छोटी-छोटी नालियाँ बन जाती हैं जो जुताई करने से नष्ट हो जाती हैं ।

**riprap** **रिपरैप**

बाँध के मुख अथवा धारा तट के साथ भू-सतह पर अपरदन नियंत्रण हेतु रखे गए पत्थर तथा गोलाश्म ।

**rock** **शैल, चट्टान**

वह पदार्थ जो पृथ्वी की ठोस पपड़ी के अनिवार्य भाग का निर्माण करता है । इसमें बालू, कंकड़ और ग्रेनाइट तथा चूने पत्थर के ठोस समूहों का समावेश होता है ।

**rock out crop** **शैल दृश्यांश**

नग्न आधार शैल (सामान्यत: कठोर) का उद्भासन ।

**rock phosphate** **शैल फॉस्फेट**

वह शैल जिसमें ट्राइकैल्सियम फॉस्फेट जैसा फॉस्फोरस पाया जाता है । यह सिंगल-सुपर फॉस्फेट बनाने का घटक है । इसका प्रयोग फॉस्फोरस की पूर्ति के लिए सीधे ही उर्वरक के रूप में किया जाता है ।

**run-off** **वाह**

वर्षण का वह भाग जिसे मिट्टी सोख नहीं पातीं और जो मिट्टी की सतह से बह जाता है ।

**rural land use** **ग्रामीण भूमि उपयोग**

भूमि का कृषि (वर्षा–आधारित तथा सिंचित), पशुधन उत्पादन, वन विद्या, कृषि वन विद्या, जल कृषि, वन्य प्राणली संरक्षण, मनोरंजन तथा पर्यटन के लिए उपयोग ।

**salic horizon** **सैलिक होराइजन, सैलिक संस्तर**

जिप्सम की अपेक्षा ढंढे पानी में अधिक घुलनशील द्वितीय लवणों से समृद्ध खनिज मृदा संस्तर जिसकी मोटाई 15 सेंमी. या अधिक होती है ।

**saline alkali soil** **लवण क्षारीय मृदा**

वह मृदा जिसमें विलेय लवण तथा विनिमेय सोडियम इतनी पर्याप्त मात्रा में पाए जाते हैं कि वे अधिकतर फसलों की बढ़वार में बाधक होते हैं । संतृप्ति निष्कर्षण की वैद्युत चालकता और सोडियम विनिमेयता क्रमश: $25^0$ सें. पर 4 ds/m तथा 15 प्रतिशत से अधिक होती है । संतृप्त मृदा लेप में पी एच. (pH) आमतौर पर 8.5 या इससे कम होता है ।

**saline sodic soil** **लवण सोडीय मृदा**

मृदा जिसमें विनिमेय सोडियम (ESP >15) इतनी अधिक मात्रा में होता है कि उससे अधिकांश फसलों की बढ़वार में बाधा पड़ सकती है । इसमें लवणों की पर्याप्त मात्रा (EC >4 ds/m) होती है ।

**saline soil** **लवण मृदा (लौनी मिट्टी)**

1. वह मृदा जिसमें उदासीन विलेय लवणों की मात्रा इतनी अधिक होती है कि इससे मृदा और फसल उत्पादकता कम हो जाती है । उसका pH मान $25^0$ सें. पर 8.5 ECE 4 ds/m और ई एस पी 15 प्रतिशत से कम होता है ।
2. मृदा जिसमें विलेय लवण की मात्रा अत्यधिक (ECE >4 ds/m) होती है जो पादपों की बढ़वार पर प्रतिकूल प्रभाव डालती है और उत्पादकता को कम करती है ।

**salinisation** **लवणीभवन**

मिट्टी में लवणों के संचित होने का प्रक्रय ।

**salt** **लवण**

किसी अम्ल के साथ क्षारक की अभिक्रिया के फलस्वरूप उत्पन्न यौगिक ।

**saltation** **वल्गन**

जल या वायु में मृदा कणों का संचलन जहाँ सरिता-पाट भू-पृष्ठ या वायु के साथ-साथ कण उछलते-कूदते तथा टक्कर मारते हैं ।

**salt replaceable acidity** **लवण प्रतिस्थापनीय अम्लता**

पोटैशियम क्लोराइड तथा सोडियम क्लोराइड जैसे उभय प्रतिरोध रहित विलयन द्वारा मृदा से अम्ल का प्रतिस्थापन ।

**sand** **1.बालू, रेत, सिकता, 2. रेणु**

1. 0.05 और 2.00 मिमी. व्यास के बीच के मृदा कणों का मृदा गठन वर्ग ।
2. अपरदी (detrital) अवसाद का असंपिंडित संचय जो सामन्यतः क्वार्ट्ज के कणों से निर्मित होता है ।
3. अवसादी शैलिकी (sedmientary petrology) में 1/16 मिमी. से लेकर 2 मिमी. तक व्यास के साइज वाले अपरदी पदार्थ ।
4. शैल या खनिज के लघु खंड जिनका व्यास 0.05 से 2.0 मिमी. तक होता है ।

**sand stone** **बालुकाश्म, बलुआ पत्थर**

रेणु साइज के कणों के परस्पर संयोजन से निर्मित एक अपरदी अवसादी शैल जो मुख्यतः क्वार्ट्ज खनिज से संघटित होता है ।

**sandy clay** **बुलई मृत्तिका**

वह मृदा जिसमें 35 प्रतिशत या अधिक मृत्तिका और 45 प्रतिशत या अधिक बालू होती है ।

**sandy-clay-loam** **बलुई मृत्तिका दुमट**

वह मृदा जिसमें 20 से 35 प्रतिशत मृत्तिका, 28 प्रतिशत से कम गाद और 45 प्रतिशत से अधिक बालू होती है ।

**sandy loam** **बलुई दुमट**

वह मृदा जिसमें 50 प्रतिशत से अधिक बालू और 20 प्रतिशत से कम मृत्तिका होती है ।

**sandy soil** **बलुई मृदा**

वह मृदा जिसमें 70 प्रतिशत से अधिक बालू तथा 15 प्रतिशत से कम मृत्तिका होती है ।

**sapric materials** **सैप्रिक पदार्थ**

सर्वाधिक अपघटित होने वाले कार्बनिक पदार्थ जिनके स्रोत को पहचाना न जा सके ।

**saprolite** **सेप्रोलाइट**

अपक्षयित शैल सामग्री जो मृदा निर्माण के लिए जनक सामग्री का काम कर सकती है ।

**satellite imagery** **उपग्रह चित्र**

वे सुदूर सुग्राही चित्र जो पृथ्वी की परिक्रमा करने वाले उपग्रहों द्वारा लिए जाते हैं । इनमें लैंडसेट तथा स्पॉट भी शामिल हैं । चित्र विशिष्ट तरंग बैंडों (दृश्य, अवरक्त आदि) में होते हैं जिन्हें निर्वचन के प्रयोजन से सम्मिश्रित किया जा सकता है । प्रतिबिम्ब फोटोग्राफों जैसे दिखाई देते हैं लेकिन फोटोग्राफिक विधियों से नहीं लिए जाते । अत: उन्हें 'प्रतिबिम्ब' या 'प्रतिबिम्बों' के नाम से पुकारा जा सकता है या उनका विश्लेषण अंकीय रूप में किया जा सकता है । उन्हें भौगोलिक सूचना प्रणाली में सीधे शामिल किया जा सकता है ।

**saturated soil** **संतृप्त मृदा**

वह मृदा जिसमें अंतराल और रिक्त स्थान पानी से लबालब भरे होते हैं ।

**saturation extract** **संतृप्ति सार, संतृप्ति निष्कर्षण**

1. संतृप्त मृदा पेस्ट से निष्कर्षित घोल ।
2. मृदा लेप (पेस्ट) का दाब अथवा निर्वात निस्यंदन से प्राप्त विलय ।

**saturation percentage** **संतृप्ति प्रतिशतता**

संतृप्त मृदा पेस्ट में विद्यमान जल जो शुष्क भार प्रतिशत में व्यक्त किया जाता है ।

**scale** **पैमाना (स्केल)**

मानचित्र पर किसी वस्तु के आकार और वास्तविक स्थिति में उसके आकार के बीच संबंध का पैमाना ।

**scanner** **क्रमवीक्षक**

मानचित्रों, फोटोग्राफों या वास्तविक स्थिति से प्रतिबम्बों को अंकीयरूप में स्वत: परिवर्तित करने की युक्ति ।

**secondary mineral** **द्वितीयक खनिज**

वे खनिज जिनकी संरचना प्राथमिक खनिजों के रूपांतरण से होती है या जिनका मोचन – अपक्षयण इलाइट, वर्मिक्युलाइट क्लोराइट, कैओलीनाइट मृत्तिका खनिजों तथा आक्साइडों से होता है ।

**sedimentary rocks** **अवसादी शैल, परतदार चट्टानें**

1. वे शैल जिनकी संरचना जल, वायु या बर्फ (उदाहरणार्थ बालुकाश्म शैल, संगुटिकाओं) द्वारा संचित पदार्थ (अवसाद) से होती है ।
2. अवसाद के संचयन से निर्मित शैल जो विभिन्न प्रमापों के शैल-खण्ड, प्राणियों तथा पौधों के उत्पाद या अवशेष, रासायनिक क्रिया या वाष्पन के उत्पाद अथवा इन पदार्थों के मिश्रणों से युक्त होता है ।

**seed bed** **वपनीय खेत, वपनीय क्यारी**

बपन तथा रोपण के बीजों के अंकुरण तथा पौधा वृद्धि के लिए तैयार की गई क्यारी ।

**self-mulching soil** **स्वतः मल्चकारी मृदा**

मृदा जिसका पृष्ठीय स्तर इतना घनीभूत हो जाता है कि वर्षा में उस पर पपड़ी नहीं जमती, बल्कि सूखने पर पृष्ठीय पलवार का काम करता है ।

**semi-arid** **अर्धशुष्क**

वह भूमि या जलवायु जहाँ 50 से 300 मिमी. तक वर्षा होती है । वाष्पोत्सर्जन (पेट) वर्षण से अधिक होता है और आर्द्रता की कमी तथा अधिकतम वाष्पीकरण (पी ई) सूचक क्रमशः 33.3 से 66.6 और 16 से 31 तक होता है ।

**semi-arid zone** **अर्धशुष्क क्षेत्र**

वे क्षेत्र जिनका निरूपण थार्नवेट आर्द्रता सूचकों द्वारा किया जाता है तथा इनका परास 20 से 40 तक होता है । इन सूचकों को 100S–60 D/N द्वारा परिभाषित किया जाता है । जहाँ s = औसत वार्षिक अतिरिक्त जल, D = जल की औसत वार्षिक कमी और N = औसत वार्षिक अपेक्षित जल है ।

**sepiolite** **सीपियोलाइट**

रेशेदार मृत्तिका खनिज जिसकी संरचना $3SiO_2 2MgO 2H_2O$ दो सिलिकाओं की चतुष्फलकीय परतों तथा एक मैग्नेसियम अष्टफलकीय परत से होती है जो 2:1 परत बनाती है । यह बहुत हल्की होती है तथा इसका शीघ्र अपक्षयण होता है ।

**sequioxide** **सेस्कवीऑक्साइड**

लौह तथा ऐल्युमिनियम के संयुक्त अक्रिस्टलीय ऑक्साइड ।

**series** **श्रेणी**

मृदा वर्गीकरण का एक उप विभाजन । मृदा की एक इकाई जो समान विशेषताओं से युक्त परिक्षेदिका वाली होती है ।

**sheet erosion** **परत अपरदन**

वर्षा तथा प्रवाहित जल द्वारा भू-पृष्ठ से मिट्टी या पदार्थ के समान स्तर को हटाए जाने की क्रिया ।

**sierozem** **सिरोजेम**

क्षेत्रीय मृदाओं का वृहत् संवर्ग जिसमें कैल्सियम युक्त पदार्थों वाली हल्की पीली रंग की ए-संस्तर की मृदाएँ शमिल होती हैं जो छोटी घास, झाड़ी तथा प्रकीर्ण झाड़- झंकाड़ वाली वनस्पति के नीचे शुष्क और शीतल जलवायु में उथली गहराई पर पाई जाती हैं ।

**silica/alumina ratio** **सिलिका ऐल्यूमिनो अनुपात**

मृदाओं अथवा मृत्तिका खनिजों में प्रति सिलिकोन डाइऑक्साइड के अणुओं का एल्यूमीनियम ऑक्साइड के अणुओं से अनुपात ।

**silica/sesquioxide ratio** **सिलिका सैस्क्वीऑक्साइड अनुपात**

मृदाओं अथवा मृत्तिका खनिजों में प्रति सिलिकॉन डाइऑक्साइड के अणुओं, एल्यूमीनियम ऑक्साइड के अणु और फेरिक ऑक्साइड के योग का अनुपात ।

**silicate** **सिलीकेट**

सिलिका युक्त शैल रचक खनिज ।

**silt** **गाद सिल्ट**

समतुल्य डाइमीटर में 0.05 और 0.002 मिमी. के बीच पृथक कणों वाली मृदा ।

**silting** **गाद जमना, सिल्टिंग**

प्राय: जलप्रवाह में कमी के फलस्वरूप धाराओं, झीलों, जलाशयों अथवा जल की अधिकता वाले मैदानों में जलाश्रित तलछटों का निक्षेप ।

**silt loam sequence (SD)** **गाद दुमट**

30 प्रतिशत या अधिक गाद और 12 से 27 प्रतिशत तक मृत्तिका या 50 से 80 प्रतिशत सिल्ट (गाद) तथा 12 प्रतिशत से कम मृत्तिका युक्त मृदा ।

**silty clay** **गाद मृत्तिका**

वह चिकनी मिट्टी जिसमें 50–70 प्रतिशत तक सिल्ट होता है ।

**simulation** **अनुकार**

वह क्रिया जिसमें गणितीय मॉडलों के रूप में प्रदर्शित किए गए विभिन्न प्रक्रमों के संभावित परिणाम का अध्ययन करने के लिए भौगोलिक सूचना प्रणाली (जी आई एस) में दृश्यभूमि के अंकीय मॉडल का प्रयोग किया जाता है ।

**single grain soil** **एकलकणी मृदा**

संरचनाहीन मृदा जिसके प्रत्येक कण का स्वतंत्र अस्तित्व होता है यथा – बालू का टिब्बा ।

**slickensides** **श्लक्ष्ण पार्श्व**

प्रमार्जित पैड फलक जिनकी संरचना उत्फुल्लन संकुचन परिघटना के कारण एक पैड के दूसरे पर विसर्पण के परिणामस्वरूप मृत्तिका बहुल मृदाओं से होती है ।

**slick spots** **चिकना स्थल**

किसी खेत के छोटे क्षेत्रफल जो किसी क्षार के अथवा विनिमय योग्य सोडियम के उच्च अंश के कारण भीगने पर चिकने हो जाते हैं ।

**slope** **ढलान, ढाल, प्रवणता**

क्षितिज से सतह के बीच का उन्नतांश विचलन जो संख्या अनुपात, प्रतिशत या अंश के माध्यम से नापा जाता है ।

**smectite** **स्मेक्टाइट**

सिलीकेटों का 2:1 परत वाला एक समूह जिसमें 2 सिलिका की परत तथा 1 ऐल्युमिनियम की परत समूह होता है । इसमें उच्च धनायन क्षमता होती है तथा परिवर्ती अंत: स्तर अंतराल होता है । इसे पहले मॉन्टमॉरिलोनाइट समूह कहा जाता था । इस में द्वि–तथा त्रि–अष्टफलकीय अंश शामिल होते हैं ।

**social forestry** **सामाजिक वानिकी**

विभिन्न कृषि जलवायु तथा मृदा अवस्थाओं के अंतर्गत वन -विकास एवं संरक्षण का एक कार्यक्रम जिसका क्रियान्वयन निम्नलिखित के माध्यमों से किया जाता है ।

1. अर्थभूमि तथा पंचायती भूमि में मिश्रित रोपण तथा
2. निम्नीकृत वनों का पुनर्रोपण तथा रक्षक मेखला को उगाना ।

**sodic soil** **सोडीय मृदा**

अधिक मात्रा में विनिमेय सोडियम युक्त मृदा । इससे फसल उत्पादन तथा मृदा संरचना पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है ।

**sodification** **पिंडन, सोडीकरण**

वह प्रक्रम जिससे मृदा में विनिमेय सोडियम की मात्रा का संचयन होता है ।

**sodium adsorption ratio (SAR)** **सोडियम अधिशोषण अनुपात (एस ए आर)**

मृदा निष्कर्षण और सिंचाई जल काअनुपात जिसका प्रयोग मृदा के साथ विनिमय अभिक्रियाओं में सोडियम आयनों की सापेक्ष क्रिया को प्रदर्शित करने के लिए किया जाता है ।

$$SAR \quad \frac{Na^+}{\sqrt{\frac{Ca^{++} + Mg^{++}}{2}}}$$



10—23/CSTT/ND/97

**soil** **मिट्टी, मृदा, भूमि**

1. पृष्ठीय पदार्थ जो जैव तथा अजैव प्रक्रमों के फलस्वरूप भू-पृष्ठ पर निर्मित होता है और जिसमें वनस्पतियाँ उग सकती है ।

2. भू-पृष्ठ पर असंपिंडित खनिज तथा जैव पदार्थ जिस पर पादप उगते हैं । इसकी संरचना विभिन्न मृदा रचक कारकों तथा प्रक्रमों के परिणामस्वरूप होती है तथा त्रिविमीय और त्रिप्रावस्थाओं ठोस, द्रव और गैस से होती है । यह खनिज अनेक भौतिक, रासायनिक, जैव एवं आकृतिक गुणधर्मों की दृष्टि से जनक सामग्री से भिन्न होता है ।

**soil adhesion** **मृदा आसंजन**

जुताई के औजारों या पहियों से मिट्टी का चिपकना ।

**soil aeration** **मृदा वातन**

1. वह प्रक्रम जिसके द्वारा मृदा की वायु को वायुमंडल की वायु से परिवर्तित किया जाता है । सुवातित मृदा में मृदा-वायु का संघटन मृदा के ऊपर वायुमंडल के समान होता है । जो मृदा अच्छी तरह वातित नहीं होती उसमें प्रायः कार्बनडाइक्साइड अधिक होती है । तदनुसार वायुमंडल की अपेक्षा मृदा में ऑक्सीजन कम हो जाती है ।

2. वायुमण्डलीय हवा के साथ मृदागत वायु का विनिमय ।

**soil aggregate** **मृदा समुच्चय**

1. एक समूह अथवा गुच्छ में बँधे हुए अनेक मृदा कण । जैसे ढेला, मृदुकण, खंड अथवा प्रिज्म ।

2. प्राकृतिक रूप से पाए जाने वाला मृदा-कणों का वह समूह (गुच्छ) जिसमें कणों को एक साथ धारण करने का बल, संलग्न समुच्चयों के बीच पाए जाने वाले बलों से अधिक होता है ।

**soil air** **मृदा वायु**

मृदारंध्रों में व्याप्त वायु ।

**soil alkalinity** **मृदा क्षारता**

मृदा में क्षारता की मात्रा या तीव्रता जिसका pH मान 7.0 से अधिक होता है ।

**soil amendment** **मृदा सुधारक पदार्थ**

ऐसा पदार्थ जिनका उपयोग मृदा को अधिक उपजाऊ बनाने या पौधों की उपज बढाने के लिए किया जाता है जैसे - चूना, जिप्सम, बुरादा या सिंथेटिक कण्डीशनर आदि ।

**soil association** **मृदा सहचरण**

मानचित्रण यूनिट जिसका उपयोग उन सामान्यीकृत मृदा मानचित्रों में किया जाता है जिनमें एक साथ दो या अधिक सुनिश्चित वर्गीकीय एककों को, पैमाने की सीमा के कारण, पृथक् नहीं किया जा सकता है ।

**soil augor** **मृदा ऑगर**

वह औजार जिसका इस्तेमाल मिट्टी में वेधन करने और प्रयोगशाला के विश्लेषण हेतु मिट्टी का थोड़ा-सा नमूना लेने के लिए किया जाता है ।

**soil capping** **मृदा छद**

अनावृत मृदा पर भारी वर्षा के परिणामस्वरूप या बाढ़ की स्थिति में भूपृष्ठ पर मृदा कणों का विघटन, पुनः अभिविन्यास तथा मृदा का पपड़ी बनना ।

**soil characteristics** **मृदा लक्षण**

मृदा के वे गुण-धर्म जिनका निरूपण या माप क्षेत्रीय या प्रयोगशाला प्रेक्षणों द्वारा किया जा सकता है । यथा वर्ण, तापमान, जल की मात्रा, pH (पी एच) तथा विनिमेय धनायन ।

**soil class** **मृदा वर्ग**

मृदाओं का एक समूह जिसका किसी विशेष गुण में निश्चित परास होता है । ये गुण अम्लता, ढलान की कोटि, गठन, संरचना, भूमि-उपयोग क्षमता, अपरदन की कोटि अथवा जल निकास के लिए हो सकते हैं ।

**soil classification** **मृदा वर्गीकरण**

गुणधर्मों के आधार पर मृदाओं का पद्धति पूर्ण संवर्गीकरण ।

**soil colloid** **मृदा कोलॉइड**

जैविक और अजैविक पदार्थ जिसके कणों का आकार बहुत छोटा होता है और प्रति इकाई द्रव्यमान का पृष्ठ क्षेत्र बड़ा होता है ।

**soil complex** **मृदा संमिश्र (कम्पलैक्स)**

वह मानचित्रण इकाई जिसका प्रयोग व्यापक मृदा सर्वेक्षण में वहाँ किया जाता है जहाँ दृश्यभूमि पर ऐसे पेचीदे ढंग से दो या अधिक सुनिश्चित वर्गकीय एकक आ जाते हैं जिनका पृथक्करण करना कठिन, वांछनीय या अव्यवहार्य हो जाता है ।

**soil conditioner** **मृदा अनुकूलक**

1. मृदा की भौतिक स्थिति के सुधार के उद्देश्य से मृदा में मिलाए जाने वाला पदार्थ ।
2. ऐसा पदार्थ जो मृदा में उसकी भौतिक स्थिति सुधारने के लिए मिलाया जाता है ।
3. मृदा की भौतिक अवस्था को बनाए रखने के लिए मिलाए जाने वाले पदार्थ । यथा -जिप्सम, पालिवीनिलाइट, पॉलिएक्रिलेट, सेलुलोस गोंद, लिग्निन अवकलज और सिलीकेट ।

**soil conservation** **मृदा संरक्षण**

वह कार्यकलाप जिसके द्वारा प्राकृतिक और कृत्रिम तरीके से मृदा को अपरदन से बचाया जा सके ।

**soil correlation** **मृदा सहसंबंध**

विशिष्ट मृदा सर्वेक्षण के क्षेत्र में मृदा प्रकारों को परिभाषित, नामांकित तथा वर्गीकृत करना और उसका ऐसा मानचित्र तैयार करना जिसके द्वारा ऊपर लिखी विशेषताओं की समरूपता निश्चित की जा सके ।

**soil degradation** **मृदा निम्नीकरण**

ऐसा प्रक्रम जिसमें किसी एक प्रकार की मृदा का परिवर्तन अधिक निक्षालित मृदा में होता है । इससे मृदा के गुण तथा उत्पादकता में कमी आती है ।

**soil drainage** **मृदा अपवाह, मृदा जल निकास**

मृदा जल संतृप्ति से मुक्त मृदा की स्थिति ।

**soil erosion** **मृदा अपरदन, मिट्टी का कटाव**

1. मृदा क्षेत्र में वनस्पति के अभाव के कारण कृत्रिम अथवा प्राकृतिक कारकों द्वारा मिट्टी का खंडित होना या टूट-टूट कर गिरना अथवा पानी में बह जाना ।

2. वह प्रक्रिया है जिसमें वायु, जल या भू-स्खलन द्वारा मृदा इतनी जल्दी हट जाती है जितनी कि मृदा सृजन प्रक्रमों से उसकी उत्पत्ति नहीं होती । यथा-वनों की कटाई तथा ढालू भूमि की जुताई । जहाँ मृदा संरक्षण उपायों पर ध्यान नहीं दिया जाता ।

**soil fabric** **मृदा क्रिस्टल विन्यास**

मृदा संघटकों का विन्यास, आमाप, आकार तथा आवृत्ति । इन संघटकों में रंध्र सम्मलित नहीं होते ।

**soil family** **मृदा परिवार**

मृदाश्रेणी और उपसमूह के बीच मृदावर्गीकरण में एक संवर्ग। यह मृदावर्ग पादप वृद्धि को निर्धारित करने तथा भूमि उपयोग के संबंध में सिफारिशें करने के लिए अत्यंत उपयोगी है ।

**soil fertility** **मृदा उर्वरता**

मृदा की वह सहज क्षमता जिससे वह पादपों को उपयुक्त अनुपात में पोषकों की आपूर्त्ति करती है ।

**soil fertility gradient** **मृदा उर्वरता श्रेणी**

1. भूखण्ड मृदा की किसी दिशा में प्राकृतिक उर्वरता में भिन्नता ।
2. भूखंड विशेष में प्राकृतिक उर्वरता का किसी भी दिशामें होने वाली भिन्नता ।

**soil forming factors** **मृदा रचन कारक**

प्रकृति के सक्रिय (जलवायु और वनस्पति) तथा निष्क्रिय (जनक सामग्री, उच्चवच तथा आयु) कारक जो प्राकृतिक मृदा की संरचना करते हैं ।

**soil genesis** **मृदा उत्पत्ति**

वह विधा जिसके अनुसार विभिन्न मृदा रचक कारकों तथा प्रक्रमों द्वारा जनक सामग्री से सोलम संमृदा की उत्पत्ति होती है ।

**soil geography** **मृदा भूगोल**

मृदा के क्षेत्रीय वितरण से संबंधित प्राकृतिक भूगोल पर आधारित शाखा ।

**soil horizon** **मृदा संस्तर**

1. भूमि की सतह के लगभग समांतर, मृदा की एक परत जिसमें मृदा-निर्माणकारी प्रक्रमों के प्रचालन से उत्पन्न अभिलक्षण दिखाइ पड़ते हैं ।

2. मृदा या मृदा सामग्री की वह परत जो मौलिक भू-पृष्ठ के समानांतर होती है और भौतिक, रासायनिक तथा आकृतिक गुण-धर्मों (यथा - वर्ण, गठन, संरचना, गढ़ापन पीएच. और मूलों) की दृष्टि से निकटवर्ती परतों से भिन्न होती है ।

**soil individual** **मृदा व्यष्टि**

मृदा व्यष्टि का सबसे छोटा प्राकृतिक पिंड जो अपने आप में पूर्ण है । अर्थात् यह मृदा की लघुतम इकाई होती है जिसे पूर्ण मृदा कहा जा सकता है ।

**soil interpretation** **मृदा निर्वचन**

मृदा उत्पादकता, संभाव्यताओं या परिसीमाओं के गुणात्मक अथवा मात्रात्मक आकलन या संनिर्धारणों के संबंध में मृदा व्यवहार की प्रयुक्ति जो मृदा के लक्षणों और गुणों (यथा यातायातनीयत, अपरदनीयता, उत्पादकता आदि) पर निर्भर होती है

**soil management** **मृदा प्रबंधन**

फसल उत्पादन के लिए मृदा के सभी कृषि कार्यकलाप । यथा - जुताई, संरक्षण, उर्वरक, फसल पद्धतियां, रासायनिक उपचार आदि ।

**soil map** **मृदा मानचित्र**

वह मानचित्र जिसमें किसी क्षेत्र के मुख्य भौगोलिक लक्षणों के संदर्भ में मृदाओं की विभिन्न किस्मों का वितरण प्रदर्शित किया जाता है ।

**soil mapping unit** **मृदा मानचित्रण इकाई**

मृदाओं के उस स्थानिक वितरण का निरूपण करने की ईकाई जिसका मानचित्रण किया जा सकता है । मृदा मानचित्रण इकाई सरल अथवा जटिल हो सकती है; जिसकी पहचान का एकमात्र प्रतीक, रंग या नाम है । मृदाओं के मानचित्रों में सामान्यत: एक से अधिक मानचित्र इकाइयाँ होती हैं ।

**soil mechanics and engineering** **मृदा यांत्रिकी तथा अभियांत्रिकी**

मृदा पर बलों के प्रभाव से संबंधित विज्ञान और के यांत्रिकी सिद्धांतों का मृदा समस्याओं केलिए अनुप्रयोग ।

**soil mineral** **मृदा खनिज**

1. मृदा में या मृदा के भाग के रूप में पाया जाने वाला पदार्थ ।
2. एक प्राकृतिक अकार्बनिक यौगिक जिसमें निश्चित भौतिक, रासायनिक तथा क्रिस्टलीय गुणधर्म (समाकृतिक की सीमाओं के अंतर्गत) होते हैं ।

**soil mineralogy** **मृदा खनिजविज्ञान**

मृदा विज्ञान की वह शाखा जिसमें भू-पर्पटी के अपक्षयण या तलछट की गहराई तक पाए जाने वाले समांगी अकार्बनिक पदार्थों का अध्ययन किया जाता है ।

**soil moisture** **मृदा आर्द्रता**

मृदा कणों पर अधिशोषित एवं मृदा सूक्ष्म रंध्रों में विद्यमान जल की मात्रा ।

**soil monolith** **मृदा एकाश्म**

मृदा-प्रोफाइल की वह खड़ी काट जिसे क्षेत्र विशेष से हटा लिया गया हो और प्रदर्शन या अध्ययन के लिए रखा गया हो ।

**soil morphology** **मृदा आकृतिविज्ञान**

1. मृदा विज्ञान की वह शाखा जिसके अंतर्गत परिच्छेदिका के गठन, संरचना, गाढ़ता, रंग और दूसरे भौतिक रासायनिक और जैविक गुणों का अध्ययन किया जाता है ।

2. मृदा प्रोफाइल के भौतिक संघटन का अध्ययन जिसमें प्रोफाइलगत संस्तरों की किस्में, मोटाई तथा विन्यास और प्रत्येक संस्तर का गठन, संरचना, गाढ़ता तथा रंध्रता आदि सम्मिलित हैं ।

**soil pan** **मृदा दृढ़पटल**

मृदा के दाब के कारण बनी संहत अथवा सुसंबद्ध परत ।

**soil permeability** **मृदा पारगम्यता**

मृदा में जल या वायु संचरण से संबंधित गुण ।

**soil phase** **मृदा प्रावस्था**

मृदा श्रृंखला के उपविभाग अथवा गुणों से युक्त वर्गीकरण की वह दूसरी इकाई जो मृदा के प्रयोग और प्रबंध को प्रभावित करती है; परंतु इसको अलग श्रृंखला के रूप में विभेदित करने में (ये विशेषताएँ) पर्याप्त रूप से भिन्न नहीं होती । इस प्रकार की विशेषताओं में ढाल तथा अपरदन की मात्रा तथा कंकड़ पत्थरों के संदर्भों का समावेश होता है ।

**soil productivity** **मृदा उत्पादकता**

मृदा की क्षमता जिसके आधार पर इष्टतम प्रबंधन अवस्थाओं के अंतर्गत फसलों की विशेष पैदावार ली जा सकती है ।

**soil profile** **मृदा परिच्छेदिका (प्रोफाइल)**

मिट्टी की वह खड़ी काट जो सभी संस्तरों के पार चली जाती है और 'सी- संस्तर' तक फैली होती है ।

**soil quality** **मृदा के गुण**

मृदा के सहज गुण यथा निषेच्यता, अपरदनीयता तथा उर्वरता जिनका अनुमान मृदा लक्षणों या अप्रत्यक्ष प्रेक्षणों के आधार पर किया जाता है ।



11—23/CSTT/ND/97

**soil reaction** **मृदा अभिक्रिया**

किसी मृदा की अम्लता या क्षारता की मात्रा जिसे सामान्यतः pH मान के रूप में प्रदर्शित किया जाता है ।

**soil sample** **मृदा नमूना/प्रतिदर्श**

मृदा का वह निरूपक भाग जिसे भौतिक, रासायनिक और जैविक गुण-धर्मों के निर्धारण के लिए क्षेत्र विशेष से एकत्रित करते हैं ।

**soil science** **मृदा विज्ञान**

वह विज्ञान जिसमें भू-पृष्ठ पर प्राकृतिक स्रोत के रूप में मृदाओं का अध्ययन किया जाता है । इसमें मृदा संरचना, वर्गीकरण तथा मानचित्रण, मृदाओं के स्वतः भौतिक, रासायनिक, जैव तथा उर्वरता गुण-धर्म और फसल उत्पादकता के लिए उनके प्रबंधन के परिप्रेक्ष्य में उनके गुण-धर्म सम्मिलित हैं ।

**soil separate** **मृदा वर्गकण**

खनिजीय मृदा कणों बालू, कीचड़ अथवा मिट्टी के व्यक्तिगत आकारीय समूह ।

**soil separates** **मृदाकण**

अन्तर-राष्ट्रीय मृदा विज्ञान सोसाइटी द्वारा स्वीकृत मानक परिक्षेपण उपचार किए जाने के बाद मृदाकण निम्नलिखित होते हैं ।

(क) मोटी (स्थूल) बालू, 2.0 से 0.2 मिमी.;

(ख) बारीक बालू 0.2 से 0.02 मिमी.;

(ग) सिल्ट (गाद) 0.02 से 0.002 ; और

(घ) मृत्तिका 0.002 मिमी. व्यास से कम

**soil series** **मृदा श्रेणी**

मृदा वर्गीकरण का अधारी एकक । इसमें वे मृदाएँ सम्मिलित होती हैं जिनके सभी मुख्य प्रोफाइल लक्षण, भू-संस्तर के गठन को छोड़कर मूलतः एक समान होते हैं ।

**soil structure** **मृदा संरचना**

प्राथमिक मृदा कणों के संयोजन अथवा विन्यास द्वारा द्वितीयक कणों या समुच्चयों के समूहों का निर्माण ।

**soil survey** **मृदा सर्वेक्षण**

क्षेत्र विशेष की मृदाओं का पद्धतिपूर्ण अध्ययन, विवरण, वर्गीकरण तथा मानचित्रण ।

**soil texure** **मृदा गठन**

मृदाओं में विद्यमान विभिन्न कण-परिमाणों के वितरण की अभिव्यक्ति यथा - बालू, गाद, दुमट, मृत्तिका आदि ।

**soil type** **मृदा प्रकार**

मृदा श्रेणी का वह प्रभाग जो मुख्यतः ऊपरी परतों (बालू, गाद, मृत्तिका आदि) के गठन पर निर्भर करता है ।

**soil water** **मृदा जल**

भूमि की सतह के ठीक नीचे वातन-मण्डल में विद्यमान जल । इस प्रकार जल पादप वाष्पोत्सर्जन अथवा मृदा-वाष्पन द्वारा वायुमंडल में पर्याप्त मात्रा में जाकर मिल जाता है ।

**solum** **सोलम**

मृदा प्रोफाइल का ऊपरी तथा अत्यंत अपक्षयित भाग, जिसमें 'ए' और 'बी' संस्तर शामिल होते हैं ।

**sombric horizon** **सोम्ब्रिक होराइजन, सोम्ब्रिक संस्तर**

ऐसा खनिज अधस्तल संस्तर जिसमें समपोढ़ ह्यूमस होता है इसकी धनायन विनिमय क्षमता और क्षारक संतृप्ति का प्रतिशत कम होती है । यह अधिकतर ऊष्णकटिबंधीय और उपोष्णकटिबंधीय प्रदेशों के उच्च पठारों और पर्वतीय क्षेत्रों की नम मृदाओं में पाया जाता है ।

**splash erosion** **आस्फाली अपरदन**

1. वर्षा की बड़ी-बड़ी बूंदों से उत्पन्न छपाके द्वारा होने वाला मृदा अपरदन ।
2. गीली मिट्टी पर वर्षा की बूंदों के आघात से छोटे मृदा कणों का उछलना । परिणामतः श्लथ कण पृष्ठीय अपवाह द्वारा हटाए भी जा सकते हैं और नहीं भी ।

**spodic horizon** **स्पोडिक होराइजन, स्पोडिक संस्तर**

ऐसा खनिज मृदा संस्तर जिसमें रवाहीन ऐल्युमीनियम तथा लौह सहित या लौह रहित जैविक कार्बन का समपोढ़ पदार्थ संचित रहता है ।

**spodosols** **स्पोडोसोल**

समपोहित कार्बनिक पदार्थ और ऐल्युमीनियम तथा प्रायः लौह के यौगिक से युक्त अवसतह मृदा । ऐसी मृदा अम्ल तथा मोटे गठन वाले पदार्थों से युक्त आर्द्र शीत अथवा शीतोष्ण जलवायु वाले क्षेत्रों में पाई जाती है ।

**standard deviation** **मानक विचलन**

सामान्य माध्य के आसपास चर परिक्षेपण का माप । इसका परिकलन माध्य के प्रत्येक प्रेक्षण विचलन के वर्गों के जोड़ में प्रेक्षणों का भाग देकर निम्नलिखित सूत्र के अनुसार उसका वर्गमूल निकाल कर किया जा सकता है:

$$\delta = \sqrt{\frac{d^2}{N}}$$

यहाँ $\delta$, मानक विचलन d, माध्य से प्रत्येक प्रेक्षण का विचलन, N, प्रेक्षणों की संख्या है ।

**steep lands** **अतिप्रवण भूमि**

मुख्यतः खड़े या साधारण ढाल वाले क्षेत्र; जहाँ भूमि उपयोग संबंधी विशेष समस्याएँ होती हैं । यथा - अत्यंत अपरदन की संभावना, भू-स्खलन तथा सड़क निर्माण में कठिनाई ।

**stereo plotter** **स्टीरियो आलेखित्र**

एक युक्ति जिसकी सहायता से त्रिविमी वायव फोटोग्राफों से भू-आकृति की ऊँचाई के बारे में सूचना प्राप्त की जाती है । इनका परिणाम - X, Y और Z निर्देशांको का समुच्चय हैं ।

**storage tube** **संचयन ट्यूब**

वैक्टर आधारित मानचित्रों तथा लेखाचित्रों को प्रदर्शित करने का यंत्र ।

**strip cultivation** **पट्टीदार खेती**

समोच्च रेखा के साथ-साथ पट्टियों से फसल पैदा करने की पद्धति जिसका उद्देश्य अपवाह और अपरदन को कम करना तथा नमी का संरक्षण करना है ।

**stubble** **ठूंठ**

पादपों के तनों का वह आधारी भाग जो फसल काटने के बाद खड़ा रह जाता है ।

**subgroup** **उपसमूह**

वृहत वर्गों को ऐसे उप वर्गों में विभाजित किया जाता है जो उनके गुणधर्मों को व्यक्त करते हैं ।

**sub-humid** **अल्पार्द्र**

ऐसी जलवायु या प्रदेश जहाँ नमी की मात्रा आर्द्र अवस्थाओं से भी कम होती है तथा उसमें बिना सिंचाई के फसलों का उत्पादन किया जा सकता है ।

**submarginal land** **उपसीमांत भूमि**

वह भूमि जिसका कृषि कार्य के लिए उपयोग लाभदायक न हो ।

**suborder** **उपगण**

मृदा आर्द्रता, तापमान के प्रभाव, संस्तर के प्रकार और उनके सर्वाधिक महत्व के आधार पर संघटन की सीमाएँ निर्धारित करने वाली कोटि ।

**subsoil** **अवमृदा**

जुताई की गहराई या संस्तर के नीचे का भाग ।

**subsoiling** **अवमृदायन**

कर्षण का वह प्रक्रम जिसके द्वारा सामान्य से अधिक गहराई तक भूमि की जुताई की जाती है ।

**substratum** **अधःस्तर**

मृदा प्रोफाइल में कोई भी परत जो संमृदा के नीचे होती है ।

**sulfuric horizon** **सल्फ्यूरिक होराइजन, सल्फ्यूरिक संस्तर**

खनिज अथवा जैविक मृदाओं में एक अधस्तल संस्तर जिसका पी एच. 3.5 से कम होता है । इसमें ताजा पुआलवर्णी चितकबरे धब्बे (जेरोसाइट) पाए जाते हैं । यह संस्तर सल्फाइड समृद्ध पदार्थों के ऑक्सीकरण से बनता है और पौधों के लिए अत्यधिक विषालु होता है ।

**suspension** **निलंबन**

वह द्रव या गैस जिसमें अत्यंत बारीक ठोस कण बिखरे होते हैं लेकिन वे घुलते नहीं ।

**sustainability** **टिकाऊपन, प्रतिपालिता (धारवीयता)**

बुनियादी संसाधन पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना अधिक उत्पादन । इसमें प्राकृतिक संसाधन, आधार का प्रबंधन एवं संरक्षण करना भी सम्मिलित है । इसके लिए उचित प्रोद्योगिकी अपनाई जाती है या उसका अभिविन्यास किया जाता है ।

**sustainable land use** **सतत भूमि उपयोग**

मृदा के रक्षण और संरक्षण से सफल उत्पादन ।

**talc** **टॉल्क**

मैग्निशियम सिलीकेट खनिज जिसकी 2:1 प्रकार की परत संरचना होती है, किंतु उसका समाकृतिक प्रतिस्थापन नहीं होता । मृदाओं का यह वंशागत खनिज त्रिअष्टफलकीय आमाप का होता है ।

**taxon** **वर्गक**

मृदा वर्गिकी की यू॰एस॰ प्रणाली में किसी भी संवर्गीय स्तर का मृदा वर्ग ।

**test of significance** **सार्थकता परीक्षण**

प्रतिचयन त्रुटि के कारण होने वाले अंतरों को प्रेक्षण तथा सिद्धांतों के कारण होने वाले अंतरों से विभेदित करने के लिए किया जाने वाला सांख्यिकीय परीक्षण ।

**texture** **गठन**

किसी शैल का सामान्य भौतिक गठन जैसा कि उसे निर्मित करने वाले घटक-कणों की साइज, आकृति, विन्यास आदि से प्रदर्शित होता है ।

**till** **गोलाश्मी मृत्तिका**

वह अस्तरित या अपरिष्कृत रूप से स्तरित हिमनदीय निक्षेप जिसमें परिष्कृत शैल खंडों का दृढ़ मैट्रिक्स तथा विभिन्न आकारों एवं संघटन के उपकोणीय प्रस्तरों वाली प्राचीन मृदा सम्मलित होती है । इनमें से अनेक प्रस्तर दांतेदार होते हैं । इसके प्रावार की मोटाई 1 मी. से कम और 100 मी. से भी अधिक होती है और उसमें वे क्षेत्र सम्मिलित होते हैं जिनमें प्लीस्टोसीन तथा होलोसनी काल की बर्फ चादर या हिमनद होते हैं ।

**till plain** **गोलाश्मी मृत्तिका क्षेत्र**

हिम-गोलाश्म मृत्तिका से ढका स्तर या तरंगित असमतल भू-पृष्ठ ।

**tilth** **जुताई (जोती भूमि)**

मृदा की वह भौतिक अवस्था जो फसल रोपण या उत्पादन के लिए उपयुक्त होती है ।

**topography** **स्थलाकृति**

क. किसी क्षेत्र या प्रदेश के भौतिक लक्षणों के सर्वेक्षण तथा उन्हें नक्शों पर निरूपित करने का विज्ञान ।

ख. किसी क्षेत्र या प्रदेश के भौतिक लक्षण जैसा कि वे सामूहिक रूप से मानचित्र में निरूपित रहते हैं ।

**toposequence** **सांस्थितिक अनुक्रम**

संबद्ध मृदाओं का ऐसा अनुक्रम जो मृदा निर्माण कारक के रूप में स्थलाकृति के संबंध में एक दूसरे से भिन्न होता है ।

**top soil** **उपरिमृदा**

वह पृष्ठ-मृदा जो हल की जुताई तक गहरी (भू-पृष्ठ से 15-20 सेंमी.) होती है ।

**total acidity** **कुल अम्लता**

मृदा की अम्लता जो लवण प्रतिस्थापनीय अम्लता और अवशिष्ट अम्लता का योग होती है ।

**tracer (nuclear)** **अनुरेखक (नाभिकीय)**

समस्थानिक अनुज्ञापक, समस्थानिक (आइसोटोप) होता है जिसका प्रयोग किसी रासायनिक अभिक्रिया या प्रक्रम का अनुगमन या अनुसरण करने के लिए किया जाता है ताकि बाद में उसकी स्थिति एवं सांद्रता का निर्धारण किया जा सके ।

**translocation** **स्थानांतरण**

विलेय या निलम्बन में मृदा सामग्री का एक से दूसरे संस्तर में अभिगमन ।

**transported soil** **वाहित मृदा**

वह मृदा जिसकी संरचना किसी कारक यथा – जल, वायु आदि द्वारा वाहित या निक्षेपित पदार्थ के अपक्षयण के परिणामस्वरूप होती है ।

**truncated soil** **खंडित मृदा**

वह मृदा जिसके प्रोफाइल के ऊपरी भाग का पदार्थ अपरदन के कारण नष्ट हो गया हो ।

**ultisols** **अल्टीसॉल**

वे मृदाएँ जिनमें क्षारकों की मात्रा कम ($<35\%$) होती है और उनके अध:स्थल संस्तर जलोढ़ मृत्तिका के संचयन से निर्मित होते हैं । वे आमतौर पर आर्द्र होते हैं लेकिन वर्ष की गर्म ऋतु के दौरान कुछ समय के लिए शुष्क हो जाते हैं ।

**umbric epipedon** **अम्ब्रिक एपिपेडॉन**

खनिज मृदा की ऊपरी परत जिसका रंग, मोटाई, जैविक कार्बन मात्रा, गाढ़ापन, संरचना और $P_2O_5$ की मात्रा मौलिक एपिपेडॉन के समान होती है किंतु क्षारक संतृप्ति 50 प्रतिशत से कम होती है ।

**unconsolidated** **असंपिंडित**

ऐसे अवसाद जो दृढ़ और कठोर नहीं होते ।

**undifferential soils** **अविभेदित मृदा**

वे मृदाएँ जिनमें दो या अधिक वर्गिकीय यूनिट होते हैं लेकिन नियमित भौगोलिक सहचरण में नहीं होते । उदाहरण के लिए दो या अधिक समान मृदाओं के अतिप्रवण प्रावस्थाओं को मानचित्र पर एक इकाई के रूप में समूहित किया जा सकता है; क्योंकि अनेक गुण धर्मों में स्थलाकृति की प्रधानता होती है ।

**value** **मान**

तीन वर्ण चरों में से एक जो रंग का सापेक्ष हल्कापन या तीव्रता प्रदर्शित करता है ।

**variance** **प्रसरण**

विचरों का उनके माध्यम से औसत वर्ग विचलन ।

**vegetative cover** **वनस्पति आवरण**

मृदा पर पादप आवरण ।

**vermiculate** **वर्मिक्यूलेट**

अभ्रक संरचित 2:1 प्रकार का अत्यधिक आवेशित परतदार द्वि या त्रिअष्टफलकीय सिलीकेट । इसका विशेष लक्षण लघु विनिमय धनायनों की अपेक्षा पोटाशियम तथा सीजियम का अधिक अधिचूषण करना है ।

**vertisols** **वर्टिसॉल**

वे मृण्मय मृदाएं (मृत्तिकामय मृदाएं) जिनमें संकुचन- उत्फुल्लन की संभाव्यता अत्यधिक होती है और शुष्क होने पर उनमें दरारें पड़ जाती हैं ।

**virgin soil** **अक्षत मृदा**

मृदा जिसके प्राकृतिक वातावरण को न तो छेड़ा गया हो और न ही जोता या बोया गया हो ।

**waste land** **परती भूमि, व्यर्थ भूमि**

वह विविध भूमि जो उपयोगी पदार्थ पैदा करने के लिए उपयुक्त या समर्थ न हो ।

**water holding capacity** **जलधारण क्षमता**

संतृप्त अवस्था में नितांत शुष्क मृदा की नियत मात्रा द्वारा धारण किया गया जल का भार ।

**water-logged** **जलाक्रांत**

भूमि की वह अवस्था जिसमें भौमजल स्तर इतना बढ़ जाता है कि पादपों तथा अन्य उपयोगी मृदा वनस्पति जात के लिए हानिकर होता है ।

**water logged soil** **जलाक्रांत मृदाएं**

वे मृदाएँ जिनमें भौमजल स्तर इतना ऊँचा उठ जाता है कि उनसे ऑक्सीजन तथा अन्य गैसें निकल जाती है जिससे पादपों की सामान्य बढ़वार में बाधा पड़ती है ।

**water shed** **जल संभर**

किसी धारा के नियत स्थल का ऊपरी क्षेत्र जिस पर जल प्रवाहित होता है । जल ग्रहण बेसिन और अपवाह द्रोणी इसके पर्याय हैं ।

**water-stable aggregate** **जल स्थायी समुच्चय**

वह मृदा-समुच्चय जो बूंदें गिरने या आर्द्रता छन्नी विश्लेषण में प्रक्षोभन जैसी जल-क्रिया के प्रति स्थिर रहता है ।

**water table(ground)** **भौम जल स्तर**

भौम जल की ऊपरी सतह या वह स्तर जिसके नीचे मिट्टी जल से संतृप्त रहती है अर्थात् मृदा जल की वह गहराई जहाँ जलीयदाब वायुमण्डलीय दाब के बराबर होता है ।

**water table, perched** **दु:स्थित भौम जलस्तर**

मृदा की संतृप्त परत का जल स्तर जो अध:स्थ मृदा परत से पृथक् होता है ।

**weathering** **अपक्षय, अपक्षयण**

1. वायुमण्डलीय कारकों द्वारा भू-पृष्ठ पर उसके निकट शैलों से उत्पन्न समस्त भौतिक तथा रासायनिक परिवर्तन जिसके फलस्वरूप शैलों का लगभग पूर्ण विघटन तथा अपघटन हो जाता है ।

2. भौतिक, रासायनिक तथा जैव कारकों द्वारा शैलों के टूटने या विघटन का प्रक्रम ।

**wet land** **आर्द्र (क्लेदित) भूमि**

आर्द्रभूमि उन क्षेत्रों को कहा जाता है जो बार-बार बाढग्रस्त या जलाक्रांत होते रहते हैं और इसलिए उच्च भौम जल स्तर के अनुकूल उनका एक स्पष्ट पारिस्थितिक तंत्र होता है, उदाहरणार्थ गरान (मैंग्रोव) कच्छ, मैंग्रोव, अनूप आदि । इसे दियारा भूमि भी कहते हैं ।

**wilting point** **म्लानि बिंदु**

मृदा की आर्द्र अवस्था जिसमें पादपों की जड़ों में इतनी कम मात्रा में जल पहुँचता है कि उससे वाष्पोत्सर्जन से हाने वाली आर्द्र-क्षति की पूर्ति नहीं की जा सकती । अवन-शुष्क आधार पर मृदा की वह नमी जिसमें पादप (जब उन्हें अदीप्त, आर्द्र वायुमंडल में रखा जाता है तो) म्लान पड़ जाते हैं और पुन: स्फीति नहीं हो पाती । इसे म्लानि गुणांक या स्थायी म्लानि बिंदु भी कहा जाता है ।

**wind erosion** **वायु अपरदन**

वायु द्वारा मृदा का विलगन, परिवहन तथा निक्षेपण । मृदा का हटाया जाना तथा पुनः निक्षेपण लगभग एक समान परतों या स्थानगत वातगर्तों तथा टिब्बों में हो सकता है ।

**xerophyte** **मरुद्भिद् जीरोफाइट**

अत्यंत शुष्क मृदा में पैदा होने वाले पादप । यथा - कैक्टस, बबूल आदि ।

**zonal soil** **क्षेत्रीय मृदाएं**

मृदा वर्गीकरण की आनुवंशिक प्रणाली के तीन क्रमों में से एक । ये मृदाएँ सुविकसित हैं और जलवायु तथा वनस्पति के मृदा रचक कारकों के साथ इनका संतुलन होता है ।

○ ○ ○ ○ ○

MGIPLP(Fbd.)—23/CSTT/ND/97—1,000

PED-756
1000-1997 (DSK-II)

Price : Rs.77.00

प्रबन्धक, भारत सरकार फोटोलिथो मुद्रणालय, फरीदाबाद द्वारा मुद्रित।